राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 346
लखनऊ, गुरुवार 07 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





किसानों को समय पर मिले खाद व बीज : शाही 03

रक्षाबंधन सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी दिलाने का पर्व : एसपी 12


### -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 98,330/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 90,150/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 73760/10 ग्राम |
| चांदी | = 1,10,000/किग्रा |



# कांवड़ यात्रा सामाजिक एकता का प्रतीक : योगी

**सौगात**

- सीएम योगी ने बरेली में रु. 2,264 करोड़ की 545 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**बरेली, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नाथ नगरी बरेली में रु. 2264 करोड़ की लागत से जुड़ी 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की तुष्टीकरण की राजनीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।

सीएम योगी ने कांवड़ यात्रा की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों की भावनाओं के वितरीत कांवड़ यात्रा को बदमान करने का कुत्सित प्रयास किया गया, लेकिन आज कांवड़ यात्रा की सफलता जागरुक समाज और बेहतरीन कानून-व्यवस्था से उन लोगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। डबल इंजन की भाजपा सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है।

2017 से पहले बरेली हर तीसरे महीने दंगों की आग में जलता था, अब वह नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब किसी योजना में जाति, मजहब या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। यह नया भारत है, जो सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज बरेली में तेजी के साथ विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



### बरेली को 545 परियोजनाओं का मिला तोहफा

योगी ने कहा कि बरेली को रु. 2264 करोड़ की 545 परियोजनाओं का तोहफा मिला है, जिसमें रु. 1258 करोड़ की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण और रु. 1004 करोड़ की 322 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इनमें नाथ गलियारा, बाढ़ सुरक्षा, ब्रिज, बाईपास, सड़क चौड़ीकरण, युनानी मेडिकल कॉलेज, ग्रामीण पेयजल योजना, ऊर्जा विभाग और नगर निगम की योजनाएं शामिल हैं। नाथ गलियारे के अंतर्गत अलखनाथ, त्रिपठीनाथ, गोपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ जैसे मंदिरों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

### रोजगार प्राप्त छह हजार युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सीएम योगी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं के प्रेरित करते हुए कहा कि इस योजना में चयनित युवाओं को रु. 5 लाख तक गारंटी मुक्त और ब्याज मुक्त ऋण, समय पर पुनर्भुगतान पर रु. 7.5 लाख और फिर रु. 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले सरकारी नौकरियों पर 'बंदरबांट' होती थी। लेकिन पिछले 8 वर्षों में 8.5 लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

### पुलिस भर्ती में 12,000 से अधिक बेटियों को मिला मौका

सीएम योगी ने बताया कि हाल ही में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी हुई है, जिसमें 12,000 से अधिक बेटियों को शामिल किया गया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि इन चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए ताकि समाज में प्रेरणा का संचार हो। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में नौकरी केवल परिवार विशेष के लिए होती थी, अब युवाओं को बिना भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं।

# अमेरिका ने भारत पर लगाया और 25 प्रतिशत आयात शुल्क

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



**सख्ती**

- 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर अमेरिका में आयात शुल्क हो जायेगा दोगुना

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल की खरीद जारी रखने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगा दिया है।

श्री ट्रंप ने आपातकालीन प्रावधानों के तहत बुधवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश जारी किया।

व्हाइट हाउस द्वारा इस संबंध में जारी फैक्टशीट में कहा गया है कि यह अतिरिक्त आयात शुल्क 27 अगस्त से प्रभावी होगा। इससे पहले अमेरिका ने 01 अगस्त से भारत से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त शुल्क लगाया था। इस प्रकार 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर अमेरिका में आयात शुल्क दोगुना हो जायेगा।

व्हाइट हाउस ने कहा है कि यह शुल्क विशेष रूप से रूस से भारत के तेल खरीदने के कारण लगाया गया है और प्रशासन अन्य देशों के खिलाफ भी ऐसे मामलों में अतिरिक्त आयात शुल्क लगा सकता है और इसके लिए एक व्यवस्था बनायी जा रही है। इससे पहले, भारत ने रूस से तेल खरीदने पर दंड लगाने की राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी को दोहरा मानदंड बताते हुये कहा था कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन खुद रूस से व्यापार जारी रखे हुये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला सांसद से झपटमारी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के एक पॉश इलाके में महिला सांसद के साथ हुई झपटमारी की वारदात को दक्षिण जिला की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने महज 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। इस मामले में एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान ओखला इंडस्ट्रियल एरिया निवासी सोहन रावत उर्फ सोनू उर्फ बुग्गू (24) के रूप में हुई है। वह दिल्ली के 15 से अधिक थानों में दर्ज कुल 26 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

### कुख्यात नक्सली कमांडर केरकेट्टा ढेर

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले की पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने मंगलवार देर रात पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के कमांडर मार्टिन केरकेट्टा को मार गिराया है। केरखेट्टा पर 15 लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के पारही जंगल के चंगाबाड़ी में हुई मुठभेड़ में उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया है।

### बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों के विवरण शनिवार तक दे चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाये गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया।

### 2.83 लाख के जाली नोटों के साथ युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद की इंदिरापुरम थाना पुलिस ने एक युवक को जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 500 रुपये के 566 जाली नोट मिले हैं, जो गिनने के बाद यह रकम 02 लाख 83 हजार रुपये हैं। युवक ने जाली नोटों को धड़ल्ले से एनसीआर क्षेत्रों में चलाया है। पुलिस अब उसके साथी के बारे में पता कर रही है, जिससे वह फेसबुक के जरिए मिला था। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस ने साहिबाबाद रेलवे अण्डरपास सेक्टर-एक वसुन्धरा के पास से नई दिल्ली के सुशीला गार्डन निवासी उज्ज्वल झा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि फेसबुक के जरिए वह एक व्यक्ति से मिला था। फोन नंबर आदान-प्रदान होने पर दोनों बात करने लगे। इसके बाद उसने उस व्यक्ति से एक लाख रुपये की असली करेंसी के बदले तीन लाख रुपये की जाली करेंसी ली थी। वह काफी दिनों से एनसीआर क्षेत्र में जाली नोटों को चलाने का काम कर रहा है।

# उत्तराखंड के धराली में राहत व बचाव अभियान जारी

**आपदा**

- शासन ने जारी किए 20 करोड़,
- धराली में राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर

**एजेंसी, देहरादून।**

उत्तरकाशी जिले के धराली के खीरगाढ़ में मंगलवार को बादल फटने से आई विनाशकारी बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। अपर सचिव आनंद स्वरूप ने आपदा राहत एवं बचाव कार्य के लिए राज्य आपदा मोचन निधि से जिलाधिकारी उत्तरकाशी को 20 करोड़ की धनराशि जारी की है। उधर, राज्य में लगातार चौथे दिन बुधवार को बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मैदानी जिले जलभराव की स्थिति के साथ पर्वतीय इलाकों में संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं।

उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली के खीरगाढ़ में कल बादल फटने से आई विनाशकारी बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीम राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। अब तक 130 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। राहत शिविरों में भोजन, पानी, दवाइयों और ठहरने की व्यवस्था की गई है। 14वीं राजपूताना रायफल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हर्षवर्धन के नेतृत्व में लगभग 150 सैनिक प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्यों में लगे हुए हैं।



### हिमाचल में बारिश से भूस्खलन व बाढ़ जैसे हालात

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। राज्य के अधिकांश जिलों में बीती रात से जारी भारी वर्षा के चलते जगह-जगह भूस्खलन और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कई जिलों में स्कूल-कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने 12 अगस्त तक राज्य के कई क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। सबसे ज्यादा असर सोलन, शिमला, मंडी, कुल्लू और सिरमौर जिलों में देखा गया है। सिरमौर और सोलन जिलों के सभी शिक्षण संस्थानों व आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। शिमला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर सोलन के चक्की मोड़ में भूस्खलन के कारण यातायात बाधित है।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा रोकी गई, भारी बारिश का फिर अलर्ट

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल में बीते तीन दिनों से लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। भारी बारिश के चलते कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई है। इसी बीच मौसम विभाग ने फिर अगले 24 घंटे में कुमाऊं के छह जिलों में अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा को स्थिति सामान्य होने तक रोका गया है। यात्रा का चौथा दल धारचूला तक तो सुरक्षित पहुंच गया है, लेकिन धारचूला से लिपुलेख के बीच लगातार भूस्खलन के कारण सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा को वहीं पर रोक दिया गया है।

# अमृतकाल में कर्तव्य भवन से तय होगी देश की दिशा : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**संबोधन**

- पीएम ने कर्तव्य पथ पर निर्मित कर्तव्य भवन-3 का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में नव-निर्मित कर्तव्य भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह भवन केवल एक सरकारी इमारत नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण का प्रतीक और यह राष्ट्र निर्माण की दिशा तय करने वाला केंद्र बनेगा।

कर्तव्य पथ पर आयोजित एक भव्य सार्वजनिक समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में 'कर्तव्य' शब्द केवल कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों तक ही सीमित नहीं है। यह भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है, जो कर्म प्रधान दर्शन को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी कर्तव्य को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य केवल अधिकार नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व की भावना से जुड़ा है, जो देश के भविष्य की आधारशिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि बहुत विचार-विमर्श के बाद इस भवन का नाम कर्तव्य भवन रखा गया है। यह नाम सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है जो नीतियों, योजनाओं और फैसलों के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि अमृतकाल में यह भवन नीतिगत निर्णयों का मुख्य केंद्र बनेगा, जहां से आने वाले दशकों की दिशा तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अमृतकाल में राष्ट्र निर्माण से जुड़े जो भी निर्णय होंगे, वे अब इन नए भवनों से संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, भारत मंडपम, यशोभूमि, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा जैसे स्मारक आधुनिक भारत के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार विकास के इस दौर में केवल इमारतें नहीं बना रही, बल्कि नई सोच, नई दिशा और नए भारत की नींव रख रही है। प्रधानमंत्री ने अगस्त माह को क्रांति का महीना बताते हुए कहा कि यह समय आधुनिक भारत के निर्माण की उपलब्धियों का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अब विकास की धारा हर कोने तक पहुंच रही है और यह एक समावेशी सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह पहला कर्तव्य भवन है, लेकिन ऐसे कई भवनों का निर्माण देशभर में तेजी से जारी है।

### बिना सूचित किये अभियंता ने किया पुल का उद्घाटन, मंत्री नाराज



**बलिया, समृद्धि न्यूज।** शहर के चितू पाण्डेय चौराहा के पास एनएच 31 पर बहेरी में बने पुल का उद्घाटन पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा बिना किसी जनप्रतिनिधि को सूचना दिए गुपचुप तरीके से कर दिया गया। रात के अंधेरे में पुल का इस तरह चुपचाप उद्घाटन करने की जानकारी होते ही परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बाढ़ क्षेत्र से सीधे मौके पर पहुंच गए। मौके पर लोक निर्माण विभाग के अभियंता से पूछने लगे कि मैं इस क्षेत्र का विधायक हूं। प्रदेश सरकार में मंत्री भी हूं और आज शहर में मौजूद भी हूं। फिर मुझे क्यों नहीं सूचना दी। उन्होंने डांटते हुए कहा कि मैं सब समझ रहा हूं कि किसके इशारे पर ये सब कर रहे हो। यह सुन कर पीडब्लूडी के अधिकारी की घिग्घी बंध गई।

# दिव्यांगजनों के भरण-पोषण भत्ते में 100 प्रतिशत की वृद्धि

**निर्णय**

- विशेष विद्यालयों के आवासीय दिव्यांग छात्रों को अब मिलेंगे प्रतिमाह 4000 रुपए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने दिव्यांगजनों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों संस्थाओं में निवासरत दिव्यांग संवासियों के भरण-पोषण भत्ते की राशि को 2000 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 4000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। यह निर्णय बुधवार से प्रभावी हो गया है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सामाजिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। भरण-पोषण भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि सरकार की संवेदनशील सोच का प्रमाण भी है।

# उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 24 जिले प्रभावित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 24 जिलों के 913 गांव प्रभावित हुए हैं। लगभग 83,091 लोग बाढ़ का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिनमें से 19 हजार 167 लोग सरकारी बाढ़ आश्रय स्थलों में जाने को मजबूर हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा, दो लाख से अधिक व्यक्तियों को राहत सहायता मिली है।

सबसे अधिक प्रभावित जिलों में बिजनोर, बहराईच, गोंडा, गोरखपुर, कासगंज, भदोही, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फ़तेहपुर शामिल हैं। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि अब तक 517 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और 360 लोगों को आर्थिक सहायता मिल रही है। 33,252 हेक्टेयर से ज़्यादा ज़मीन जलमग्न हो गई है। 1,640 नावों और मोटरबोटों के ज़रिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अब तक 17,924 खाने के पैकेट और 2,47,277 लंच पैकेट बाँटे जा चुके हैं। 40 से ज़्यादा सामुदायिक रसोई में बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार सुबह तक, राज्य में 24 घंटों में 22.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश 6.4 मिमी होती है, जो सामान्य से 255 प्रतिशत कम है। एक जून से अब तक राज्य में कुल बारिश 424.4 मिमी हो चुकी है, जो सामान्य से आठ प्रतिशत ज़्यादा है। पिछले 24 घंटों में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की तीव्रता में मामूली कमी देखी गई।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराजगंज में सबसे अधिक 40.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 650 प्रतिशत अधिक है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में सामान्य 8.4 मिमी वर्षा के मुकाबले 174.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 1,975 प्रतिशत अधिक है।

### यौन शोषण में डिप्टी कमिश्नर समेत सात अधिकारी निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर विभाग मथुरा में तैनात डिप्टी कमिश्नर कमलेश कुमार पांडेय पर अधीनस्थ महिला अधिकारी ने यौन शोषण और अनैतिक व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए थे। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर संयुक्त आयुक्त, बांदा कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। मामले की जांच आंतरिक परिवाद समिति विशाखा को सौंपी गई थी, लेकिन समिति पर आरोप हैं कि उसने आरोपी अधिकारी को बचाने का प्रयास किया और जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया। इसके चलते समिति के छह सदस्यों को भी निलंबित कर दिया गया है। इनमें सहायक आयुक्त कोमल छाबड़ा सचल दल इकाई-2, मथुरा, उपायुक्त प्रतिभा विशेष अनुसंधान शाखा, मथुरा,सहायक आयुक्त पूजा गौतम राज्य कर खंड-2, मथुरा, उपायुक्त संजीव कुमार राज्य कर खंड-5, मथुरा, राज्य कर अधिकारी सुनीता देवी खंड-3, मथुरा और उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार खंड-3, मथुरा शामिल हैं।

### मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024 लोकसभा से पारित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को व्यापारिक जहाज़ों के स्वामित्व के लिए पात्रता मानदंड का विस्तार करने और समुद्री दुर्घटनाओं की जांच और पूछताछ का प्रावधान करने वाले विधेयक को पारित कर दिया। लोकसभा में हंगामे के बीच केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024 पेश किया। इसका उद्देश्य इससे जुड़े 1958 के अधिनियम को प्रतिस्थापित करना है। विधेयक को पारित किए जाने पर सदस्यों का आभार प्रगट करते हुए केन्द्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि इससे भारत के समुद्री क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। यह विधेयक आधुनिक, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाने वाले कानूनी ढांचे की स्थापना करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लाया गया एक प्रगतिशील कदम है। इसके जरिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत किया गया है, समुद्री पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित की गई है और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था की गई है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



> हमला करणी सेना के लोगों ने किया है। ये लोग योगी सरकार के गुंडे है और वह सजातीय होने का लाभ ले रहे हैं। *स्वामी प्रसाद मौर्य*

उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला हुआ है। मौर्य पर हमला करने वाले युवक की उनके समर्थकों ने जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। इस घटना के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य ने करणी सेना को जिम्मेदार बताया है।

जानकारी के अनुसार अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का काफिला बुधवार को रायबरेली से फतेहपुर जा रहा था। इस दौरान जगह-जगह पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर रहे थे। दोपहर के समय स्वामी प्रसाद मौर्य का काफिला रायबरेली के सारस चौराहा पहुंचे तो यहां तमाम कार्यकर्ता उनका स्वागत करने में जुट गए। इस दौरान एक युवक ने पीछे से मौर्य को पहले माला पहनाई और फिर एक तमाचा जड़ दिया और वहां से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद मौर्य के समर्थकों ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से कार्यकर्ताओं से युवक को छुड़ाया और उसे हिरासत में लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कारागार राज्यमंत्री से अभद्रता करने वाला कनिष्ठ अभियंता निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर के कोरैया गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली गुल होने से कारागार राज्य मंत्री और हरगांव (सीतापुर) विधायक सुरेश राही नाराज़ होकर मंगलवार देर शाम को धरने पर बैठ गए। कनिष्ठ अभियंता के व्यवहार से दुखी मंत्री के विरोध के बाद यूपी सरकार के ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार देर रात एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया। कोरैया में 20 दिनों से बिजली गुल होने की जानकारी मिलने पर, राही गाँव पहुँचे और कनिष्ठ अभियंता रमेश मिश्रा से फ़ोन पर बात की। कनिष्ठ अभियंता ने कथित तौर पर मंत्री से उपेक्षापूर्ण लहजे में बात की जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मंत्री ने दावा किया कि कनिष्ठ अभियंता का आचरण अनुशासनहीनता के समान है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कनिष्ठ अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा की। शर्मा ने कहा, 'जनता की शिकायतों के प्रति असंवेदनशीलता या कदाचार के लिए कड़ी सज़ा दी जाएगी।'

**उपहार** — महिलाओं की सामाजिक समानता व सम्मान को बढ़ावा दे रही सरकार

# निराश्रित महिलाओं को सरकार ने दिया रक्षाबंधन और जन्माष्टमी का तोहफा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- ऑनलाइन आवेदन कर पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकती हैं पात्र महिलाएं

योगी सरकार ने रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर से पहले निराश्रित महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। महिला कल्याण विभाग ने पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की 1115.64 करोड़ की धनराशि अगस्त के पहले सप्ताह में ही 36,75,623 लाभार्थी महिलाओं के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से हस्तांतरित कर दी है।

इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी महिलाएं, जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है, उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी हैं और जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय रु. 2 लाख से अधिक नहीं है, उनको प्रतिमाह रु.1000 की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके, इसके लिए पेंशन की राशि सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है। निदेशक ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश की निवासी महिलाएं sspy-up.gov.in वेब पोर्टल के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। यह डिजिटल पहल पारदर्शिता और सुगमता को बढ़ावा देती है, जिससे पात्र महिलाएं बिना किसी बाधा के योजना का लाभ उठा सकती हैं। महिला कल्याण विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि आवेदनों की जांच त्वरित और निष्पक्ष तरीके से हो, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

### योगी सरकार ने समय के पहले भेजी पेंशन की राशि

वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में इस योजना के तहत 35,78,111 लाभार्थी महिलाओं को रु. 1062.15 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई थी। दूसरी तिमाही में सरकार ने सक्रियता दिखाते हुए 36,75,623 महिलाओं को ?1115.64 करोड़ की राशि अगस्त के पहले सप्ताह में ही हस्तांतरित कर दी। यह कदम रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे पर्वों से पहले महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, ताकि वे अपने परिवार के साथ उत्सव को पूरे उत्साह के साथ मना सकें। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पेंशन की राशि समय से पहले हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# शारदा नदी की बाढ़ ने मचाई तबाही, गांव जलमग्न-ग्रामीणों का पलायन शुरू

**फसलें बर्बाद, घरों में घुसा पानी, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बेघर-प्रशासन का दावा, राहत कार्य जारी**

**बिजुआ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तराई क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश और बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी ने तबाही मचा दी है। शारदा नदी उफान पर है और उसका पानी सड़कों से होते हुए गांवों में घुस चुका है। हालात ऐसे हैं कि कई गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं और ग्रामीणों को गांव छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है।

गोला तहसील क्षेत्र में बहती शारदा नदी एक बार फिर कहर बनकर टूटी है। करसौर, बेचेपुरवा जैसे कई गांवों की हालत दयनीय है। खेत, खलिहान, स्कूल और घर – सब डूब चुके हैं। करसौर ग्राम पंचायत के स्कूलों में कमर तक पानी भर गया है। ग्रामीण परसराम, ओम प्रकाश, बबलू, शत्रोहन लाल, दयाराम, चंद्रिका प्रसाद, , मुकेश जैसे दर्जनों लोग पहले ही पलायन कर चुके हैं। कोई रिश्तेदारों के यहां शरण ले रहा है, कोई ऊंचे बंधों पर डेरा डाले हुए है। बाढ़ की भयावहता को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया है। लेखपाल, नायब तहसीलदार और कानूनगो गांव-गांव जाकर हालात का जायज़ा ले रहे हैं और लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बाढ़ चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि पल-पल की स्थिति तहसील कंट्रोल रूम को भेजते रहें।

बेचेपुरवा गांव में बुधवार को नायब तहसीलदार भानु प्रताप, क्षेत्रीय लेखपाल राजीव वर्मा, अजय गुप्ता और कानूनगो राकेश शुक्ला ने बाढ़ प्रभावितों को लंच पैकेट वितरित किए। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लंच पैकेट और घोषणाओं से उनकी समस्याएं खत्म नहीं होने वाली। जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक हर साल यही त्रासदी झेलनी पड़ेगी। शारदा की बाढ़ एक बार फिर यह सवाल छोड़ गई है कि आखिर तराई के इन गांवों को कब तक इस प्राकृतिक कहर का शिकार होना पड़ेगा? प्रशासन और सरकार को राहत कार्यों के साथ अब पुनर्वास और स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में प्रशासन ने संभाली कमान, एडीएम घुटनों तक पानी में चलकर पहुंचे मौके पर

**ईसानगर (खीरी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खीरी जनपद में बाढ़ राहत कार्य तेज़ कर दिए गए हैं। प्रशासनिक टीम द्वारा युद्धस्तर पर सहायता पहुंचाई जा रही है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नरेंद्र बहादुर सिंह ने सदर व धौरहरा तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि एडीएम स्वयं घुटनों तक पानी में उतरकर ग्रामीणों तक पहुंचे और राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने भोजन वितरण, चिकित्सा सहायता, आवासीय व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बाढ़ प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत सामग्री के



वितरण में पारदर्शिता व तत्परता बरतने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में जिले के सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी और राहत कार्य संचालित किए जा रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता से ग्रामीणों में राहत और सुरक्षा की भावना पैदा हुई है।

## कोर्ट के आदेश पर महिला को मृत दिखाकर की गई जालसाजी के मामले में एफआईआर दर्ज

**ईसानगर पुलिस ने दो नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

ईसानगर,(खीरी)। ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर कटौली की रहने वाली बुजुर्ग महिला श्रीमती विशुना देवी उर्फ विंदेश्वरी को जीवित होते हुए मृतक दिखाकर उनकी भूमि हड़पने के सनसनीखेज मामले में कोर्ट के आदेश पर थाना ईसानगर पुलिस ने दो नामजद समेत एक अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता विशुना देवी (उम्र लगभग 60 वर्ष), पत्नी विश्वभर ने तहरीर में आरोप लगाया कि कीढ़ी और रामभरोसे पुत्रगण फकीरे निवासी ग्राम महमदापुर, मजरा: हसनपुर कटौली, थाना ईसानगर, ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वर्ष 2021 में अदालत में वाद प्रस्तुत कर उनकी भूमि पर फर्जी तरीके से वरासत चढ़वा ली। भूमि गाटा सं. 476 व 512 ग्राम मुरौवा, परगना फिरोजाबाद, जिला खीरी में स्थित है। महिला को इस धोखाधड़ी की जानकारी उस वक्त हुई जब उन्होंने किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन किया। इसके बाद उन्होंने थाने से लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अंततः उन्होंने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर थाना ईसानगर में त मामला दर्ज हुआ। थाना अध्यक्ष निर्मल तिवारी ने बताया कि 卐कोर्ट के आदेश के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। हमारी सूची में अपराध और अपराधी के लिए कोई स्थान नहीं है। यह पूर्व का मामला है, जिसकी जानकारी मुझे स्वयं कोर्ट के माध्यम से मिली। जांच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है। प्रभारी विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक संजय कुमार राय को बनाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### नाले में डूबने से अधेड़ की मौत, चारा लेने गया था खेत



**ईसानगर (खीरी)।** बुधवार एक दर्दनाक हादसा हो गया चारा लेने गए अधेड़ व्यक्ति की नाले में डूबने से मौत हो गई। यह घटना थाना खमरिया क्षेत्र के जंगलीनाथ मंदिर के पास हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू (45) पुत्र रमई निवासी ग्राम महेवा मजरा मुंशीपुरवा, बुधवार को दोपहर में खेतों की ओर चारा लेने गया था। इसी दौरान जंगलीनाथ मंदिर के सामने स्थित नाले को पार करते वक्त उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नाले के तेज बहाव में बह गया। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना पर थाना खमरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गरीब दर्जी की दुकान में चोरी, व्यापार मंडल ने की मदद

**बिजुआ (खीरी)।** पड़रिया तुला गांव में गरीब दर्जी सर्वेश कुमार की दुकान से चोर सिलाई मशीन और प्रेस चुरा ले गए। लकड़ी के खोखे में दुकान होने से चोरी आसान हो गई। पीड़ित की मदद को व्यापार मंडल अध्यक्ष रामजीत सिंह साथियों संग मौके पर पहुंचे और आर्थिक सहायता दी। उन्होंने नई मशीन खरीदने के लिए सर्वेश को प्रोत्साहित किया। घटना से व्यापारियों में असुरक्षा बढ़ी है। व्यापार मंडल ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### मोदी-योगी संग शिव की छवि बनी चर्चा का केंद्र, 500 कांवरिये गोला रवाना



**बिजुआ (खीरी)।** श्रावण मास के अंतिम चरण में भी शिवभक्ति का उत्साह चरम पर है। मंगलवार को ग्राम महेशापुर और पड़रिया तिलकपुर से करीब 500 कांवरियों का जत्था गाजे-बाजे के साथ गोला गोकर्णनाथ जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। यात्रा के दौरान बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। एक विशेष कांवर, जिसमें भगवान शिव के साथ प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तस्वीरें लगी थीं, चर्चा का केंद्र बनी रही। श्रद्धालुओं ने बताया कि दोनों नेताओं ने सनातन संस्कृति को नई ऊर्जा दी है। पारंपरिक वेशभूषा और भक्ति गीतों के साथ निकले कांवरियों को देखने राहगीरों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं की उचित व्यवस्था की। महेशापुर निवासी गजेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह उनकी दसवीं कांवर यात्रा है।

### नेपाल की करतूत और सिस्टम की लापरवाही से डूबे गांव, बहा जनजीवन, याचिका से खुला राज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** शारदा, सुहेली, मोहाना और करनाली नदियों के प्रचंड जलप्रवाह और कटान ने इस वर्ष भी सैकड़ों गांवों की किस्मत पर पानी फेर दिया। बाढ़ से प्रभावित किसानों, गरीबों और आमजनों की चीखें इस बार भी बेअसर रहीं। यह बात राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि सिस्टम बना गूंगा-बहरा और जनप्रतिनिधियों की 'खाओ-पियो नीति' एक बार फिर घड़ियाली आंसुओं के सहारे सब कुछ छुपाने में जुट गई। राज्य सरकार ने इन नदियों की शिल्ट सफाई और बंधा निर्माण के लिए 15 जून 2025 तक राहत कार्य पूरे करने का दावा किया था, मगर करोड़ों रुपए पानी में बह गए। बाढ़ खंड के अफसर और नेता दिखावे की रस्म अदायगी में ही व्यस्त नजर आए। इस आपदा के बीच पलिया कला निवासी समाजसेवी राजेश भारती उम्मीद की किरण बनकर सामने आए। उन्होंने नेपाल राष्ट्र के बनवसा व टनकपुर बैराज का निरीक्षण कर जल बहाव की सच्चाई उजागर की। उनके साथ राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा भी मौजूद रहे। सर्वे की रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की है। राजेश भारती द्वारा की गई जांच में यह तथ्य सामने आया है कि वर्ष 1988 में नेपाल ने चीन और कोरिया की आर्थिक मदद से कंचनपुर जिले में सिंचाई परियोजना के नाम पर भारत द्वारा बनवसा बैराज से दी जाने वाली नहर का पुनर्वास एवं विस्तारीकरण किया। इसके तहत पर्वतीय नदियों- बनरा, बंद, स्याली, पथरिया, सुनवरा आदि का जल प्रवाह डायवर्ट कर शारदा नदी में मिला दिया गया। इससे लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों में बाढ़ की विभीषिका हर साल गहराती जा रही है। विडंबना यह है कि बाढ़ खंड विभाग और जनप्रतिनिधि सिर्फ बनवसा बैराज से छोड़े गए पानी को ही बाढ़ का कारण मान रहे हैं, जबकि असली तबाही नेपाल द्वारा डायवर्ट किए गए जल से हो रही है। वहीं, बनवसा बैराज पर बिजली बनाने के लिए पानी साफ करने वाली मशीनों का इस्तेमाल इस बात का प्रमाण है कि नेपाल से गंदा पानी शारदा डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है। राजेश भारती की पहल के बिना यह सच्चाई सामने नहीं आती। हाईकोर्ट की शरण में जाकर उन्होंने न केवल व्यवस्था को आईना दिखाया, बल्कि हजारों किसानों और ग्रामीणों की आवाज भी बुलंद की।

## शरदकालीन गन्ना बुआई व फसल सुरक्षा पर कृषक गोष्ठी संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** ग्राम बाबूपुर में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, गोला द्वारा आयोजित कृषक गोष्ठी में शरदकालीन गन्ना बुआई, फसल सुरक्षा और उन्नत तकनीकों पर विशेषज्ञों ने किसानों को मार्गदर्शन दिया। गोष्ठी में डॉ. आर. डी. तिवारी ने गन्ने में लगने वाले रोगों व कीटों की रोकथाम, उन्नत किस्मों (जैसे को0-0118, को0-15023) को अपनाने और संतुलित उर्वरक प्रयोग की सलाह दी। डॉ. पी. के. कपिल ने ट्रेंच विधि, सहफसली खेती और पेड़ी फसल प्रबंधन पर प्रकाश डाला। आशुतोष मधुकर ने गन्ना विकास योजनाओं की जानकारी दी। पी. एस. चतुर्वेदी ने किसानों से वैज्ञानिक सुझावों को अपनाने का आग्रह किया। सत्येंद्र मिश्र ने मृदा सुधार हेतु आधुनिक यंत्रों के प्रयोग की जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान श्री कृष्ण ने की। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसान व गन्ना विकास कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सीएम को ऐपवा का ज्ञापन, महिला हिंसा, स्कूल बंदी और महंगाई पर जताया विरोध

**महिलाओं की हिफाजत नहीं कर पा रही यूपी सरकार, बेटियों की पढ़ाई भी खतरे में: ऐपवा**

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ़ बढ़ती हिंसा, सरकारी स्कूलों की तालाबंदी, महंगाई और रोजगार जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने बुधवार को उपजिलाधिकारी पलिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने साफ शब्दों में सरकार से पूछा है आखिर हमारी सुरक्षा और अधिकारों की ज़िम्मेदारी कौन लेगा? ज्ञापन में ऐपवा ने कहा है कि प्रदेश में महिलाओं पर हिंसा, बलात्कार, अपहरण और हत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। कई मामलों में तो पीड़िताओं को न तो इंसाफ़ मिला और न ही एफआईआर तक दर्ज हुई। यूपी पुलिस का रवैया भी संवेदनशील नहीं है। महिलाओं को न सुनवाई



मिल रही है, न सुरक्षा। महिला आयोग की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए ऐपवा ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष से इस्तीफे की मांग की है। संगठन का कहना है कि आयोग की निष्क्रियता ने उसकी साख को चोट पहुंचाई है। हाल ही में प्रदेश में 5000 सरकारी स्कूलों के मर्जर के आदेश पर कड़ा एतराज जताते हुए ऐपवा ने कहा कि इससे ग्रामीण गरीब बच्चों, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर बड़ा असर पड़ेगा।

ऐपवा ने स्कूल मर्जर के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग की है और सरकारी शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने की अपील की है। ज्ञापन में 29 जून को प्रयागराज के करछना में हुई घटना में गिरफ्तार दलित-आदिवासी युवाओं को बिना शर्त रिहा करने की मांग की गई है। वहीं आशा, आंगनबाड़ी और रसोइयों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, बकाया वेतन भुगतान और कार्यस्थल पर यौन हिंसा से सुरक्षा की गारंटी की भी मांग की गई है। ऐपवा ने महंगाई पर नियंत्रण, गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये तय करने, 50 किलो राशन, तेल व अन्य जरूरी सामान गरीबों को देने की गारंटी और माइक्रोफाइनेंस के कर्ज माफ करने की मांग उठाई है।

बिजली के बढ़ते बिल, स्मार्ट मीटर और निजीकरण के खिलाफ़ भी नाराज़गी जाहिर की गई। विवाह को लेकर महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक बयान देने वाले संत प्रेमानंद के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में ऐपवा जिला अध्यक्ष आरती राय, कमला देवी, नीलम वर्मा, सुधा सिंह, कमलेश राय (किसान महासभा), सनीता देवी सहित कई महिलाएं शामिल रहीं। ऐपवा ने साफ कहा कि अगर सरकार ने इन मांगों को नजरअंदाज किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## उचौलिया में बनेगा अंडरपास, व्यापारियों में हलचल

**वनकागांव तिराहा पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एनएचएआई बनाएगा अंडरपास, स्थानीय व्यापारियों ने जताई आपत्ति**

**उचौलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

> इस संबंध में एनएचएआई के जेई अखंड प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि वर्तमान में उचौलिया और मैगलगंज बाइपास पर दो अंडरपास निर्माण के प्रस्ताव पास किए गए हैं। निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है।

राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण द्वारा कस्बे के वनकागांव तिराहे पर डिवाइडर कट पर अंडरपास बनाए जाने की योजना बनाई गई है। संबंधित अधिकारियों के अनुसार, आगामी कुछ महीनों में इसका निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। वहीं, इस खबर के फैलते ही कस्बे के व्यापारियों में चिंता की लहर दौड़ गई है। उनका कहना है कि अंडरपास बनने से सड़क पार की सीधी आवाजाही बाधित होगी, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कस्बेवासियों का कहना है कि वर्तमान में यहां बनाए गए डिवाइडर कट से लोग सुरक्षित तरीके से सड़क पार करते हैं, और जागरूकता के चलते आज तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। इसके बावजूद अंडरपास बनाना समझ से परे है। ग्रामीणों का आरोप है कि एनएचएआई की प्राथमिकता तय करने में भेदभाव हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मोहीउद्दीनपुर चौराहे, सोनौवा तिराहा, मोहदियापुर, उचौलिया नहर मार्केट, कोटरा गांव और जलालपुर जैसे स्थानों पर लगातार सड़क हादसे होते रहते हैं, लेकिन वहां अंडरपास या सुरक्षित पार पथ का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। व्यापारियों की आशंका है कि अंडरपास बन जाने के बाद आम जनता सीधे दुकान क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाएगी, जिससे उनकी बिक्री पर असर पड़ेगा। दूसरी ओर, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एनएचएआई इस निर्णय को आवश्यक मान रहा है।

**स्थानीय लोग प्रशासन से कर रहे पुनर्विचार की मांग:** कस्बे के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जहां-जहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, प्राथमिकता के आधार पर पहले वहां अंडरपास या फुटओवर ब्रिज बनाए जाएं। साथ ही, उचौलिया में बने कट को यथावत रखते हुए पहले से सुरक्षित आवाजाही को ध्यान में रखा जाए।

## गोलानगर में वैश्य समाज ने उत्साहपूर्वक मनाया भाजपा प्रदेश महामंत्री अनुप गुप्ता का जन्मदिवस

**सामूहिक केक काटकर दी शुभकामनाएं, भोलेनाथ से की प्रार्थना**

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



नगर में वैश्य समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य अनुप गुप्ता का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख सामाजिकजनों एवं व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से केक काटा और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने भगवान भोलेनाथ से अनुप गुप्ता के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की प्रार्थना की। कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण और आत्मीयता से भरा रहा, जहाँ सभी उपस्थितजनों ने एकजुट होकर सामाजिक एकता और संगठन की शक्ति का परिचय दिया। इस आयोजन में वैश्य समाज की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रेम चंद जायसवाल, पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, राजेश गुप्ता, प्रभात गुप्ता (बीनू), प्रमोद गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अखिलेश जायसवाल, अनुराग गुप्ता, श्याम गोपाल गुप्ता और आदित्य गुप्ता सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में अनुप गुप्ता के संगठनात्मक कौशल, मिलनसार स्वभाव और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। उपस्थित जनों ने इस अवसर को सामाजिक एकता और सहयोग का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की अपील की।

## सादुल्लानगर में नकली मिठाई का धंधा जोरों पर, त्योहारों में लोगों की सेहत पर मंडराया खतरा

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय बाजार में नकली मिठाई का धंधा बिक्री धड़ल्ले से, त्योहारों में लोगों की सेहत पर मंडरा रहा गंभीर खतरा। त्योहारों के मौसम में मिठाइयों की बढ़ती मांग का फायदा उठाकर सादुल्लानगर बाजार में कुछ दुकानदार घटिया और नकली मिठाइयों का धंधा कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की सेहत पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। मिठाइयों में मिलावट की खबरों ने बाजार की मिठास को कड़वाहट में बदल दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाजार में बिकने वाली कई मिठाइयों में सस्ते और हानिकारक कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही, एक्सपायर्ड दूध उत्पादों का भी प्रयोग मिठाइयों को तैयार करने में हो रहा है, जो सीधे तौर पर स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। कुछ दुकानों पर मिलने वाली मिठाइयों में अजीब सी गंध और असामान्य स्वाद ने लोगों में डर और चिंता बढ़ा दी है। कई उपभोक्ताओं ने मिठाई खाने के बाद पेट दर्द, उल्टी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें भी दर्ज कराई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दुकानदार मिठाइयां रेडीमेड और सस्ती सामग्री से लेकर आते हैं, जो देखने में तो मिठाइयां लगती हैं लेकिन इनमें कोई पोषण मूल्य नहीं होता। इनका उद्देश्य केवल व्यापार बढ़ाना और अधिक मुनाफा कमाना होता है। इस मामले ने खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी और नियमित जांच की कमी को भी उजागर कर दिया है। इस मामले में जब एक दुकानदार



कल्लू मौर्या से बात की गई तो उन्होंने दावा किया कि वे कानपुर से रेडीमेड मिठाई मंगाते हैं, जो सस्ती और जल्दी बिक जाती है। उन्होंने कहा, मैं ऑनलाइन पेमेंट नहीं लेता। जब एक ग्राहक ने प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की बात कही, तो उसका कहना है कि मैं किसी आदेश को नहीं मानता। मैं सभी अधिकारियों को मंथली (माहवारी) भुगतान करता हूं, जिसे जो करना हो करे। कल्लू मौर्या का यह बयान बाजार और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, जो प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करता है। प्रशासन की प्रतिक्रिया और आगे की कार्रवाई

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बाजार के लोग जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी त्योहारों में और बड़ी स्वास्थ्य आपदा सामने आ सकती है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी जी.के. दुबे ने कहा, हमें इस मामले की शिकायत मिली है। हम शीघ्र ही एक जांच टीम सादुल्लानगर भेजेंगे। जांच में दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नकली मिठाई बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जनता की चिंता और अपील। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि मिठाइयों के निर्माण और बिक्री पर सख्त नियम और निरीक्षण किए जाएं। वे मिठाई दुकानदारों से भी अपील कर रहे हैं कि वे केवल गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित सामग्री से बनी मिठाइयां ही बेचें, जिससे त्योहारों की खुशियाँ सेहत के खतरे में न बदलें। स्थानीय बाजार में मिठाई के इस विवाद ने एक बार फिर खाद्य सुरक्षा के मुद्दे को तूल दिया है, आमजन की मांग है कि प्रशासन और संबंधित विभाग मिलकर त्वरित कदम उठाएं ताकि आमजन की सेहत सुरक्षित रहे।

## धारा 69 बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर की पुलिस को अपराध नियंत्रण अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना गैड़ास बुजुर्ग की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में दर्ज मुअसं 0079/2025 धारा 69 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त आसिफ खान पुत्र समशुल्ला उर्फ चिनकू को गिरफ्तार कर न्यायालय बलरामपुर में प्रस्तुत किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा, थाना गैड़ास बुजुर्ग तथा उनके टीम उप निरीक्षक रमेश चन्द्र उपाध्याय, हेड कांस्टेबल विनोद त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में की गई। बताते चलें कि दिनांक 06 अगस्त 2025 को गैड़ास बुजुर्ग पुलिस टीम ने हासिमपारा बाजार से अभियुक्त आसिफ खान को धर दबोचा। अभियुक्त ग्राम महुआ टेढवा, तप्पाबांक, थाना गैड़ास बुजुर्ग, जनपद बलरामपुर का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय बलरामपुर भेज दिया गया है। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिलेभर में अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## उचौलिया में यूरिया की किल्लत से किसान बेहाल

**सहकारी समितियों में स्टॉक खत्म, प्राइवेट दुकानों पर मनमानी**

> जसमढी सोसाइटी के सचिव कन्हैया ने बताया कि गोदाम में पानी भर जाने के कारण यूरिया का वितरण संभव नहीं हो पाया है। वहीं किरियारा सोसाइटी के सचिव फरहत ने कहा कि वर्तमान में स्टॉक खत्म है लेकिन सोमवार तक नया स्टॉक आने की उम्मीद है।

**उचौलिया (खीरी)।** क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। सहकारी सोसाइटियों से लेकर सरकारी दुकानों तक, कहीं भी खाद उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में किसान प्राइवेट दुकानों का रुख कर रहे हैं, जहां उनसे जबरन खेतों में डालने वाली दवाइयां साथ खरीदने की शर्त पर ही यूरिया दी जा रही है। किरियारा और बनका गांव की सहकारी समितियों में यूरिया खाद का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। रुरा निवासी किसान हनीफ ने बताया कि वे कई बार सोसाइटी के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। वहीं, शमसुद्दीन ने भी शिकायत की कि बनका गांव की सोसाइटी में कर्मचारी 'आज-कल' कहकर किसानों को टरका रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट दुकानदार यूरिया के साथ खेतों की दवाइयां खरीदने की अनिवार्यता थोप रहे हैं। कई स्थानों पर खाद को ब्लैक में भी बेचा जा रहा है। इसरत नामक किसान ने तो सोसाइटी कर्मचारियों पर पक्षपात का भी आरोप लगाया। भारी बारिश के चलते फसलें पहले ही प्रभावित हैं और अब खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता को दोगुना कर दिया है। प्रशासन और सहकारी विभाग से किसानों ने जल्द आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## भक्ति, तप और सत्य की गाथा- शिव महापुराण कथा के नवें दिन उमड़े श्रद्धालु



**उतरौला (बलरामपुर)।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर स्थित बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित दस दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के नवम दिवस पर श्रद्धालु गंगा अवतरण, महर्षि गौतम की तपस्या और त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति जैसी पौराणिक घटनाओं के श्रवण से भावविभोर हो उठे। कथा का वाचन परम पूज्य कथाव्यास पंडित बृजलाल महाराज के सान्निध्य में हुआ। उनकी ओजस्वी वाणी, गूढ़ पौराणिक ज्ञान और भक्ति से परिपूर्ण भावों ने वातावरण को आध्यात्मिक रस में डुबो दिया। पंडित बृजलाल ने कथा सुनाते हुए बताया कि त्र्यंबक क्षेत्र में महर्षि गौतम ने कठोर तपस्या की, जिससे उनके आश्रम में हरियाली और जल की समृद्धि रही। जब अन्य ऋषियों को यह देखकर ईर्ष्या हुई, तो उन्होंने षड्यंत्रपूर्वक एक मृत गौ को उनके आश्रम में डाल दिया और उन्हें गोहत्यारा घोषित कर दिया। इस मिथ्या आरोप से अत्यंत दुःखी होकर गौतम ऋषि ने भगवान शंकर की आराधना की। गौतम ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें गंगा माता को पृथ्वी पर लाने का आदेश दिया। ऋषि के कठोर तप से प्रसन्न होकर गंगा प्रकट हुई और धरती पर अवतरित होकर समस्त पापों का शमन किया। आज भी उस स्थान को गौतमी गंगा के रूप में पूजा जाता है।

## संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद बलरामपुर में बाढ़ की संभावित आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खंड तुलसीपुर के महराजगंज तराई गांव का दौरा कर वहां की स्वास्थ्य तैयारियों एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों के बीच ओआरएस पैकेट, क्लोरीन की गोलियां व अन्य जरूरी स्वास्थ्य सामग्री वितरित की। उन्होंने संक्रामक रोगों से बचाव के लिए ग्रामीणों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. रस्तोगी ने ग्रामीणों से साफ पानी का सेवन करने, पानी को उबालकर पीने, बासी भोजन और कटे-फटे अथवा सड़े हुए फलों के सेवन से परहेज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बुखार या किसी अन्य लक्षण की स्थिति में तुरंत निकटवर्ती सरकारी अस्पताल पर संपर्क करें, जहां मुफ्त जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार चौधरी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) राजेश पांडेय, डॉ. बाल मुकुंद मौर्य एवं डॉ. श्यामजी श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सीएमओ ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं। संभावित जलजनित व मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए समय-समय पर गांवों में दवाओं का छिड़काव, क्लोरीन की आपूर्ति और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# किसानों को समय पर मिले खाद व बीज : शाही

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

किसानों के हित में स्वीकृत बजट को समय पर किसानों के हित में खर्च कर लिया जाना और बीज तथा संबंधित कृषि यंत्र भी किसानों को समय से मिल सकें। यह विभाग के योजना धिकारियों का मुख्य दायित्व है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यह बात बुधवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा कृषि भवन में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से कही गई।

कृषि मंत्री ने उर्वरक की आपूर्ति, भण्डारण तथा वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक खाद



▸ कृषि मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, अफसरों को बजट व्यय में तेजी लाने के दिये निर्देश

विक्रय केन्द्र स्तर पर इसकी निरन्तर गहन निगरानी आवश्यक है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को खतौनी में उनके नाम दर्ज भूमि के सापेक्ष ही उर्वरक दिया जाय, जिससे जमाखोरी व कालाबाजारी पर लगाम लगायी जा सके। विभाग द्वारा खाद की निरन्तर आपूर्ति किये जाने के कारण ही वर्तमान अवधि में गत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 484035 मी0टन खाद की अधिक बिक्री की गई है। गत वर्ष यह बिक्री 2157439 थी, जबकि इस वर्ष 2641474 है। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे रासायनिक उर्वरकों का उतना ही प्रयोग करें, जिससे मिट्टी की उर्वरता तथा उसका स्वास्थ्य भी बचाया जा सके।इस वित्तीय वर्ष के बजट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि व्यय में और गति लाने की आवश्यकता है। अभी 20 प्रतिशत बजट खर्च किया गया है। जिन योजनाधिकारियों द्वारा बजट व्यय करने में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया गया है उन अधिकारियों को अपने कार्य में गति लाने के लिए सख्त हिदायत दी गई। उन्होंने अधिकारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए ब्रेन स्टॉर्मिंग कार्यशाला आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### आगामी रबी सीजन के लिए अभी से तैयारी करने के निर्देश

कृषि मंत्री द्वारा आगामी रबी सीजन के लिए अभी से तैयारी करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये गये। गन्ना विभाग के साथ मिलकर गन्ना, मक्का, चना, मटर, अलसी, मसूर तथा सरसों की सह-फसली खेती को बढ़ावा देने के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर ली जाए। उन्होंने फार्म स्कूल के तहत किसानों को नयी तकनीकों का किसानों को विधिवत प्रशिक्षण देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस फार्म स्कूल की कार्यशाला के दौरान न्यूनतम 25 किसानों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। इसकी विधिवत वीडियो एवं फोटोग्राफी भी करायी जानी चाहिए। उन्होंने वर्तमान में प्रदेश भर में आच्छादन की समीक्षा करते हुए कहा कि अभी तक धान की बुवाई 6741.954 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर की जा चुकी है।बैठक के दौरान प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टी.के. शिबू तथा ओ.पी. वर्मा, निदेशक कृषि डॉ. पंकज कुमार त्रिपाठी एवं निदेशक सांख्यकीय श्रीमती सुमिता सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धर्मपाल सिंह ने किया भाजपा कार्यालय के अटल कल्याण सभागार का शिलान्यास

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय के अटल कल्याण सभागार का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी व महापौर सुषमा खर्कवाल व नीरज सिंह उपस्थित रहे।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि अटल कल्याण सभागार के निर्माण हो जाने से पार्टी की बैठकें व छोटे कार्यक्रम यहीं हो सकेंगे।



शिलान्यास के अवसर पर विधायक नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व सांसद डॉ. अशोक वाजपेयी, पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल, पूर्व महापौर, लखनऊ संयुक्ता भाटिया, भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता व टिंकू सोनकर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### सर्वोदय विद्यालयों में दो चरणों मे मनाया जायेगा तिरंगा अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वर्ष 2022 में शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बावत समाज कल्याण विभाग ने सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालयों में दो चरणों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे पहले चरण में पुलिस कर्मियों को तिरंगा धागे से राखी बांधने, मूंज से टोकरी बनाने और दूसरे चरण में भव्य तिरंगा मेला, देशभक्ति के गीत, विद्यालय परिसरों को सजाने संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों की दीवारों एवं सूचना पटों की तिरंगा सजावट, तिरंगा प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश के प्रति गर्व, कर्तव्य और एकजुटता का उत्सव है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे विद्यार्थी न केवल भारत के गौरवशाली इतिहास से जुड़ें, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में आत्मसात करें।

### 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर उतरे ओला-उबर टैक्सी ड्राइवर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर कंपनियों से जुड़े टैक्सी ड्राइवरों की हड़ताल छठे दिन भी जारी है। हजारों की संख्या में गाड़ियां इको गार्डन में खड़ी कर ड्राइवर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं पूरी हुई तो हड़ताल जारी रखेंगे। हड़ताल पर बैठे 'राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन शक्ति' से जुड़े कई ड्राइवरों ने कहा एप बेस्ड कंपनियां मनमर्जी से किराया घटाती-बढ़ाती हैं। बिना किसी सुनवाई के ड्राइवरों की आईडी ब्लॉक कर देती हैं। इससे उनकी आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है। एक प्रदर्शनकारी ड्राइवर ने बताया हम सुबह से शाम तक मेहनत करते हैं, लेकिन कंपनी इतनी कटौती करती है कि पेट्रोल का खर्च भी निकालना मुश्किल हो जाता है। ऊपर से बिना वजह आईडी ब्लॉक कर दी जाती है। हड़ताल की वजह से पिछले कुछ दिनों से ओला-उबर की सेवाएं लखनऊ शहर में बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खासकर चारबाग, एयरपोर्ट और हजरतगंज जैसे क्षेत्रों में यात्रियों को ऐप पर टैक्सी नहीं मिल रही है या किराया दोगुना तक दिख रहा है।

### विधानसभा अध्यक्ष को महिला उत्थान मंडल की बहनों ने अर्पित किया रक्षा सूत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। महिला उत्थान मंडल लखनऊ की बहनों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से भेंटकर रक्षा सूत्र अर्पित किया। बहनों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सतत विजय की मंगलकामनाओं के साथ यह शुभ संकल्प व्यक्त किया।भेंट के दौरान महिला उत्थान मंडल द्वारा संचालित विभिन्न सेवात्मक व सांस्कृतिक अभियानों जैसे'चले स्व की ओर' शिविर, दिव्य शिशु गर्भ संस्कार, तेजस्विनी भव अभियान, कैदी उत्थान कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान, आध्यात्मिक जागरण, नर सेवा-नारायण सेवा, संस्कृति रक्षा अभियान के अंतर्गत गीता ज्ञान प्रचार क्रांति, गौ संवर्धन, विश्व महिला दिवस 8 मार्च तुलसी पूजन दिवस 25 दिसंबर, मातृ-पितृ पूजन दिवस 14 फरवरी आदि की जानकारी स्पीकर को प्रदान की। अध्यक्ष ने सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए बहनों को विधानसभा सचिवालय का कैलेंडर एवं स्मृति चिह्न मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।इस अवसर पर पिंकी लखमानी, पल्लवी पांडे सहित महिला उत्थान मंडल की अन्य बहनें उपस्थित रहीं। संस्था के अर्जुन भाई एवं नारायण पांडे भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### कमता चौराहे पर चेकिंग अभियान में 25 वाहन सीज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के कमता चौराहे पर बुधवार को एसीपी विभूति खंड विनय द्विवेदी और एआरटीओ प्रशासन के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान शुरू किया। पुलिस अधिकारियों और परिवहन विभाग की टीमों ने दर्जनों वाहनों की जांच की। दस्तावेज पूरे न होने पर अब तक 25 वाहनों को सीज किया। यह अभियान सुबह से ही शुरू हुआ और पूरे दिन तक चलेगा, जिसमें खासतौर पर ऑटो, टैक्सी, निजी चारपहिया और प्राइवेट बसों की चेकिंग की जा रही है। अभियान में प्रभारी निरीक्षक चिनहट, प्रभारी निरीक्षक विभूति खंड, कमता चौकी प्रभारी, और अवध बस स्टेशन चौकी प्रभारी भी मौके पर मौजूद हैं। एक-एक वाहन की सख्ती से जांच कराई। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई सिर्फएक दिन के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दिनों में लगातार जारी रहेगी, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाया जा सके और सड़क पर चलने वाले वाहनों की वैधता सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान जिन 25 वाहनों को सीज किया गया, उनमें अधिकतर ऐसे वाहन थे जो बिना रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस सर्टिफिकेट या वैध ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे थे। इनमें कई ऑटो, टैक्सी और निजी चारपहिया वाहन शामिल थे, जो सार्वजनिक सड़कों पर बेखौफदौड़ रहे थे। अधिकारियों ने मौके पर ही कागजातों की जांच की, और जिनके दस्तावेज अधूरे पाए गए, उन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया। सीज किए गए वाहनों को पास के थानों में भेजा गया है, जहां वाहन स्वामी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही उन्हें छुड़ा सकेंगे। प्रशासन का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी वाहन को अब सड़कों पर नहीं चलने दिया जाएगा। परिवहन विभाग की ओर से तैनात अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि,अवैध वाहन चलाना न सिर्फकानूनन गलत है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा है। इसीलिए यह विशेष अभियान लगातार चलेगा।

# मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में जुलाई में 18394.27 करोड़ राजस्व प्राप्त

▸ जुलाई माह तक राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य के 74.2 प्रतिशत की प्राप्ति : खन्ना

एजेंसी, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश सरकार की मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के जुलाई माह में 18394.27 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के जुलाई माह में 17304.60 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष जुलाई माह की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में 1089.67 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के जुलाई तक मुख्य कर राजस्व प्राप्ति वाली मदों में 72346.08 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष



में जुलाई माह तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है। कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी में माह जुलाई 2025 में 6949.01 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष जुलाई 2024 के माह में प्राप्ति 6804.46 करोड़ रही थी।

वैट के अन्तर्गत माह जुलाई2025 में 2818.36 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह जुलाई, 2024 में प्राप्ति 2644.37 करोड़ रही थी। वहीं राज्य कर के अंतर्गत माह जुलाई, 2025 में रू0 9767.37 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई है, जबकि गत वर्ष जुलाई 2024 में 9448.83 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में राज्य कर के अंतर्गत 318.54 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

श्री खन्ना ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह जुलाई, 2025 में 4354.28 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह जुलाई, 2024 में प्राप्ति 3952.53 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2025 की राजस्व प्राप्ति 3112.26 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह जुलाई, 2024 में प्राप्ति 2762.50 करोड़ रही थी। परिवहन अन्तर्गत माह जुलाई2025 की राजस्व प्राप्ति 860.93 करोड़ है, गत वर्ष माह जुलाई,2024 में प्राप्ति 902.55 करोड़ रही थी। करेत्तर राजस्व के प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह जुलाई 2025 में प्राप्ति 299.43 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह जुलाई, 2024 में प्राप्ति 238.19 करोड़ रही थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष के जुलाई माह तक कर राजस्व के अंतर्गत प्रमुख मदों में 72346.08 करोड़ की प्राप्ति हुई है।

जीएसटी मद के अंतर्गत 27747.04 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 60.5 प्रतिशत है। वैट के अंतर्गत 9876.26 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 74.8 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत 18583.20 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो लक्ष्य का 96.8 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन मद के अंतर्गत11465.63 करोड़ की प्राप्ति हुई, लक्ष्य का 84.8 प्रतिशत है। परिवहन मद में 3774.70 करोड़ की प्राप्ति हुई हैं, जो लक्ष्य का 84.1 प्रतिशत है।

# नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की दिशा में रेलवे का महत्वपूर्ण कदम



▸ टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ 400 मेगावाट हाइड्रो पावर के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।

नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने के भारतीय रेलवे के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, उत्तर रेलवे ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (THDCIL) के साथ 400 मेगावाट जल विद्युत शक्ति की खरीद के लिए एक पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह समझौता 31 जुलाई 2025 को आशीष मेहरोत्रा, मुख्य विद्युत इंजीनियर/उ.रे. और आर. के. वर्मा, अपर महाप्रबंधक (वाणिज्य), टीएचडीसीआईएल के बीच ऋषिकेश में औपचारिक रूप से संपन्न हुआ।

यह रणनीतिक पहल भारतीय रेलवे की सततता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है और भारत के जलवायु संरक्षण के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जो पंचामृत के तहत पीएम मोदी द्वारा COP26 ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के अंतर्गत घोषित किए गए थे।

इस दृष्टिकोण के साथ, उत्तर रेलवे पहले ही विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना डेवलप कर्ताओं के माध्यम से 621 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा से समझौते कर चुका है। टीएचडीसीआईएल के साथ नवीनतम PPA इस दिशा को और अधिक सशक्त बनाता है, जिससे भारतीय रेलवे को हरित ऊर्जा की एक स्थिर और किफायती आपूर्ति सुनिश्चित होगी और इसके डीकार्बोनाइजेशन रणनीति को समर्थन मिलेगा। यह 400 मेगावाट हाइड्रो पावर अरुणाचल प्रदेश में स्थित कलाई-II हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (1200 मेगावाट) से प्राप्त की जाएगी।

### ऊर्जा मंत्री ने जनता से सीधा संवाद कर सुनीं समस्याएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ के बाढ़ संभावित और संवेदनशील क्षेत्रों परसिया, हा हा नाला व धरमपुर बिन्दटोलिया का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की वर्तमान स्थिति और तैयारियों का जायजा लिया। प्राकृतिक आपदा के इस संकट काल में सरकार जनता के साथ खड़ी है साथ ही हर संभव मदद के लिए तत्पर और सजग भी है। श्री शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलस्तर में किसी भी वृद्धि की स्थिति में तत्काल प्रभाव से सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं, राहत और बचाव दल पूरी तरह मुस्तैद रहें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में 24 घण्टेनिगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।विशेष रूप से बिन्दटोलिया क्षेत्र में हो रही कटान को लेकर मंत्री ने गहरी चिंता जताई और मौके पर ही सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को तटबंध को पत्थरों से सुदृढ़ करने हेतु कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान तटवर्ती लोगों ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि 2021 में बाढ़ के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था और ग्रामीणों के अनुरोध पर उन्होंने पत्थरों से तटबंध बनाने का आदेश दिया था जिसके फलस्वरुप तटीय किनारों पर पत्थर,ठोकर लगने से इस बार बारिश में काफी राहत है। ग्रामीण जनों ने इस ठोकर को और आगे बढ़ाने का अनुरोध किया जिसके लिए ऊर्जा मंत्री ने उन सबको आश्वस्त किया।उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी स्तर समझौता नहीं किया जाएगा। श्री शर्मा सीधे बस्तियों में पहुंचे, आम नागरिकों से संवाद किया, समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वहां तुरंत कैंप लगाकर शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन की पूरी टीम हर क्षण उनके साथ है। राहत सामग्री, दवाएं, बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।

# तिरंगा यात्रा के जवाब में कांग्रेस की 'जयहिंद यात्रा' कल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपीसीसी अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को लखनऊ स्थित नेहरू भवन में मीडिया से बात करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। बोले इस सरकार में न तो मंत्री की सुनी जा रही है और न ही जनता की। पूरे प्रदेश में खाद को लेकर लोग परेशान और लाठियां खाने को मजबूर है। कांग्रेस 8 अगस्त को काकोरी से 'जयहिंद यात्रा' शुरू करने जा रही है। ये यात्रा प्रदेश के 16 जिलों में निकाली जाएगी। सियासी जानकारों का कहना है कि ये भाजपा के तिरंगा यात्रा का जवाब है। प्रदेश में बाढ़ से लोग परेशान हैं और इस सरकार के मंत्री बेतुका बयान देकर लोगों के जख्म पर



नमक छिड़क रहे हैं। उनका इशारा निषाद पार्टी के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की ओर था। संजय निषाद ने बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्या सुनने के दौरान बोले थे कि गंगा मैया गंगा पुत्रों का पैर धुलने आती है। अजय राय ने कहा कि बनारस के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में आए लेकिन बाढ़ ग्रस्त इलाकों में परेशानी सुनने नहीं गए। सीतापुर में जेई ने ट्रांसफॉर्मर उतारने मना कर दिया। राज्यमंत्री सुरेश राही से कहा आप खुद स्टोर तक ले जाइए, इसके बाद बदला जाएगा। इस पर मंत्री सुरेश राही ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रस्सी खींच कर खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को नीचे उतरवाया। जेई निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा इस सरकार एक मंत्री को ट्रांसफॉर्मर लगवाने के लिए धरना देना पड़ रहा है, तो आप अंदाजा लगाइए कि आम लोगों की क्या हालत है। इससे पहले कानपुर में भी महिला मंत्री को एक थानेदार को हटाने के लिए धरना देना पड़ा था। बावजूद आज तक वह थानेदार नहीं हटा।

### सदस्य, परिचालन एवं व्यवसाय विकास द्वारा स्टेशन यार्ड की गुड्स, गार्ड व ड्राइवर लॉबी का निरीक्षण



समृद्धि न्यूज, लखनऊ। रेलवे बोर्ड के सदस्य, परिचालन एवं व्यवसाय विकास हितेन्द्र मल्होत्रा द्वारा लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन यार्ड में स्थित गुड्स लॉबी, गार्ड लॉबी एवं ड्राइवर लॉबी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री मल्होत्रा द्वारा लॉबी में उपलब्ध सुविधाओं जैसे, लॉगबुक व्यवस्था, ड्यूटी अलॉटमेंट प्रणाली तथा तकनीकी संसाधनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। सदस्य ने लॉबी के रखरखाव एवं सुविधाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे लखनऊ सुनील कुमार वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एलडीए ने बढ़ाई ई-ऑक्शन की तारीख

**18 अगस्त तक पंजीकरण होंगे, 20 को निकाली जाएगी लॉटरी**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने राजधानी में घर का सपना देखने वालों को बड़ी राहत दी है। प्राधिकरण ने अपने आगामी ई-ऑक्शन की तारीख आगे बढ़ा दी है। पहले लॉटरी का 8 अगस्त को आयोजन होना था, लेकिन अब इसे 20 अगस्त को किया जाएगा, जबकि पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 अगस्त निर्धारित की गई है। ई-ऑक्शन की खास बात यह है कि इसमें बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जी में स्थित 50 आवासीय भूखंड शामिल किए गए हैं। ये भूखंड गऊ घाट के पास नव-निर्मित ग्रीन कॉरिडोर से सटे हुए हैं। प्रत्येक भूखंड का क्षेत्रफल 252 वर्गमीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 32,955 प्रति वर्गमीटर तय की गई है। इन भूखंडों की कुल कीमत लगभग 310 करोड़ आंकी गई है। लैंड ऑडिट के दौरान बालू अड्डा और ऐशबाग (भदेवां के निकट) क्षेत्रों में प्राधिकरण की अर्जित भूमि क्रमशः 4,200 वर्गमीटर और 5,000 वर्गमीटर चिह्नित की गई है। इन दोनों स्थानों पर बहुमंजिला आवासीय भवन बनाने की योजना तैयार की जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार द्वारा कराए गए लैंड ऑडिट के माध्यम से कई बहुमूल्य और खाली कराई गई संपत्तियों को भी इस ई-ऑक्शन में शामिल किया गया है। गोमती नगर विस्तार में एसएसबी के पास स्थित 2.5 हेक्टेयर भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 100 करोड़ है। विशाल खंड, गोमती नगर में स्थित 1800 वर्गमीटर के भूखंड, जिनका उपयोग व्यवसायिक और नर्सिंग होम के लिए निर्धारित है।

# छात्रवृत्ति भुगतान के लिए संशोधित समय सारिणी जारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 11-12 के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी की है। इसके अनुसार प्रथम चरण में 31 अगस्त तक आवेदित एवं विद्यालय से अग्रसारित छात्रों को छात्रवृत्ति की धनराशि का भुगतान 02 अक्टूबर को किया जाएगा। द्वितीय चरण में साल के आखिरी माह 31 दिसम्बर तक शेष छात्रों को छात्रवृत्ति की धनराशि का



▸ प्रथम चरण में 02 अक्टूबर को होगा छात्रवृत्ति की धनराशि का भुगतान
▸ शेष छात्रों को 31 दिसम्बर तक किया जाएगा छात्रवृत्ति की धनराशि का भुगतान

भुगतान किया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण के छूटे हुए छात्रों को द्वितीय चरण में शामिल किया जाएगा। अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति की 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि के भुगतान के बाद भारत सरकार को डाटा प्रेषित कर 60 प्रतिशत केन्द्रांश की धनराशि का भुगतान कराया जाएगा।

निदेशक ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया दो जुलाई से 30 अक्टूबर, 2025 तक रहेगी। विद्यालय से आवेदन का अग्रसारण छह नवम्बर तक किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर 14 दिसम्बर तक सत्यापन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पूर्व दारोगा के बिजनेसमैन बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

गुडम्बा इलाके के बसहा गांव कुर्सी रोड निवासी बिजनेसमैन रवि रावत उर्फ़ बिट्टू पुत्र रामदास उम्र लगभग 36 वर्ष ने बुधवार को करीब 3 बजे अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया, देखते ही देखते आस पास मातम का माहौल हो गया मौके पर पहुंची गुडम्बा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की वजह साफ़ नहीं हो पाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि रावत बुधवार को अपने घर पर थे अन्य परिजन घर के काम काज में लगे थे इस बीच रवि ने कमरा बंद



▸ पांच भाइयों में सबसे छोटा था मृतक रवि रावत उर्फ़ बिट्टू, पिता दारोगा तो माता रह चुकी हैं प्रधान

करके फंदे पर लटक कर खुद की जीवन लीला समाप्त कर ली। रवि रावत 5 भाइयों में सबसे छोटे भाई थे जिनके पिता जी स्वर्गीय रामदास रावत उत्तर प्रदेश पुलिस में दारोगा थे। रवि की स्वर्गीय माता जी ग्राम पंचायत बसहा की भूतपूर्व प्रधान भी रह चुकी हैं इनके एक भाई दिनेश कुमार रावत की बीमारी के चलते लगभग दो महीने पहले डेथ हो गई थी। और एक भाई की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है।

मृतक रवि रावत के सबसे बड़े भाई देवेन्द्र रावत इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हैं तो एक एक भाई राकेश रावत अधिवक्ता हैं। वहीं परिवार में रवि रावत की पत्नी और लगभग 8 वर्ष का एक बेटा 5 वर्ष की एक बेटी भी है। मृतक रवि व उनके परिजन कुर्सी रोड के बड़े कारोबारी माने जाते हैं। फिलहाल पुलिस रवि के शव का पोस्टमास्टर्म करा आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**सराहनीय** | मेडिकल कॉलेज व एमबीबीएस संग पीजी सीटों में हुआ इजाफा

# चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बदली उत्तर प्रदेश की छवि

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

वर्ष 2017 से पहले बीमारू प्रदेश कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों में स्वस्थ और उत्तम प्रदेश बनकर उभरा है। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि, एमबीबीएस-पीजी सीटों में विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और रिसर्च संस्थानों की स्थापना तथा आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है।

योगी सरकार की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि वर्ष 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद से, योगी सरकार ने प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुसार पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज संचालित किए गए हैं, जिनमें 44 राजकीय एवं 36 निजी मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, औरैया, चंदौली, गोंडा, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी और कौशांबी जैसे जिलों में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ हो चुका है। वहीं, महाराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर चिकित्सा शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया गया है। वहीं प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती देने के लिए एमबीबीएस और पीजी सीटों में भी ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में 5,250 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जबकि निजी क्षेत्र में 6,550 सीटें हैं। योगी सरकार के प्रयासों से आयुष चिकित्सा शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है। प्रदेश में कुल 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी और 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालय कार्यरत हैं।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल शिक्षा को लगे पंख

योगी सरकार ने नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में स्वीकृत 27 नर्सिंग कॉलेजों में से 25 में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही, नर्सिंग में 7,000 सीटों और पैरामेडिकल में 2,000 सीटों की वृद्धि की गई है। प्रदेश में लंबे समय से बंद पड़े 35 एएनएम (सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी) प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः शुरू किया गया है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वहीं, गोरखपुर और रायबरेली में एम्स (एआईआईएमएस) का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। इतना ही नहीं सभी जिलों में डायलिसिस सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही 74 जिलों में सीटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे रोगियों को सस्ती और सुलभ जांच सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों व संस्थानों की स्थापना

चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए राजधानी लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट में 'सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च फॉर कैंसर' की स्थापना की गई है। इसके अलावा संजय गांधी पीजीआई (एसजीपीजीआई) में डायबिटीज सेंटर की स्थापना के साथ-साथ 500 बेड के एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आईआईटी कानपुर के तहत 500 शैय्या युक्त सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के साथ 'स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी' की स्थापना भी की जा रही है, जो चिकित्सा अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देगा।

# फाइलेरिया हो या न हो, सभी करें दवाओं का सेवन: सीएमओ

- 10 अगस्त से जनपद के 12 ब्लॉकों में चलेगा एमडीए अभियान
- सीएमओ कार्यालय सभागार में मीडिया कार्यशाला का आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद गोंडा में 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान जिले के 12 चिन्हित ब्लॉकों में चलाया जाएगा, जिसमें 28.81 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। इस अभियान की प्रभावी तैयारियों और जनजागरूकता के लिए मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में एक मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने कहा, फाइलेरिया से मुक्ति केवल चिकित्सा का नहीं, बल्कि जनभागीदारी का विषय है। मीडिया हमारी ताकत है–जब आप हमारे साथ होते हैं, तो यह संदेश जन-जन तक पहुँचता है और जागरूकता का असर कई गुना बढ़ जाता है। कार्यक्रम में वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा ने बताया कि जनपद में वर्तमान में फाइलेरिया (हाथीपाँव) के 2,015 और हैड्रोसिल के 154 मरीज पंजीकृत हैं। अभियान के दौरान 2,305 दवा वितरण टीमें घर-घर जाकर 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को दवा खिलाएँगी। यह दवा केवल टीम की



निगरानी में ही दी जाएगी, न कि बाद में सेवन के लिए। गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों और 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 385 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

डॉ. प्रतिभा, विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन, मेडिकल कॉलेज ने कहा, फाइलेरिया मच्छर से फैलने वाली एक उपेक्षित बीमारी है, जो वर्षों बाद हाथ, पैर या स्तनों में सूजन व हैड्रोसिल जैसे लक्षणों में सामने आती है। इसका कोई इलाज नहीं है, इसलिए, रोकथाम ही सबसे सशक्त हथियार है। अभियान में जब 65 प्रतिशत से अधिक लोग दवा का सेवन करते हैं, तभी संक्रमण की श्रृंखला टूटती है। कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सी एच ओ) के नेतृत्व में गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म) की सदस्य एवं फाइलेरिया से पीड़ित बबीता सिंह ने अपनी मार्मिक कहानी साझा करते हुए कहा, यह बीमारी न केवल शरीर को, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन के सपनों को भी तोड़ देती है। सूजे हुए पैरों के कारण आत्मनिर्भर बन पाना बेहद कठिन हो गया है। ग्राम पंचायत सोनापार के प्रधान देवेन्द्र दत्त, जो पीएसपी सदस्य भी हैं, ने कहा, गाँव-गाँव जाकर हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि फाइलेरिया से बचाव का एकमात्र उपाय है समय पर दवा खाना। जब हर व्यक्ति दवा खाएगा, तभी यह रोग जड़ से समाप्त होगा। कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी एस.जे.ए. जैदी, मलेरिया इंस्पेक्टर, पाथ संस्था से शकील, पीसीआई से लोकेश तिवारी तथा जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सेवारत कृषि प्रसार कार्मिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

मनकापुर गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में कृषि विभाग के सेवारत कृषि प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय खरीफ फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण आज दिनांक 06.08.2025 को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का समापन डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा किया गया। उन्होंने कृषि प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कृषकों के खेतों का मृदा नमूना परीक्षण करवाने का आवाह्न किया। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग से फसल की भरपूर उपज मिलती है तथा प्रदूषण में कमी आती है। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ.





हनुमान प्रसाद पांडे ने खरीफ फसलों धान, ज्वार बाजरा आदि मोटे अनाजों, अरहर, उर्द,मूंग, तिल एवं गन्ना में खाद एवं उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी।

डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने धान के साथ मत्स्य पालन तथा डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने प्रक्षेत्र प्रभारी ने हरी खाद उत्पादन तकनीक एवं महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर रोहित कुमार सिंह बीटीएम, राजेश जायसवाल बीटीएम सहित सहायक तकनीकी प्रबंधकों अरविंद कुमार शुक्ला,पंकज चतुर्वेदी, रामकिशुन वर्मा, रामबाबू तिवारी आदि ने प्रतिभाग कर खरीफ फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन विषयक जानकारी प्राप्त की तथा केंद्र पर संचालित नर्सरी उत्पादन, मशरूम उत्पादन इकाई, मुर्गी पालन इकाई आदि का भ्रमण कर उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी प्राप्त की।

## जिलाधिकारी से सड़क बनवाने की किया मांग

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। गोण्डा भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महा संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं वन,पर्यावरण एवं जलवायु संवर्धन परिषद भारत के वाइस चेयरमैन सर्वेश पाठक



गोंडा के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अपने पैतृक गांव विद्यानगर, (ककरहवा) मोतीगंज में सड़क निर्माण की मांग की है।पत्र में सर्वेश पाठक ने उल्लेख किया कि गांव तक जाने वाली मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है,जिससे बरसात के समय ग्रामीण विद्यार्थियों एवं आपातकालीन सेवाओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि इस सड़क अविलंब कार्रवाई करते हुए पक्का सड़क निर्माण (सीसी रोड पीडब्ल्यूडी मानक के अनुसार) कराया जाए,ताकि जनता को राहत मिल सके। सर्वेश पाठक ने कहा कि यह कार्य जनहित में अत्यंत आवश्यक है और शासन की विकास नीतियों के अनुरूप भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस दिशा में त्वरित कदम उठाएगा।

# सड़क हादसे में दो युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

करनैलगंज-कटरा स्थित उमरिया नहर के पास मंगलवार देर रात झूला देखकर लौट रहे एक ही गांव के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतकों की पहचान ग्राम दिनारी के उसरैरिया निवासी अनिल कुमार व मोहित के रूप में हुई है।बताया जाता है कि दोनों युवक सावन झूला कार्यक्रम देखने बाइक से पहाड़पुर गए थे। वापस घर लौटते समय देर रात अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी,जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोह राम मच गया है।दिनारी के प्रधान जहीर खान ने बताया कि मृतक अनिल कुमार भाइयों में सबसे में छोटा था।उसका विवाह अभी चार मा ह पहले मई में ही सविता कुमारी से हुआ था। वह मुंबई में नौकरी करता था। हाल मे ही घर आया था।उससे बड़े भाई सुनील है बीस वर्षीय बहन पूनम जिसकी शादी अभी नहीं हुई है। व हन का रो-रोकर कहती है भैया दो दिन बाद रक्षाबंधन है अब हम राखी कैसे बांधेंगे। मां शिव पति भी रोते रोते बेहोश हो जा रही हैं। मृतक मो हित भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।वह दिल्ली में नौकरी करता था।

मोहित के पिता चंद्री प्रसाद रिक्शा चलाते हैं। वह दुर्घटना में दो माह पहले घायल हो गए थे। पैर का आपरेशन हुआ है। मोहित से छोटे आदर्श,वरुण व दो बहन नीलम व सोनम है,अभी किसी की शादी नहीं हुई है थाना कटरा बाजार के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## शिव पुराण कथा में होता है 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन: रवि शंकर महराज

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। श्री महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर में श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा के तत्वाधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित शारदा मैरिज लान में आयोजित अंतिम दिन बुधवार को प्रातः 6 बजे से पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक दूध, गन्ने और कुश मिश्रित जल से हुआ यह रुद्राभिषेक रोग निवृत्ति के लिए माना जाता है। उसके बाद हवन पूजन सभी भक्तों ने बारी बारी किया। उसके बाद पूर्णाहुति हुई फिर आरती हुआ उसके प्रसाद वितरण हुआ।पार्थिव पूजन के समय समय तमाम भक्तगण मौजूद रहे। मंगलवार को सायंकाल अंतिम दिवस की कथा में श्री रविशंकर जी महाराज गुरु भाई जी ने 12 ज्योतिर्लिंगों का वर्णन कथा के माध्यम से किया।

# कजरीतीज को लेकर डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा आगामी कजरीतीज की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि कजरीतीज कांवड़ जलाभिषेक में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ





कार्य करने और जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंदिरों के आसपास बैरिकेटिंग, नदी में बैरीकेटिंग जल लगाकर, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं (स्वास्थ्य कैम्प), यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी जरूरी सुविधाओं की समय से व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ड्रोन निगरानी व महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान यदि किसी भी विभाग की लापरवाही या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हुए कार्यों को समय से पहले पूर्ण करें ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी करनैलगंज यशवंत राव, पुलिस क्षेत्राधिकार करनैलगंज विनय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोंडा विशाल कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड 1, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, एवं अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने की आत्महत्या, तीन साल पहले हुई थी शादी

- कमरे में फंदे से लटका मिला शव, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के धनवा राजा गांव में बुधवार सुबह 6 बजे एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 26 वर्षीय पुष्पा देवी की लाश घर के अंदर फंदे से लटकी मिली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।पुष्पा देवी की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व राजकुमार पुत्र सियाराम लोधी से हुई थी। मृतका के भाई अखिलेश लोधी, निवासी नौसर गुमटिहा (मोतीपुर), ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनकी बहन पुष्पा की मौत की जानकारी ससुराल वालों से नहीं मिली, बल्कि गांव के अन्य लोगों से खबर मिली थी। इस पर उन्हें शक हुआ। सूचना पर खैरीघाट थाने के उप निरीक्षक रामदयाल गिरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट की टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खतरे के निशान से 42 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है घाघरा



गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

घाघरा व सरयू नदी का जलस्तर रुकने का नाम नहीं ले रहा है।बैराजों से लगातार छोड़े जा रहे पानी और झमाझम बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। सरयू नदी अब खतरे के निशान से 42 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है हर घंटे एक सेंटीमीटर की दर से नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। करीब दो दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अनुमान है कि अगर जलस्तर ऐसे ही बढ़ता रहा,तो हालात और बिगड़ सकते हैं। फिल हाल 365955 लाख क्यूसेक पानी विभिन्न बैराजों से बुधवार को छोड़ा गया है।

गोंडा जिले के करनैलगंज क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतें पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिरी हुई हैं। नकहरा गांव अब महज 50 मीटर की दूरी पर है। जहां

## नदी में समाए तीन मकान, कई पर खतरा

ऐली परसौली गांव में बाढ़ की तेज धार ने शिव दयाल,सुदर्शन और अर्जुन के मकानों को लील लिया। तेलम्हन पुरवा गांव खतरे की जद में है। जगदीश और छोटकू के मकानों के सामने कटा न की दीवार खड़ी हो गई है। बेलसर ब्लॉक के चार गांवों की बस्तियां भी बाढ़ के निशाने पर हैं। वहीं एसडीएम यशवंत राव ने बताया कि बाढ़ पर हर पल नजर रखी जा रही है। प्रभावित गांवों में राजस्व विभाग की टीमें लगातार मुस्तैद हैं। सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ पर शरण लिए लोगों के लिए भोजन के पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं।

- करनैलगंज क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतें पूरी तरह बाढ़ से घिरी

जल पहुंचने में देर नहीं लगेगी। माझा रायपुर,चंदापुर किटौली जैसे गांवों में पानी तेजी से फैल रहा है कुछ मजरे टापू में तब्दील हो गए हैं।

**ग्रामीण सुरक्षित ठिकाने की तलाश में जुटे:** बांध को बचाने में दिन भर पसीना बहाते रहे अफसर तेज बहाव के चलते बांधों पर दबाव बना हुआ है।बुधवार को दिनभर बांस और बल्लियों से पायलिंग कर बहाव को रोकने की कोशिश की जाती रही। बाढ़ खंड के अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं। आशंका है कि जलस्तर में तेजी बनी रही।

तो बृहस्पतिवार तक नकहरा गांव पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। लोग तट बंधों की ओर पलायन करने लगे हैं। बहुवन मदार माझा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कटान और पानी की रफ्तार से गांव में भय का माहौल है।

## स्पार्क कालेज की निदेशिका व छात्र-छात्राओं ने महिलाओं को दी स्तनपान की जानकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। बौंडी - मरौचा मार्ग के अलादादपुर स्थित स्पार्क ग्रुप आफ कालेज में स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इसके तहत अलादादपुर गांव में धात्री और गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के लाभ के बारे में बताया। निदेशिका डा. अभिलाषा वर्मा ने महिलाओं को मां के दूध के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को शिशुओं को दूध पिलाने की सही प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया। नर्सिंग के जीएनएम की छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन्म के छह माह तक शिशु को मां का दूध ही पिलाना चाहिए। इस मौके पर शिक्षिका वंदना, मंजुला,शारदा वर्मा,अमना जिया, श्रद्धा शुक्ला,शिवानी चौधरी व कोमल देवी मौजूद रहीं।

# बाघ की दहशत से रात भर जाग रहे लोग, खेत जाने से डर रहे किसान

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



नवाबगंज क्षेत्र के चनैनी गांव में बाघ की मौजूदगी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार की रात गांव के बाहर बाघ की आहट के बाद ग्रामीण पूरी रात जागते रहे और सुरक्षा के इंतजाम करते दिखे। गांव के लोगों ने आग जलाकर और बाइक की लाइटें जलाकर हांका लगाया, ताकि बाघ गांव में प्रवेश न कर सके। सोमवार को भी ग्रामीणों ने गांव के बाहर धान के खेतों में बाघ को घूमते देखा था। शोर मचाने पर वह पास के अब्दुल्लागंज जंगल की ओर चला गया था, लेकिन तब से अब तक ग्रामीणों का डर कम नहीं हुआ है।मंगलवार रात को जब फिर से बाघ की मौजूदगी की आशंका हुई, तो चनैनी और पास के इटहवा गांव के सैकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर निकल पड़े। उन्होंने गांव के चारों ओर गश्त की और आग जलाकर रात भर पहरा दिया। ग्रामीण तुफैल अहमद और नूरुल का कहना है कि बाघ की दहशत इतनी बढ़ गई है कि किसान अब अपने खेतों में काम करने नहीं जा रहे हैं।

# हर घर तिरंगा यात्रा अभियान कार्यशाला आयोजित

यात्रा के माध्यम से लोगों के दिलों में राष्ट्र भक्ति जगाने का कार्य करेंगे: बृजेश पांडेय

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की मंच संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी ने किया। अपने उदबोधन में जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्टी द्वारा घर-घर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम किया जाना है। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता आज





भारत के दूसरे उत्सव और गौरव गान का समय है यह विजय उत्सव आतंक हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलना है यह विजय उत्सव सिंदूर की सौगंध को पूरा करने का है यह विजय उत्सव भारत की सेवा के शौर्य और समर्थ का है। इस कारण से भी हम सभी को इस कार्यक्रम के माध्यम से हर घर तिरंगा और यात्रा के माध्यम से लोगों के दिलों में राष्ट्र भक्ति जगाने के कार्य करेंगे। मुख्य अतिथि शिव भूषण सिंह ने कहा कि आपकी बार मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए सब का जोश हाई रहता है।

गरीब और अमीर हो छोटा घर हो या बड़ा घर हो तिरंगा फहराकर राष्ट्र भक्ति से और ओतप्रोत होता है। हम सबको बस यही कार्य करना है कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण करने के पश्चात वंदे मातरम गीत जिला मंत्री हेमा निगम व पुष्पा चौधरी ने प्रस्तुत किया व कार्यक्रम के समापन के अवसर पर राष्ट्रगान जिला मंत्री डॉ डिंपल जैन व महिला मोर्चा जिला संयोजिका रंजीता श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत किया किया गया।

## सेवानिवृत सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए अरुणेंद्र

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ में अनुचर के पद पर कार्यरत अरुणेंद्र कुमार द्विवेदी के 21 वर्ष सेवा करने के बाद 31जुलाई 2025 को सेवानिवृत हो गए। ब्लाक संसाधन केंद्र पयागपुर के सभागार में सेवानिवृत अरुणेंद्र कुमार द्विवेदी के सम्मान समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी तथा मुख्य अतिथि जिला मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजेश कुमार मिश्र रहे। शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी ने कहा कि अरुणेंद्र कुमार द्विवेदी का कार्यकाल बहुत ही विभाग के प्रति वफादार रहा तथा तन मन से विभाग की सेवा की। मुख्य अतिथि जिला मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि श्री द्विवेदी का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा विभाग के सूचनाओं का आदान प्रदान बहुत ही गोपनीय तथा सही समय पर गोपनीयता के साथ करते रहे।

# एसपी ने पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले, हरदी एसओ बने एसपी वाचक

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

- सुजौली और खैरीघाट थाना प्रभारी भेजे गए पुलिस लाइन

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। इस फेरबदल में सुजौली थानाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह और खैरीघाट एसओ सूरज कुमार राणा को लाइन भेज दिया गया है। हरदी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को एसपी का वाचक नियुक्त किया गया है। नानपारा कोतवाली में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत आलोक सिंह को हरदी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जरवलरोड थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र शर्मा को सुजौली का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। स्वाट टीम में तैनात दरोगा राशिद अली को खैरीघाट एसओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि खैरीघाट के पूर्व थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा का पहले ही गैर जनपद स्थानांतरण हो चुका था। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने बताया कि ये सभी तबादले जनहित में किए गए हैं। इस फेरबदल में कुल तीन दरोगाओं को थानाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नए अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखेंगे।

# नेपाल में बारिश, बहराइच में आफत, ग्रामीण खुद तोड़ रहे आशियाना

शिवपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।

पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश बहराइच के तलहटी इलाके में मुसीबत का सबब बन गई है। बैराजों से पानी छोड़े जाने का सिलसिला लगातार जारी है। जिससे सरयू नदी उफान पर है। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के दुइजी पुरवा, पसियन पुरवा, बल्दुपुरवा, बौंडी, गड़ेरियन पुरवा, झुंडी, तिगड़ा, अम्बरपुरवा, गुजराती पुरवा सहित करीब दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। इन गांवों का संपर्क भी कट गया है। रोज़मर्रा की वस्तुएं उपलब्ध कराना चुनौती बनी हुई है। गांव तक आने जाने का एक मात्र सहारा नाव है।



**मवेशियों के लिए बाढ़ बना चुनौती...:** खेत खलिहान गांव सहित चारों तरफ बाढ़ के पानी ने अपना घर बना लिया है। जिस कारण मवेशियों के लिए, चारा उपलब्ध होना एक चुनौती बन गई है। सबसे ज्यादा बेसहारा मवेशियों के लिए चारा संकट खड़ा हो गया है।

**कटान हुई तेज,आशियाना तोड़ रहे ग्रामीण:** शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के पसियन पुरवा, मंगल पुरवा, झुंडी में आवासीय मकान तथा बौंडी, तिगड़ा, अम्बरपुर, चौकसाहार , बेलामकन, पाठक पुरवा आदि गांव में उपजाऊ भूमि नदी में समाहित हो रही है। झुंडी गांव निवासी कैलाश, अवधेश, चंद्रभाल मकान काटने के भय से अपना मकान खुद तोड़कर ईंट आदि बचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेखपाल प्रदीप कुमार के मुताबिक झुंडी गांव निवासी भिखू, त्रिभुवन, सर्वेश, सुग्रीव, प्रदीप, नंदराम, ओमकार, रुदसेन, शिवराम, तथा सीता देवी आदि के मकान सरयू नदी में समाहित हो गए हैं।

**प्रशासन अलर्ट, बाटे लंच:** क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार ने बताया कि कटान एवं बाढ़ से अति प्रभावित गांव में 200 से अधिक लंच पैकेट को वितरित किया गया है। शेष सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। झुंडी गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पानी के तेज बहाव में कट गया है। वहां पर दो नाव लगाई गई है। शेष तीन बौंडी, दो अम्बरपुर, एक पुसुपुरवा में भी लगाई गई है।

**एसडीएम और बीडीओ ने किया निरीक्षण:** शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के बेतनिया गांव के समीप गढ़ीघाट पुल का अप्रोच कटने तथा संपर्क टूटने की सूचना पर उप जिलाधिकारी नानपारा लालधर प्रसाद यादव, नायब तहसील हर्षित पांडेय, खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। साथ ही बाढ़ पीड़ितों को भोजन एवं रहने की व्यवस्था करने का ग्राम प्रधान को निर्देशित किया।

**कटे संपर्क मार्ग, आवागमन बाधित:** बाढ़ के पानी ने संपर्क मार्गों को अपनी जद में कर लिया है। जिससे शिवपुर मार्ग, अंबरपुर मार्ग, गुजराती पुरवा मार्ग, सोहबतिया मार्ग सहित दर्जनों गांव का संपर्क कट गया है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

# कटान प्रभावित गांव जानकीनगर पहुंचे जिलाधिकारी

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत नदियों के जल स्तर में हो रही वृद्धि के मद्देनज़र निचले क्षेत्रों में जल भराव जैसी स्थिति का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ तहसील महसी क्षेत्र का भ्रमण किया। क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम ने पूर्व प्रसाद से एन.डी.आर.एफ. की मोटर बोट में जल भराव व कटान से प्रभावित क्षेत्रों जानकीनगर, जोधेपुरवा, कोढ़वा, टंच व अन्य ग्रामों व मजरों का भ्रमण कर स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डीएम ने तहसील प्रशासन महसी को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये रखें। डीएम



ने निर्देश दिया कि जलभराव के कारण ग्रामवासियों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। प्रभावित व्यक्तियों को शासन की मंशानुरूप तत्काल राहत पहुंचायी जाय। शरणालय में शिफ्ट किये गये लोगों के लिए भोजन पानी, प्रकाश इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जाय। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत पूरे प्रसाद सिंह के मजरे जानकीनगर का मोटर बोट से भ्रमण किया गया है। बढ़ रहे जल स्तर को देखते हुए जानकीनगर के ग्रामवासी दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट होने के लिए तैयार हो गये है। ग्रामवासियों को प्रभावित ग्राम से शिफ्ट करने के लिए 04 बोट लगायी गयी है। प्रभावित लोगों के लिए पूरे सीतापुर में स्थापित शरणालय लाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी महसी राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, तहसीलदार विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जानवर से लड़ा बाइकसवार, गंभीर रूप से घायल

**डलमऊ, रायबरेली।** बाइक पर सवार होकर मुराई बाग कस्बा जा रहा बाइक सवार कुत्ते से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर घायल की स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कंधरपुर निवासी सुजीत कुमार पुत्र रामशंकर बाइक पर सवार होकर किसी काम से मुराई बाग कस्बा जा रहा था जैसे ही वह पचखरा मोड़ के पास पहुंचा तभी अचानक एक कुत्ता उसके सामने आ गया जिससे वह टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ भेजा जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि कुत्ते से लड़कर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लाया गया था हालत गंभीर होने पर से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### पारिवारिक विवाद में पत्नी ने खाया जहर, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

**खीरी,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के प्रसाद खेड़ा मजरे सगुनी गांव में मंगलवार रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र मातादीन कश्मीर में एक ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता है और एक सप्ताह पहले ही घर लौटा था। मंगलवार रात उसकी पत्नी मौसमी (31) से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मृतका के बड़े बेटे आकाश (12) ने बताया कि मम्मी-पापा दोनों ने रात में शराब पी थी। कुछ देर बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़े के कुछ समय बाद मम्मी ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया और ऊपर से एक लोटा पानी पी लिया। हालत बिगड़ने पर पापा उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही मम्मी की मौत हो गई। मृतका मौसमी अपने पीछे 12 वर्षीय बेटे आकाश के अलावा जुड़वां बच्चे विकास (5) और राधिका (5) को छोड़ गई है। मां की मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना को लेकर शोक की लहर है। पड़ोसियों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच अक्सर घरेलू विवाद होते रहते थे। सीएचसी खीरों में तैनात डॉ. राहुल घोष ने बताया कि महिला को मृत अवस्था में लाया गया था। जांच में पुष्टि हुई कि महिला ने जहरीला पदार्थ खाया था जिससे उसकी मृत्यु हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरती शर्मा बनीं परामर्श केंद्र की सह सचिव



**सीतापुर।** राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा संचालित विधि परामर्श केंद्र की बैठक केंद्र कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्र की अध्यक्ष रेखा द्विवेदी ने की बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों के चर्चा के साथ समिति का विस्तार किया गया। समिति कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आरती शर्मा को समिति का सह सचिव मनोनीत किया। अध्यक्ष रेखा द्विवेदी ने मनोनीत पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र का उद्देश्य पीड़ित लोगों को न्याय के लिए उचित उचित सलाह मिल सके इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक के अंत में कोषाध्यक्ष विभम द्विवेदी ने आभार जताया। बैठक के दौरान अध्यक्ष रेखा द्विवेदी महासचिव अंजू द्विवेदी, न्यायपीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, सह सचिव आरती शर्मा, रिकू, व कोषाध्यक्ष विभम द्विवेदी रहे इसके साथ ही सोशल मिडिया के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, महासचिव विजय शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, जिला उप सचिव डॉ विकाश जैन, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने नव मनोनीत पदाधिकारी आरती शर्मा को शुभकामनाए दी।

### अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** अटारिया पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त रोहित कुमार यादव पुत्र सियाराम यादव निवासी ग्राम रहसपुर बिलरिया थाना सिधौली जनपद सीतापुर को टिकौली रेलवे क्रासिंग के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश किया गया।

### जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, आलाकत्ल ब्लेड के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना जामो अन्तर्गत ग्राम फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा में एक महिला का शव कुएं में मिला था। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया व मृतका की पहचान इलाइची देवी उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी दादू मंगता के रूप में हुई थी। मृतका के पति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र अनावरण हेतु निर्देश दिये गये थे। पूछताछ में बगल के डेरे में रहने वाले धर्मेन्द्र मंगता ने बताया कि घटना की रात मैं शौच के लिए बाहर गया था तभी देखा कि दादू की पत्नी आगे-आगे जा रही थी जिसके पीछे-पीछे दादू मंगता रोकने व मनाने का प्रयास कर रहा था। कुछ देर बाद दादू जब वापस लौटा तो अकेले ही था उसकी पत्नी उसके साथ में नहीं थी। जांच में प्रकाश में आये तथ्यों के आधार पर मृतका के पति दादू मंगता उर्फ काने पुत्र विफई मंगता को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दादू ने बताया कि वह अपनी पत्नी को बाहर से लेकर आया था। घटना की रात मीट धुलने व बनाने के लिये मेरा झगड़ा हो गया था जिससे नाराज होकर वह डेरे से निकल कर जाने लगी थी। मेरे मना करने के बावजूद भी डेरे से बाहर निकल जाती थी। जब वह मेरा हाथ छुड़ाकर जाने लगी तो मुझे लगा कि वह मुझे छोड़कर जाना चाहती है। तभी उसे गिराकर उसके सीने पर अपना घुटना रख दिया जिससे वह बेहोश हो गई उसके बाद जेब में रखी ब्लेड को उसके गले पर चला कर गला काट दिया था। कोई शक न करे इसलिये मृतका के कपड़े इधर-उधर करके दिया तथा घटनास्थल से कुछ दूरी पर ब्लेड को छिपाकर रख दिया था और चुप चाप डेरे में चला गया था। सुबह भी जब आसपास के लोगों द्वारा शव को देखा गया तब भी पति द्वारा पुलिस को सूचना न देकर शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही जाने लगी।

### मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड बहादुरपुर के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी रोकने के उद्देश्य से सघन जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के शंकरगंज जायस क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान दुकानों में बिक रही मिठाइयों के विभिन्न नमूने लिए गए। इन सैंपलों को प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जहां जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई रखने, गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ बेचने और मिलावटी सामग्री से बचने की सख्त हिदायत दी। अधिकारियों का कहना है कि मिलावटी मिठाइयों से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, इसलिए समय रहते कड़ी कार्रवाई की जा रही है। यदि मिठाइयों के नमूनों में गड़बड़ी पाई गई, तो संबंधित दुकानदारों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित

**तीन चरणों में होगा कार्यक्रम, प्रथम चरण- प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय- 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण- 13 से 15 अगस्त तक चलेगा**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और आम जन मानस को भी आमंत्रित किया जाए। सभी तैयारियां पहले ही करा ली जाए। सभी विभाग आपस में समन्वय बना के कार्य करेंगे। जिस विभाग को तिरंगा निर्माण का जो लक्ष्य दिया गया है उसे समय से पूरा करें। जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम जोश और उत्साह के साथ मनाया जाए। कार्यक्रम तीन चरणों मे होगा। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूल, कालेज, सार्वजनिक स्थानों आदि पर कार्यशालाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक चलेगा। जिसमे वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिनमे तिरंगा मेला, तिरंगा महोत्सव, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रैली आदि का आयोजन किया जाएगा। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा, जिसमें सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों आदि में ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था कराया जाना है। इस मौके पर पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर कुमार गिरी, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, श्रमायुक्त रोजगार प्रमोद चंद्रोल, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी



**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के अनुसार सोमवार को दोपहर 3:00 बजे गंगा का जलस्तर 96,940 सेंटीमीटर था तथा मंगलवार को दोपहर तीन बजे तक 97,350 सेंटीमीटर रहा वहीं गुरुवार को शाम 5:00 बजे गंगा का जलस्तर 97.420 पर पहुंच गया धीरे-धीरे जलस्तर हो रही बढ़ोतरी से गंगा चेतावनी बिंदु 98,360 की ओर बढ़ रही हैं जिस तरह से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है अगर यही स्थिति रही तो गंगा जल्द ही खतरे के निशान को छू सकती हैं फिलहाल राहत की बात यह है कि गुरुवार को शाम 5:00 बजे के बाद गंगा के जलस्तर में ठहराव आया है लेकिन आशंका जताई जा रही है कि रात में गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो सकती है जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के चकमलिक भीटी, जमाल नगर मोहद्दीनपुर, जहांगीराबाद , आंबहा, पूरे बबुरा, पूरे डंगरी, पूरे नया, खपराताल, पूरे रेवती, लूक चांदपुर, कल्याणपुर बेती के साथ-साथ करीब एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को बाढ़ की चिंता सता रही। एसडीएम अहमद फरीद खान ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांव में नजर रखने के लिए अस्थाई बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है राजस्व कर्मियों की तैनाती कर निगरानी की जा रही।

## प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के जन्म दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कुष्ठ आश्रम में बांटें फल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



खैराबाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं लखीमपुर खीरी से एमएलसी अनूप गुप्ता के जन्मदिन पर खैराबाद में सेवा और समर्पण का भाव देखने को मिला। नगर पालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू के नेतृत्व में कुष्ठ रोग आश्रम में फल वितरण कर मानवता का संदेश दिया गया। इस मौके पर अभिषेक गुप्ता बबलू ने नगर पालिका के वार्ड सभासदों के साथ केक काटकर अनूप गुप्ता के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि अनूप गुप्ता जैसे कर्मठ व जमीनी नेता से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ता निरंतर जनसेवा में जुटे हैं। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान कुष्ठ आश्रम के लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना गया। अभिषेक गुप्ता बबलू ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी नगर पालिका परिषद हर जरूरतमंद के साथ खड़ी मिलेगी। कार्यक्रम में वार्ड मेंबर समेत कई गणमान्य नागरिक, नगर कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में सेवा, सादगी और संवेदना का अद्भुत समावेश देखने को मिला।

## चन्दापुर थाना क्षेत्र के युवक की गोली मारकर हत्या

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



15 साल से फार्म हाउस में मालीगिरी का कार्य कर रहे मजदूर को मारी गई गोली। चन्दापुर थाना क्षेत्र के संतलाल पुत्र सतगुरु निवासी ग्राम बाकी मंज़रे डोमापुर उम्र 40 वर्ष दिल्ली के डेरा गांव में वर्षो से अपनी पत्नी और चार बच्चियों के साथ नौकरी कर रहे थे और परिवार का पेट पाल रहे थे वहीं परिजनों ने बताया कि 3 अगस्त को मलिक के लड़के के साथ आए थोड़ी कहा सुनी पर गोली मार दी जिसमें उनकी मौत हो गई वहीं आज संतलाल का शव उनके पैतृक स्थान बाकी मंज़रे डोमापुर पहुंचा। बड़ी लड़की सोनी ने बताया कि अक्सर प्रॉपर्टी डीलर पीयूष यादव वह उसके साथियों के साथ मेरे पिताजी की बहस हो गई और उसके बाद वह लोग आए और गोली मार दी मलिक ने कहा कि हम एफ आई दर्ज करते हैं लेकिन वह भी फरार हो गए। सोनी ने बताया कि मैं थाने गई और वहां पर एफआईआर दर्ज कराई मेरे पिताजी का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बताया कि गिरफ्तारी की जा रही है पीयूष यादव के साथ दो-तीन लड़के और थे और उन लोगों से हम विनती करते रहे लेकिन उन्होंने पिताजी को गोली मार दी। वही दिल्ली पुलिस के अनुसार देर रात करीब 2:00 बजे फतेहपुरबेरी थाना पुलिस को घटना की जानकारी मिली पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि संतलाल को पीयूष यादव नामक प्रॉपर्टी डीलर ने गोली मार दी परिजनों के बायनऔर सीसीटीवी कैमरा की फुटेज का विश्लेषण कर आरोपी की पहचान कर छापेमारी शुरू की गई। वहीं पुलिस के ही अनुसार संतलाल फार्म हाउस पर रात के समय हुक्का जलता था आसपास के कई लोग वहां जाकर हुक्का पीते थे रविवार रात को पीयूष भी वहां पर था रात अधिक होने पर संतलाल ने गेट बंद करने को कहा तो पीयूष भड़क गया और उसने संतलाल को गोली मार दी। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी शिव देवी 38 वर्ष पुत्री सोनी उम्र 16 वर्ष सोनिक 14 वर्ष सोनाली 8 वर्ष सोनम 6 वर्ष दो भाई वह मां को पीछे छोड़ कर गया है सबसे बड़ी परेशानी ग्रामीणों को यह खाए जा रही है कि अब बच्चियों का लालन-पालन और शादी विवाह कैसे होगा।

## 5जी का दावा करने वाली कंपनियां 2जी का भी नेटवर्क नहीं दे पा रहीं



**महराजगंज, रायबरेली।** विद्युत विभाग अगर बिजली नहीं देता तो उपभोक्ता सड़कों पर उतर आते हैं और आंदोलन शुरू कर देते हैं और विपक्ष जमकर कोसना शुरू करता है जनता को जब कोई सुविधा नहीं मिलती तो जनता उसके लिए आवाज उठाती है लेकिन एक व्यवस्था भारत में इस समय ऐसी चल रही है जो कि उपभोक्ताओं को चौंकने पर मजबूर कर देती है। टेलीकॉम कंपनियों ने जो भी शर्तें रखी उपभोक्ता ने उसे मनी रिचार्ज बढ़ाया 28 दिन का रिचार्ज कर दिया उपभोक्ता हर चीज मानता चला आया लेकिन एक बात उपभोक्ताओं की टेलीकॉम कंपनियों ने नहीं मानी और उपभोक्ता है कि लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए महीने के 30 दिन को 28 दिन का रिचार्ज करता है और आप जब चाहे रिचार्ज बढ़ा दे उसे भी स्वीकार कर लेता है लेकिन उसे अगर कुछ नहीं मिलता तो वह नेटवर्क जब से रिचार्ज महंगे हुए है। तबसे जिओ के नेटवर्क की भारी समस्या हर जगह क्षेत्र में खड़ी हुई नजर आ रही है। एक तरफ जिओ द्वारा तमाम तरह की योजनाएं चलाकर जहां उपभोक्ताओं का तेल निकाल रही है तो वही नेटवर्क के नाम पर केवल उपभोक्ताओं को झुनझुना ही पकड़ाया जाता है। महराजगंज तहसील क्षेत्र के हरदोई पहरेमऊ मऊ चन्दापुर थुलवासां सहित नगर में भी इस समय उपभोक्ता नेटवर्क से परेशान हैं। 5जी का दावा करने वाली कंपनियां 2जी का भी नेटवर्क नहीं दे पा रही हैं।

## भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने की चुनावी सभाएं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिले की दो नगर पालिकाओं में चल रहे नगर पालिका परिषद के उपचुनावो के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रदेश के औद्योगिक विकास निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) द्वारा महमूदाबाद और मिश्रिख में चुनाव प्रचार किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने महमूदाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया उन्होंने महमूदाबाद के मतदाताओं से महमूदाबाद में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने महमूदाबाद के लोगों से बताया कि जिस तरह प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में डेवलपमेंट के कार्य कर रही है लेकिन जहां पर भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि नहीं है। वहां पर विकास होने में कठिनाई होती है उन्होंने कहा अभी तक महमूदाबाद में समाजवादी पार्टी का नगर पालिका अध्यक्ष था जिससे यहां नगर में विकास अवरुद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नगर पालिका अध्यक्ष बनते ही महमूदाबाद नगर का स्वर्णिम विकास हम सबको देखने को मिलेगा। उन्होंने महमूदाबाद के नागरिकों से प्रत्याशी संजय वर्मा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वरशरण सिंह ने भी महमूदाबाद वासियो से भाजपा प्रत्याशी संजय वर्मा को विजई बनाने का आह्वान किया।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने महमूदाबाद नगर पालिका परिषद में कमल खिलाने का आवाहन किया और सभी को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी को नगर पालिका परिषद में विजय मिलते ही महमूदाबाद का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं महमूदाबाद की जनता के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे के विषय में विस्तार से बात की और भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील भी की। चुनावी जनसभा को मिश्रित सांसद अशोक रावत, एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्य, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक निर्मल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर आदि ने संबोधित किया।

तदुपरांत मंत्री नंद गोपाल नंदी द्वारा मिश्रित नगर पालिका क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने मिश्रिख व नैमिष क्षेत्र की जनता से भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव को विजई बनाने का आवाहन किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मिश्रिख के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से चुनाव के अंतिम दिनों में अथक प्रयत्न कर जन जन का आशीर्वाद प्राप्त करने का आवाहन किया और मिश्रित नगर पालिका परिषद के मतदाताओं से मिश्रिख में कमल खिलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे, जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, झल्लर विधायक रामकृष्ण भार्गव, प्रत्याशी सीमा भार्गव सहित भाजपा नेताओं ने संबोधित कर मिश्रिख में भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील की।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। उन्होने बताया है कि जनपद में प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। जनपद के पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिकबलों, एनसीसी, एनएसएस, सिवल डिफैन्स, होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा साइकिल रैली' का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा रैलियों का आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे, जिनमें स्कूली बच्चों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा, जिसके मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बाँधों, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा नागरिकगण को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने झण्डा फहराने के नियम के सम्बन्ध में बताया है कि झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना,लगाना है। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झण्डे को यदि सरकारी अवसर पर फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिये तथा सूर्यास्त के साथ सम्मान के साथ उतारना चाहिए। निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर रखा जायेगा। विशेष परिस्थितियों में झण्डा रात्रि में फहराया जा सकता है, बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल 4.50 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष स्वयं सहायता समूह द्वारा झंडा निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के द्वारा वितरित यंत्रों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन

**सीतापुर।** उप कृषि निदेशक ने शासनादेश दिनांक 08 जुलाई 2024 में वर्णित दिशा-निर्देशों में दी गयी व्यवस्थानुसार एवं कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश (अभियन्त्रण अनुभाग) कृषि भवन, लखनऊ के संबंधित पत्रांक से प्राप्त निर्देश रूपये-10000/- से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों यथा फार्म मशीनरी बैंक, थ्रेसिंग फ्लोर, मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, स्माल गोदाम व तिरपाल इत्यादि के लाभार्थियों का चयन कृषि विभाग की पोर्टल/वेबसाईट पर जिला स्तरीय कार्यकारी समति (D.L.E.C) के समक्ष ई-लॉटरी से कराई जानी है, जिसके लिए जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं, जिनके द्वारा ऑनलाइन कृषि यंत्रों की बुकिंग की गयी है, को सूचित किया है कि कृषि विभाग में कृषि यंत्रीकरण सम्बन्धित समस्त योजनाओं में अनुदान पर वितरण हेतु कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों में लाभार्थी का चयन ई-लॉटरी कृषि निदेशालय से कराये जाने हेतु दिनांक 07.08.2025 स्थान-कलेक्ट्रेट सभागार, सीतापुर पूर्वान्ह 11:30 बजे निर्धारित किया गया है। उक्त के क्रम में जनपद के आवेदक किसान भाई, जिन्होने उपरोक्त योजनाओं में अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए आवेदन किया है, वह दिनांक 07.08.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार, सीतापुर में पूर्वान्ह 11:30 बजे से उपस्थित होकर ई-लॉटरी की प्रक्रिया प्रतिभाग अवश्य करें।

## कलेक्ट्रेट में पीएआई संस्करण 2.0 पर कार्यशाला आयोजित

**डीएम,सीडीओ व डीपीआरओ ने दी विस्तृत जानकारी**

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को पंचायत स्तर के डाटा सत्यापन एवं पंचायत मूल्यांकन सूचकांक पीएआई संस्करण 2.0 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। सीडीओ सूरज पटेल और डीपीआरओ मनोज त्यागी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में बताया गया कि पीएआई 2.0 के अंतर्गत जुलाई से नवंबर तक ग्राम पंचायत से राज्य स्तर तक चरणबद्ध तरीके से डाटा एकत्रीकरण, अपलोडिंग और सत्यापन किया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव व संकल्प (फैसिलिटेटर) द्वारा गांव से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की सूचनाएं एकत्र कर पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। इन सूचनाओं में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय आदि संस्थानों का भौतिक निरीक्षण शामिल रहेगा। किसी भी त्रुटि की स्थिति में डाटा पुनः ग्राम पंचायत को संशोधन के लिए भेजा जाएगा। तत्पश्चात जिला स्तर पर डीएलवीटी टीम द्वारा अंतिम सत्यापन किया जाएगा और राज्य टीम को ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा। डीएम ने कहा कि सटीक और समय पर डाटा प्रविष्टि व सत्यापन से पंचायतों के प्रदर्शन का सही मूल्यांकन हो सकेगा, जिससे राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कारों में ग्राम पंचायतों को स्थान दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सारी सूचनाओं पब्लिक फोरम पर उपलब्ध रहेंगे। डीएम ने मीडिया से भी उनका क्रॉस वेरिफिकेशन कर सूचित करने की बात कही। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, और विभिन्न समाचार-पत्रों, चैनलों से मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कृषि क्षेत्र में संचालित योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाएं: डीएम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) योजनान्तर्गत गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ अधिक से अधिक पात्र किसानों को दिलाएं जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। जनपद के प्रगतिशील कृषकों को ऐसे अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण कराया जाए जहां किसी उद्यानीकरण के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम भी संचालित होते हैं जिससे कृषक अपनी फसल उत्पादन के साथ-साथ बागवानी, पशुपालन, मछली पालन, आदि का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आय के स्रोतों में बढ़ोतरी कर सके। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन विभाग व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं, समुचित संसाधनों की उपलब्धता, खाद्य सुरक्षा समूह का गठन, कृषक मेला, कृषक गोष्ठी, ग्राम स्तरीय, जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय, अंतर्राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण, कृषक प्रशिक्षण, कृषक प्रदर्शन, प्रसार कार्मिक एवं वैज्ञानिकों का भ्रमण समय-समय पर आयोजित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का उद्देश्य समग्र उत्पादन, कृषक समूहों का गठन, खाद्य सुरक्षा समूह गठन व कृषक जिज्ञासाओं, समस्याओं का निराकरण करना है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप निदेशक कृषि सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रगतिशील किसान, पशुपालक स्वयं सेवी संस्था सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कुदरत का कोहराम

वैमानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है। हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।

समृद्धि न्यूज़

# अमेरिकी छल : स्वयं रूस पर निर्भर और भारत को दे रहा टैरिफ की धमकी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपना पुराना स्वर अलापा है, वही बहाना, पहले की तरह रूस-यूक्रेन युद्ध। ट्रंप ने कहा, भारत न केवल भारी मात्रा में रूसी तेल खरीद रहा है, बल्कि खरीदे गए अधिकांश तेल को खुले बाजार में भारी मुनाफे पर बेच भी रहा है। उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि रूसी युद्ध मशीन द्वारा यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस कारण से, मैं भारत की ओर से अमेरिका को दिए जाने वाले टैरिफ में भारी वृद्धि करूंगा।

अब कहने वाले कहेंगे कि रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने और उसका वैश्विक श्रेय लेने के लिए ट्रंप ने भारत के खिलाफ तीखा रुख अपना लिया है। पर क्या यह वाकई सच है? क्योंकि यदि ऐसा होता तो सबसे पहले वे स्वयं अपने यहां रूस से आयातित सभी सामानों पर ब्रेक लगाते और उन्हें प्रतिबंधित करते, लेकिन यह नहीं हो रहा है। पाकिस्तान पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप आए दिन भारत को लेकर कोई न कोई टिप्पणी कर रहे हैं। जिसमें उनकी एक गंभीर टिप्पणी हाल ही में ब्रिक्स समूह में भारत की सक्रिय भूमिका और रूस से दोस्ती की आलोचना के रूप में भी देखने को मिली, जिसमें वह यहां तक गिर गए कि वह भारत के लिए कह बैठे, वे अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं को साथ लेकर डूब सकते हैं। भारत की शुल्क नीति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देखा कि उनकी बातों का भारत पर कोई असर नहीं हो रहा है तो उन्होंने अपनी पूरी टीम ही विदेश सचिव मार्को रूबियो, वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट और अब व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर को भी भारत के विरोध और उस पर दबाव बनाने के लिए मैदान में उतार दिया है। ये सभी अलग-अलग तरीके से आज रूस से भारत की ऊर्जा खरीद को लेकर भारत की नीति की न सिर्फ भर्त्सना कर रहे हैं, बल्कि (भारत-रूस) संबंधों को अमेरिका और भारत के बीच के संबंधों के लिए एक कांटे के तौर पर चिन्हित कर रहे हैं। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व में भारतीय टीम है कि अमेरिका के किसी भी अनावश्यक दबाव के सामने नहीं झुकते हुए अपने रणनीतिक हितों के मुद्दे पर अंत-अत तक अडिग है। भारत आज अमेरिका की आंख में आंख डालकर पूछ रहा है कि तुम कैसे आतंकवाद का पोषण करने वाले पाकिस्तान के साथ डील कर सकते हो? भारत आज पूछ रहा है कि रूस से भारत क्या लेगा या नहीं, यह तय करने के पहले अपने यहां अमेरिका तुम तो रूस के सामान खरीदना और उस पर निर्भर रहना पहले बंद करो। वस्तुतः इस मामले में गंभीर पड़ताल करने पर बहुत से तथ्य सामने आ जाते हैं। जो अमेरिका आज भारत को ज्ञान दे रहा है, वह स्वयं क्या कर रहा है? वह रूस से हर रोज करोड़ों डॉलर का व्यापार कर रहा है। जिसमें कि यह आंकड़े उसके अपने ट्रेड के हैं, किसी ने छद्म रूप से नहीं गढ़े हैं। संयुक्त राष्ट्र के COMTRADE डेटाबेस के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने रूस से कुल 3.27 अरब डॉलर (लगभग रु. 24,000 करोड़) का सामान आयात किया। उर्वरक \$1.30 बिलियन के जोकि कृषि उद्योग के लिए आवश्यक हैं। रत्न, कीमती धातुओं में पैलैडियम, प्लेटिनम, हीरे आदि \$878.1 मिलियन के खरीदें। अकार्बनिक रसायन, कीमती धातु यौगिक जोकि अमेरिका में रासायनिक उद्योग के लिए आवश्यक हैं वह \$695.7 मिलियन के आयात किए। लकड़ी और लकड़ी उत्पाद जिसका उपयोग अमेरिका में निर्माण और फर्नीचर उद्योग के लिए होता है वह \$89.4 मिलियन। परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी, जिन्हें ऊर्जा क्षेत्र के लिए आवश्यक माना गया है, वह \$80.8 मिलियन। खाद्य उद्योग के अवशेष, पशु आहार पशुपालन और कृषि उद्योग के लिए \$39.9 मिलियन। अन्य धातुएं, सेरामिक्स विभिन्न उद्योगों के लिए \$37.3 मिलियन । विमान और अंतरिक्ष यान, रक्षा और परिवहन उद्योग के लिए \$34.9 मिलियन। लोहा और इस्पात जोकि अमेरिका में निर्माण और औद्योगिक उपयोग के लिए जरूरी है वह \$13.2 मिलियन एवं अन्य विविध वस्त्र विभिन्न उद्योगों के लिए अति आवश्यक हैं, वह \$10.9 मिलियन डॉलर में आयात मूल्य देकर अमेरिका द्वारा रूस से समय-समय पर मंगवाया गया है। इसी प्रकार से इस साल भी रूस से अनेक सामान आयात किए जा रहे हैं। 2025 के पहले पांच महीनों में, अमेरिका ने रूस से लगभग 2.1 अरब डॉलर का सामान आयात किया, जिसमें प्रमुख रूप से समृद्ध यूरेनियम (लगभग 596 मिलियन) और बिना परिष्कृत पैलैडियम (लगभग 502 मिलियन) शामिल हैं। अभी भी अमेरिका का रूस से आयात मुख्य रूप से कृषि, रसायन, धातुएं और ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित है। कुछ विशेष वस्तुओं की आपूर्ति आज भी अमेरिकी उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है। अमेरिका की तरह कुछ अन्य देशों की भी तुलना की जा सकती है, हालांकि इसका वर्तमान में बहुत औचित्य नहीं लेकिन भविष्य में बहुत है, क्योंकि हो सकता है अमेरिका अन्य देशों से भी भारत पर दबाव बनाने को कहे। ऐसे में यह तथ्य भी जानना जरूरी है।

यूरोपीय संघ, रूस से गैस (पाइपलाइन)- 2024 की स्थिति में लगभग 49.5bcm, और LNG (तरल गैस) के रूप में अतिरिक्त 24.2 bcm आयात हुए, जिससे रूस अब यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा LNG आपूर्तिकर्ता बन गया है (क़तर के बाद)। वहीं, 2025 Qw (अप्रैल-जून) में, EU ने रूस से LNG का लगभग 51% आयात किया और पाइपलाइन गैस का लगभग 37% हिस्सा रूस से था। 2025 की पहली पाँच महीनों में श्व ने 2.57 मिलियन टन रुसी मेटल उत्पाद आयात किए, जिसकी कुल कीमत €1.06 B रही, वह रूस को अदा की। जनवरी 2025 में Pig Iron की आयात मात्रा 474,540 टन तक पहुँच गई थी, इसमें प्रमुख देश थे; इटली (347,730 टन), लातविया, स्पेन, बेल्जियम, पोलैंड । वस्तुतः आज जो देश रूस पर सार्वजनिक रूप से प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं, विशेषकर त्न-7 देशों और यूरोपीय संघ- वे अब भी रूस से कुछ महत्वपूर्ण वस्तुओं का आयात कर रहे हैं। यह स्थिति आर्थिक विवशता, ऊर्जा की निर्भरता, और कुछ हद तक strategic ambiguity का नतीजा है। अमेरिका के अलावा जर्मनी, इटली, फ्रांस, नीदरलैंड्स, स्पेन, बेल्जियम, जापान, दक्षिण कोरिया और तुर्की शामिल हैं, जिसमें कि तुर्की तो औपचारिक रूप से NATO सदस्य पर रूस के साथ अति सक्रिय व्यापार करता नजर आता है। आज यह सर्वविदित है कि एलएनजी और गैस का यूरोप में रूस से होनेवाला आयात 2024 और 2025 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है। फ्रास, स्पेन, और बेल्जियम 2025 की पहली छमाही में रूस से सबसे ज़्यादा स्न्रत्न आयात करने वाले देश हैं। EU की कुल LNG का 51% हिस्सा 2025 में रूस से आया। अपने फायदे के लिए यूरोपीय देश रूसी LNG को प्रत्यक्ष प्रतिबंध में शामिल नहीं करते क्योंकि इसे ऊर्जा सुरक्षा का मामला बताया जाता है। इस तरह से देखें तो युरोप का कोई देश नहीं जो कम या अधिक आज रूस पर अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्भर नहीं हो। यानी सभी रूस पर निर्भर नजर आते हैं।

### भारत की कड़ी प्रतिक्रिया में कही गई सात अहम बातें-

1. यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका ने खुद भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनी रहे। 2. भारत का मकसद अपने उपभोक्ताओं को किफायती ऊर्जा देना है, न कि युद्ध को समर्थन देना। 3. जिन देशों ने भारत की आलोचना की है, वे खुद रूस से व्यापार कर रहे हैं। 4. 2024 में यूरोपीय यूनियन ने रूस के साथ 67.5 बिलियन यूरो का द्विपक्षीय व्यापार किया। यह भारत–रूस व्यापार से कहीं ज्यादा है। 5. ईयू और अमेरिका तेल के अलावा यूरिया, रसायन, लोहा, स्टील और मशीनरी जैसे उत्पाद भी रूस से खरीदते रहे हैं। 6. अमेरिका ने भी अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम आयात किया है। 7. चीन पर चुप्पी क्यों?

### भारत ने आंकड़े जारी कर दिखाया है अमेरिका को आईना

विदेश मंत्रालय ने आंकड़े जारी कर आज अमेरिका को आईना दिखाया है। भारत सरकार ने अमेरिका और यूरोपीय यूनियन (EU) के रूस के साथ व्यापारिक आंकड़े पेश करते हुए कहा है कि भारत को टारगेट करना अनुचित और तर्कहीन है। भारत की आलोचना करने वाले अमेरिका ने 2024 में रूस से 3 अरब डॉलर का सामान आयात किया। सिर्फ इस साल के पहले पांच महीनों में ही यह आंकड़ा 2.09 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले साल की तुलना में 24% ज्यादा है। उधर, यूरोपीय यूनियन ने 2024 में रूस से करीब 73 अरब डॉलर का व्यापार किया है, जिसमें 1.65 करोड़ टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) भी शामिल है। यहां भारत ने यह सवाल प्रमुखता से उठाया है कि ट्रंप ने चीन का जिक्र क्यों नहीं किया, जो रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2022 से जून 2025 तक रूस के कुल कच्चे तेल निर्यात का 47% हिस्सा चीन को गया, जबकि भारत ने 38त्न ही खरीदा है। कुल मिलाकर कहना यही है कि भारत ने अमेरिका को स्पष्ट संदेश दिया है कि वो सिर्फ अपने हितों की रक्षा कर रहा है और राजनीतिक बयानबाजी से प्रभावित नहीं होगा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, रूस के साथ भारत का व्यापार कोई नई बात नहीं है और वह अमेरिका या किसी भी अन्य देश का अपने हित को प्रभावित करने वाले दोहरे मापदंड कभी स्वीकार नहीं करेगा। भारत आगे भी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाता रहेगा।

### अमेरिका की दोहरी नीति, इन देशों पर है चुप्पी, विदेश मंत्रालय का पलटवार

वस्तुत: अमेरिका इन देशों से कुछ नहीं कहता कि वे अपना व?यापार रूस के साथ बंद करें लेकिन भारत पर तमाम प्रकार से दबाव बना रहा है। ऐसे में भारत सरकार ने भी फिर एक बार ऑकड़ों के साथ स्पष्ट कर दिया है कि दो तरह की नीति अमेरिका की नहीं चलेगी और वह किसी भी दबाव में आना वाला नहीं है। विदेश मंत्रालय ने जोरदार पलटवार किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत को निशाना बनाना अनुचित और अविवेकपूर्ण है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा। भारत के आयात का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अनुमानित और किफायती ऊर्जा लागत सुनिश्चित करना है। वैश्विक बाज़ार की स्थिति के कारण ये एक अनिवार्य आवश्यकता है। विवदेश मंत्रालय स्पष्ट बोल रहा है कि यह उजागर होता है कि भारत की आलोचना करने वाले देश स्वयं रूस के साथ व्यापार में लिप्त हैं। हमारे मामले के विपरीत, ऐसा व्यापार कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बाध्यता भी नहीं है। यूरोप–रूस व्यापार में न केवल ऊर्जा, बल्कि उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा और इस्पात तथा मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं। जहां तक संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रश्न है, वह अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, अपने ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरकों के साथ–साथ रसायनों का आयात जारी रखे हुए है।

## विचार

# धराली आपदा के सबक



डॉ. सुशील उपाध्याय

उत्तरकाशी की ताजा आपदा की गंभीरता को समझना हो तो 12 साल पहले की केदारनाथ त्रासदी को याद करना होगा। उत्तरकाशी जिले में कम से कम तीन जगहों पर बहुत कम अवधि में बादल फटे हैं और उनका परिणाम धराली गांव के एक बड़े हिस्से के गायब होने के रूप में सामने आया है। कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है, इसका अभी अनुमान लगाना संभव नहीं लेकिन, यह संख्या बड़ी होगी, यह तय है।

उत्तराखंड में (पड़ोसी हिमाचल प्रदेश में भी) बादल फटना, भूस्खलन, पहाड़ दरकना-धंसना, नदियों का विकराल रूप धर लेना और अचानक ग्लेशियर फटना बेहद आम घटनाएं हो गई हैं। जो एक डरावना संकेत है। ऐसी हर एक घटना के बाद आमतौर पर प्रकृति को दोष दिया जाता है और भगवान से बचाने की गुहार लगाई जाती है, लेकिन इन दोनों से बात नहीं बनती। उत्तराखंड गठन के 25 साल में पहाड़ों में जितने व्यापक पैमाने पर निर्माण कार्य हुए हैं, हो रहे हैं और लोगों की आवाजाही बढ़ी है, वह चौंकाने वाली है। ये त्रासदियां संकेत दे रही हैं कि विकास के नाम पर प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ हुआ है, उसकी कीमत अब लगातार चुकानी होगी। पहाड़ के आम जीवन में यह मान्यता है कि नदी अपने खोए हुए (बल्कि बिल्डरों द्वारा कब्जाए गए) रास्ते पर वापस जरूर आती है, भले ही 100 साल के अंतराल पर आए। धराली में नदी के प्रचंड वेग और उसके साथ बड़ी-बड़ी इमारतों, होटलों, घरों के बहने का दृश्य भयावह था लेकिन इसके लिए नदी बिल्कुल दोषी नहीं है।

पहाड़ में प्राकृतिक आपदाएं नई नहीं हैं, न ही इन्हें पूरी तरह रोका जा सकता है, लेकिन उनकी आवृत्ति और तीव्रता में बढ़ोतरी स्वाभाविक नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से मानवीय हस्तक्षेप का परिणाम है। अगर मोटे तौर पर देखें तो वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण भी हिमालयी क्षेत्र के मौसम में असामान्य परिवर्तन दिख रहे हैं। वर्षा का पैटर्न असंतुलित हो गया है। कभी महीनों तक सबकुछ सामान्य रहता है और फिर कुछ ही घंटों में मौसम तांडव करने लगता है। बादल फटना, जो पहले कभी कभार की घटना थी, अब हर बारिश में बार-बार सामने आ रही है।

प्रदेश में विगत दशकों में अनियंत्रित और अनियोजित विकास ने भी परेशानी बढ़ाई है। केदारनाथ आपदा, नाचनी गांव आपदा, रैनी गांव आपदा, जोशीमठ का नीचे धंसना और धराली की आपदा एक भयावह संकेत कर रही है कि कुछ दशकों बाद उत्तराखंड में कई रूपकुंड (जहां आज भी नरकंकाल बिखरे हुए हैं) होंगे। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के नाम पर जो ऑल वेदर रोड बनाई जा रही है, वह यहां के पहाड़ों के मिजाज के अनुरूप नहीं है। कच्चे पर्वतीय ढलानों को काटकर बनाई गई चौड़ी सड़कों ने पहाड़ों की आंतरिक संरचना को कमजोर किया है। इससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। सरकार यहां आने वाले लोगों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर जोर दे रही है, लेकिन यह समझने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है कि उत्तराखंड और यहां का पहाड़ी इलाका बाहरी लोगों की अनियंत्रित आवाजाही के लायक नहीं है। लोग इतने बेपरवाह हैं कि वे इन दिनों भी बड़ी संख्या में चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह ही सरकार ने करीब 5 हजार लोगों को केदारनाथ के रास्ते बमुश्किल सुरक्षित निकाला है।



पर्यटकों की हर साल बढ़ती संख्या यहां के बुनियादी ढांचे पर दबाव पैदा कर रही है।

नदी किनारे बसाहट और अवैज्ञानिक निर्माण ने भागीरथी, मंदाकिनी, अलकनंदा जैसी बड़ी नदियों से लेकर छोटी बरसाती नदियों तक के किनारों को होटलों, होमस्टे और बाजारों से ढक दिया है। यह निर्माण आर्थिक दृष्टि से भले लाभदायक लगे, लेकिन ये आपदा प्रबंधन के मानदंडों पर खरे नहीं उतरते। बाढ़, भूस्खलन या मलबे की घटना इन्हें पूरी तरह नष्ट कर देती है, जैसा धराली में देखने को मिला। इस परिप्रेक्ष्य में बड़ा सवाल यह कि क्या सरकार, प्रशासन और लोगों ने इन संकेतों से कुछ सीखा है? हर त्रासदी के बाद राहत और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया तो आरंभ होती है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान और नीतिगत परिवर्तन नदारद रहते हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि आपदाएं कुछ ठेकेदारों और परियोजना संचालकों के लिए लाभ का माध्यम बन जाती हैं। इन सभी घटनाओं ने यह भी स्पष्ट किया है कि उत्तराखंड की आपदा प्रबंधन प्रणाली में खामियां हैं। अग्रिम चेतावनी, स्थानीय प्रशिक्षण, सुरक्षित स्थानों की पहचान जैसे बुनियादी प्रावधान अब भी अधूरे और अपर्याप्त दिख रहे हैं। धराली में लोगों को इतना अवसर भी नहीं मिला कि खुद को बचाने के लिए ऊंचे स्थानों की ओर जा पाते।

यदि ग्रहण किया जा सके तो आज का सबक यही है कि हिमालयी राज्यों में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की स्पष्ट नीति बने। नदी किनारे निर्माण पर सख्त प्रतिबंध हो, सड़क निर्माण से पहले भू-वैज्ञानिक सर्वे के निष्कर्षों को स्वीकार किया जाए और बड़े प्रोजेक्ट्स के पर्यावरणीय प्रभावों को गंभीरता से लिया जाए। अन्यथा हम लाशें गिनते रह जाएंगे। उत्तराखंड की त्रासदियां साफ चेतावनी दे रही हैं कि यदि अब भी सबक नहीं लिया गया, तो यह क्षेत्र केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र नहीं, बल्कि पर्यावरणीय आपदाओं का स्थायी ठिकाना बन जाएगा। नीतिगत और व्यवस्थागत सुधार तथा इनका सही क्रियान्वयन न हुआ तो यकीन मानिए, भविष्य की त्रासदियां और भी भयावह होंगी।

**(लेखक, चमन लाल स्वायत्त महाविद्यालय, लंढौरा, हरिद्वार के प्राचार्य हैं।)**

साहित्य


## लालच के साये



**अक्षय भंडारी**

दूरभाष यंत्र अब आधुनिक
हो गए सब अब इस यंत्र में
मंत्रमुग्ध हो गए
जो वरदान बन गए, वो
अभिशाप हो गए
हर प्रहर में देखो कैसे
सफर हो गए
भूतकाल में जो दूर थे आज यंत्र
में सक्रिय हो गए
वर्तमान में लालच की माया में
किशोर भावविभोर हो गए
आधुनिक यंत्र में जब सक्रिय
खेल हो गए
भूतकाल में अच्छे दिन थे आज
लालच के साये हो गए।





## राशिफल

**मेष:-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**वृषभ:-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुन:-** अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क:-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विश्वास कायम करें।

**सिंह:-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**कन्या:-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला:-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिये व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकर:-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभ:-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीन:-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# कंगारू कोर्ट : पूर्वाग्रह, पक्षपात व भावनात्मक उन्माद के आधार पर निर्णय लेने की प्रक्रिया



अशोक वर्मा
पूर्व आईपीएस

यह एक ऐसी अनौपचारिक तथा अवैध न्यायिक व्यवस्था है, जो विधिक प्रक्रिया और न्याय के मूल सिद्धांतों की अवहेलना करते हुए फैसले सुनाती है। यह अक्सर पूर्वाग्रह, पक्षपात और भावनात्मक उन्माद के आधार पर निर्णय लेती है, जिसमें न तो दस्तावेज़ी साक्ष्य की आवश्यकता मानी जाती है, और न ही आरोपी को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। इस शब्द की उत्पत्ति 19वीं सदी के संयुक्त राज्य अमेरिका से मानी जाती है, विशेषत: 1849 के 'कैलिफ़ोर्निया गोल्ड रस' के समय, जब त्वरित निर्णय देने के उद्देश्य से बनाई गई अस्थायी 'अदालतें' बिना किसी विधिक प्रक्रिया के निर्णय सुनाती थीं। शब्द 'कंगारू' यहाँ 'कूदकर' यानी तेज़ी से दख़ल देने या जेब में रखा पूर्वनिर्धारित फ़ैसला देने का प्रतीक बन गया।

भारत में कंगारू कोर्ट के विभिन्न रूप देखने को मिलते हैं। ग्रामीण अंचलों में खाप पंचायतें या शालिशी सभा जैसी जाति-समुदाय आधारित संस्थाएँ पारंपरिक परंपराओं के आधार पर निर्णय लेती हैं, जो प्रक्रिया तथा क़ानून की अवहेलना करते हैं। दूसरी ओर, शहरी एवं डिजिटल क्षेत्रों में मीडिया ट्रायल और सोशल मीडिया ट्रायल आधुनिक युग की कंगारू कोर्ट का रूप ले चुके हैं। मीडिया द्वारा किसी अभियुक्त पर अदालत के निर्णय से पहले ही जनमत निर्मित करने की प्रक्रिया न केवल व्यक्ति की गरिमा को आघात पहुँचाती है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को भी प्रभावित करती है। सुप्रीम कोर्ट भी इसे कई बार 'कंगारू कोर्ट मानसिकता' कह चुका है, जो राज्य की न्यायिक शक्ति के समानांतर एक ख़तरनाक प्रवृत्ति को जन्म देती है।

मीडिया ट्रायल और कंगारू कोर्ट के बीच कुछ मूलभूत अंतर एवं समानताएँ पाई जाती हैं। मीडिया ट्रायल तथाकथित तथ्यात्मक रिपोर्टिंग के माध्यम से जनमानस को प्रभावित करता है, जबकि कंगारू कोर्ट प्रत्यक्ष रूप से एक ग़ैरक़ानूनी निर्णयात्मक ढाँचा बनाकर फ़ैसले देती है। किंतु दोनों ही संस्थाएँ निष्पक्ष न्याय, व्यक्ति की निजता और संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों का हनन करती हैं। स्वरूप भिन्न हो सकता है, पर उद्देश्य लगभग समान प्रतीत होता है – अदालत के स्थान पर जनमत से निर्णय थोपना। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी इन प्रवृत्तियों का गहरा असर पड़ता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) प्रत्येक नागरिक को अपने विचार अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, लेकिन जब कंगारू कोर्ट या मीडिया ट्रायल जैसी शक्तियाँ किसी विचार, असहमति या निर्भीक वक्तव्य को 'जनदोष' का पात्र बना देती हैं, तो व्यक्ति आत्म-सेंसरशिप की ओर प्रवृत्त हो जाता है। भय एवं सामाजिक आलोचना के कारण लोग स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं कर पाते, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल उद्देश्य पर कुठाराघात करता है। परिणामस्वरूप, लोकतंत्र में आवश्यक असहमति और बहस का वह स्वस्थ वातावरण क्षीण होता है, जो किसी नवोन्मेषी और सहिष्णु समाज के लिए अनिवार्य है। देश की न्यायव्यवस्था की नींव निष्पक्ष सुनवाई, विधिक प्रक्रिया और क़ानून के शासन पर टिकी है। जब भीड़ या मीडिया इस व्यवस्था के समानांतर अपना निर्णय थोपने लगते हैं, तो जनता का न्यायपालिका पर विश्वास डगमगाने लगता है। इससे क़ानून का शासन कमजोर होता है और न्यायपालिका की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

भारतीय लोकतंत्र, जो कि संविधान, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, जैसे स्तंभों पर टिका है, इन अनौपचारिक और विधिविरुद्ध न्याय प्रणालियों के सामने असुरक्षित अनुभव करता है। भीड़, अपने मूल रूप में कोई समस्या नहीं है, किंतु जब वह न्याय का स्थान लेने लगे, तो वह लोकशक्ति नहीं, उन्मादी असभ्यता का प्रतीक बन जाती है। भीड़ में सामान्यत: कोई व्यक्तिगत उत्तरदायित्व नहीं होता, न ही विवेक या क़ानूनी चेतना की अपेक्षा होती है। वह भावनाओं में बहकर निर्णय देती है, न कि तथ्यों और विधिक प्रक्रियाओं पर आधारित ठोस विचार से। ऐसी भीड़—जो किसी आरोपित को बिना सुनवाई के दोषी ठहराती है, जो किसी मतभेद को राष्ट्रविरोध घोषित कर देती है, या जो न्यायालय से पहले सजा देना चाहती है—वह लोकतंत्र नहीं, भीड़तंत्र (Mobocracy) की ओर संकेत करती है। भीड़-न्याय और मीडिया-निर्णय लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदल सकते हैं, जहाँ न तो बहुमत विवेकपूर्ण होता है और न ही मानवीय अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो पाती है। ऐसी प्रवृत्तियाँ सभ्य समाज की सबसे बड़ी विफलताओं में गिनी जानी चाहिए, क्योंकि वे उस बुनियादी विश्वास को ही नष्ट कर देती हैं, जिस पर आधुनिक राज्य और न्याय आधारित होते हैं। लोकतांत्रिक प्रणाली का उद्देश्य सभी पक्षों को सुनना, सबूतों का मूल्यांकन करना और विधिसम्मत निर्णय देना है; इसके स्थान पर भीड़ द्वारा दिया गया निर्णय केवल आवेगात्मक हिंसा और अन्याय को जन्म देता है। अत: ऐसी प्रवृत्तियाँ असभ्यता का पर्याय हैं और एक संवेदनशील समाज के लिए गम्भीर चिंता का विषय। भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर इन प्रवृत्तियों के ख़तरों को रेखांकित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया ट्रायल पर संयमित रिपोर्टिंग की आवश्यकता को रेखांकित किया है और अनेक मामलों में पुलिस ब्रीफिंग तथा मीडिया आचरण पर दिशानिर्देश जारी करने की वकालत की है।

मीडिया की भूमिका लोकतंत्र में सूचना का एक सशक्त माध्यम और आमजन की आवाज़ बने रहने की है, न कि वह किसी आरोपित के विरुद्ध स्वायत्त निर्णय देने वाला मंच बन जाए। न्याय और लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर रहकर ही संवाद, विवाद और विचार-विनिमय का स्वस्थ विकास संभव है। अंतत:, कंगारू कोर्ट, मीडिया ट्रायल और भीड़ द्वारा निर्णय लेना—सभी लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक आस्थाओं के विरुद्ध हैं। ये प्रवृत्तियाँ न केवल व्यक्ति के अधिकारों, बल्कि समाज की न्यायप्रियता और लोकतंत्र की आत्मा को भी प्रभावित करती हैं। ये निर्दोषता के सिद्धांत (presumption of innocence) को नज़रअंदाज़ करती हैं। इन्हें निरुत्साहित करना, संवैधानिक संस्थाओं को सशक्त करना और सामाजिक चेतना को संवेदनशील बनाना आज के समय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, ताकि न्याय की रक्षा तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अक्षुण्ण बनी रह सके।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# डीएम की अध्यक्षता में शासी निकाय स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

शासी निकाय जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं आगामी पल्स पोलियो कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव समीक्षा, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पी.एम. एस. एम. दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आरडी प्रगति, आयुष्मान कार्ड, संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी एम.ओ.आई.सी. को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि चाइल्ड रजिस्ट्रेशन अधिक से अधिक करना सुनिश्चित करें तथा चाइल्ड रजिस्ट्रेशन में एएनएम की खराब स्थिति पाये जाने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सी. एच. ओ. कबरई और जैतपुर को को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी आशाओं को चिन्हित किया जाए जो अन्य जनपद में जाकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करवा रही है, उन आशाओं पर कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। टीकाकरण में चरखारी और जैतपुर सीएचओ को खराब स्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द टीकाकरण में सुधार किया जाए। शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को समय से भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक कबरई को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं में लापरवाही न बढ़ती जाए तथा कार्य शैली में सुधार किया जाए अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक कबरई एवं जैतपुर को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की टीकाकरण की फीडिंग 100% की जाए। जिलाधिकारी ने सी. एच. ओ. को निर्देश देते हुए कहा कि महिला नसबंदी को बढ़ावा दिया जाए तथा पुरुष नसबंदी के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 70 साल से ऊपर बुजुर्गों के सभी के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए और कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को 100% भुगतान किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी सी एच ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस के द्वारा उनके घर तक पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला एवं पुरुष को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को महिला अस्पताल या जिला अस्पताल से रेफर करने से पहले टीम द्वारा पूरी जांच व सतर्कता बरती जाए, फिर मरीज को रेफर किया जाए और उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की क्रियाशीलता की बैठक एक सप्ताह के अंदर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल भराव के हॉटस्पॉट जगह को चिन्हित करके दवा का छिड़काव किया जाए तथा नालियों पर फॉगिंग कराई जाए, जिससे लोगों को बीमारी से बचाया जा सके एवं जीरो से 05 वर्ष के बच्चों का नियमित टीकाकरण किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, सीएमएस डा पवन अग्रवाल, डॉ. बीके चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सपा नेताओं ने घर-घर वितरित किए लंच पैकेट और राहत सामग्री

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव (पिछड़ा प्रकोष्ठ) अजय उर्फ कल्लू यादव के नेतृत्व में सपा नेताओं की एक टीम ने बाढ़ग्रस्त गांवों छोटी मनकी, बड़ी मनकी, सिकरोढ़ी और कलौलीतीर में जाकर बाढ़-पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर सपा सांसद अजेंद्र राजपूत के पुत्र अमन राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ यादव, नीलू यादव, फैसल खान, शिवम यादव, आहद, शीलू यादव, रामभजन, सुरजीत यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे सभी ने घर-घर जाकर पीड़ितों को लंच पैकेट, नमकीन, बिस्किट, मैगी, पास्ता आदि राहत सामग्री पहुंचाई। इस अवसर पर अजय उर्फ कल्लू यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर लखनऊ से एक लोडर भरकर राहत सामग्री नमकीन बिस्कुट मैगी और पास्ता के पैकेट भेजे गए है। सपा जनता के दुख-दर्द में हमेशा साथ रही है और आगे भी साथ रहेगी। जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जातीए हम लोग लगातार गांव-गांव जाकर राहत कार्य करते रहेंगे। यह पार्टी की सेवा भावना और मानवीय जिम्मेदारी का प्रतीक है।



## खबरें एक नजर में

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने दंपति के मध्य कराया सुलह समझौता

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में श्रीमती रवीना खातून पुत्री आबिद अली निवासी सुमेरपुर और शमशाद पुत्र सत्तार निवासी घाटमपुर के मध्य प्रचलित वाद जिसमें दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता चन्द्रशेखर गौतम ने राष्ट्र के लिये मध्यस्थता अभियान के तहत दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया। सुलह के पश्चात दंपति द्वारा साथ-साथ रहने की सहमति प्रदान की गयी तथा न्यायालय परिसर से ही पत्नी रवीना खातून को पति शमशाद के साथ विदा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव महेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्ष को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### दरवाजा तोड़कर पुलिस ने पकड़े नौ जुआड़ी

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा बजरिया मोहल्ले में मकान के अंदर दरवाजा बंद करके खेल रहे जुआ के फड़ पर पुलिस ने छापा मारने के बाद दरवाजा तोड़कर नौ जुआड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि बुधवार को पठानपुरा बजरिया स्थित पुनीत के मकान में जुएं का फड़ चलने की सूचना मिली। जिस पर वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। पुलिस ने बलपूर्वक दरवाजा खोला। पुलिस देखकर जुआरियों में हड़कंप मच गया और छत पर भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करते हुए 9 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जुए के फड़ से 39 हजार रुपए बरामद किए हैं।

### चोरों ने एक लाख कीमत की सोलर प्लांट की प्लेटे की चोरी

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम भंभई में अज्ञात चोरों ने सोलर प्लांट में लगी आधा दर्जन से अधिक प्लेटें चोरी कर लीं। पीड़ित ने इस घटना की तहरीर सिसोलर पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम भमई निवासी मंगल सिंह पुत्र स्व. कल्याण सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने प्लांट में तीन किलो वाट का सोलर प्लांट सरकार की योजना के तहत लगवाया था जिसमें बारह सोलर प्लेट लगी हुई थी। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने सोलर प्लांट पर धावा बोल वहां लगी ग्यारह सोलर प्लेटें खोलकर चोरी कर ले गए। सुबह इस घटना की जानकारी होने पर मंगल सिंह ने इस घटना की तहरीर सिसोलर पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलते ही सिसोलर पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मंगल सिंह ने चोरी गई प्लेटों की कीमत एक लाख रूपये से अधिक बताई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा मरणासन्न

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कस्बा के मोहल्ला रहमानिया हुसैनगंज निवासी एक वृद्धा ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई उसे मरणासन्न हालत में सदर अस्पताल के लिए रिफर किया गया है। रहमानिया कालेज के नजदीक रहने वाली मुन्नी 65 पत्नी बाबू को बुधवार की दोपहर में कानपुर मानिकपुर मेमो ट्रेन से बांदा की ओर जाना था। चूंकि यह ट्रेन रागौल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर आ रही थी जिसके चलते अधिकांश यात्री रेलवे पुल के सहारे एक नंबर से दो नंबर प्लेटफार्म पर जा रहे थे। लेकिन मुन्नी देवी रेलवे लाइन पार कर दो नंबर प्लेटफार्म पर जाने लगी और इसी बीच मेमो ट्रेन की टक्कर लगने से वह लहूलुहान हो रेलवे ट्रैक पर गिर गई। उसे आनन-फानन में मौदहा सीएचसी पहुंचाया गया जहां उसकी हालत नाजुक होने पर हमीरपुर सदर अस्पताल के लिए रिफर किया गया है।

### चोरों ने घर में घुसकर कई कुंतल गेहूं व चावल किया चोरी

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के मवई गांव में चोरों ने सूना घर पाकर लाखों का गृहस्थी का सामान पार कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मवई गांव निवासी लाल दास पुत्र घनश्याम राजपूत ने बताया कि 17 जुलाई को वह अपने घर का ताला बंद करके कमाने के लिए पूरे परिवार सहित दिल्ली चले गए थे। सोमवार की रात उसके छत के रास्ते से चोर सीढ़ी लगाकर अंदर घुस गए। बताया कि चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर सात कुंतल गेहूं 55 किलो चावल चोरी करके ले गए है। बुधवार की सुबह जब वह दिल्ली से वापस आया तो उसे पता चला। आरोप लगाया कि गांव के ही युवक ने उसके घर में चोरी की है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### ट्रकों से वसूली करने वाला सिपाही लाइन हाजिर

**हमीरपुर।** स्थानीय यमुना नदी के पास ट्रकों से वसूली कर रहे ट्राफिक सिपाही का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक ने उसे लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिसके अनुसार यमुना नदी के पास बुधवार को ट्राफिक सिपाही मौसम अली ट्रक चालकों से चालान की धमकी देकर पांच पांच सौ रुपये की वसूली कर रहा था पैसे लेते सिपाही का वीडियो वायरल हो गया और इस मामले की जांच पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने सीओ ट्राफिक से करायी जो सही पाया गया एसपी ने सिपाहीको लाइन हाजिर कर दिया है जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौप दी है।

### ई-रिक्शा पलटने से हेयर ड्रेसर की दबकर मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पंधरी गांव से दुकान बंद कर अपने गांव लौट रहे हेयर ड्रेसर की मंगलवार शाम ई.रिक्शा पलटने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उसे निजी वाहन से सदर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया। पचखुरा खुर्द गांव निवासी 38 वर्षीय राममनोहर सविता पंधरी गांव में हेयर कटिंग की दुकान चलाता था। मंगलवार शाम दुकान बंद करने के बाद वह ई-रिक्शा से घर लौट रहा था तभी भौनिया मोड़ के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया, जिससे राममनोहर उसके नीचे दब गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन घायल राममनोहर को तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रामनारायण सविता ने बताया कि ई-रिक्शा चालक राजेश कुशवाहा तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था जिससे यह हादसा हुआ।

### बाढ़ उतरने के बाद पंचायतों में साफ-सफाई व दवाओं का वितरण

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** यमुना नदी की बाढ़ उतरने के बाद बीमारी फैलने की आशंका के मद्देनजर रखकर भौरा बरुआ के ग्राम प्रधानों ने साफ सफाई का सघन अभियान चलाया है। साथ ही लोगों को बीमारी से बचाव के लिए दवाओं का वितरण कराया है। यमुना नदी की बाढ़ ने ग्राम पंचायत भौरा एवं बरुआ में काफी तबाही मचाई है। साथ ही फसलों को भारी क्षति पंहुची है। इसके साथ ही गांव में बाढ़ का पानी दोनों गांवों में घुसने से काफी नुकसान हुआ है। भौरा के प्रधान सुरेंद्र सिंह भदौरिया, बरुआ के प्रधान के छेदीलाल निषाद ने बताया कि बाढ़ के कारण चारो तरफ गंदगी फैल गयी थी। इससे बीमारी का खतरा उत्पन्न होने की संभावना बन रही थी। इसको मद्देनजर रखकर पंचायतों में दवा का छिड़काव कराकर ग्रामीणों के मध्य दवाओं का वितरण कराया गया है।

### ज्वार व तिल की फसल खराब, किसानों को भारी नुकसान

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के कंडौर गांव में बेतवा नदी के किनारे खेतो में खड़ी खरीफ फसल में ज्वार व तिल की फसल बाढ़ के पानी भर जाने से खराब हो जाने से किसानो का नुकसान हुआ है। क्षेत्र के कंडौर गांव में बेतवा नदी में बाढ़ आ जाने से नदी किनारे के खेतो में खड़ी खरीफ फसल में ज्वार एतिल की फसल खराब हो गई है। गांव निवासी किसान विश्वनाथ सिंह्एउ राजेंद्र सिंहएभूरा केदार चेता आदि किसानों ने बताया कि नदी किनारे के खेतो में खरीफ फसल की बुवाई की गई थी। जिसमें फसलें लहलहा रही थी। बेतवा नदी में आई बाढ़ ने सभी फसलों को चौपट कर दिया है। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद नुकसान दिखाई दे रहा है। किसानों ने फसल नुकसान का सर्वे कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

# राजमिस्त्री ने ससुरालीजनों से तंग आकर फांसी लगाकर दी जान

**मौदहा,हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम घटकना में घरेलू कलह के चलते एक युवक ने गले में फांसी का फंदा डाल आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपने ससुरालीजनों को दर्शाया है फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम घटकना निवासी महेंद्र कुमार (32) पुत्र बच्चू कुशवाहा ने घरेलू कलह के चलते मंगलवार की देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के



शव की का निरीक्षण कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें जिसने अपने ससुराली जनों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक गांव व आसपास राजमिस्त्री का काम करता था इसके अलावा उसके पिता के पास 25 बीघा खेती व ट्रैक्टर भी है। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह अपने पीछे दो पुत्रों समेत परिवार को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

# 'इनाम घोषित होने के बाद बाढ़ पीड़ितों के बीच प्रकट हुए सपा सांसद'

> भाजपा विधायक बोले- बाढ़ पीड़ितों के बीच शासन व प्रशासन ने जो सहयोग किया वह सराहनीय है

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बाढ़ बिभीषिका से निपटने के बाद बुधवार को भाजपा सदर विधायक मनोज प्रजापति ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शासन व प्रशासन ने बाढ़ पीडितों का जो सहयोग किया वह सराहनीय है, उन्होने सपा सांसद पर टिप्पणी करते हुये कहा कि सोशल मीडिया में गायब होने की खबर पर सपा सांसद एकदम प्रकट हुये और राहत के नाम पर खानापूरी करते चले गये। सपा सांसद की इस हरकत को पूरा प्रदेश जान गया है, सही वक्त आने पर जनता इसका उचित जवाब देगी। भाजपा विधायक ने कहा कि बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित हुये है, सभी को समय से खाना व हर सुविधा मिली है मंत्री व डीएम एसपी गांवों में जाकर लोगो को राहत सामग्री बाटी है। सपा नेता केवल ट्वीट करना जानते है जैसे उनके सपा सुप्रीमों ट्वीट करने की राजनीति करते है वैसे ही हमीरपुर-महोबा के सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी भी हवा में राजनीति करते है, सदर विधायक ने कहा कि यदि सोशल मीडिया में सपा सांसद के गायब होने व उनको खोज कर लाने में डेढ़ सौ रुपये का इनाम घोषित होने की खबर नही चलती तो वह क्षेत्र में कभी नही आते,इसलिये सांसद को बहुत बहुत आभार प्रकट किया जा रहा है कि कम से कम लाल टोपी पहनकर जनता से मिलने तो आये। उन्होंने कहा भाजपा के एक एक कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों के साथ खडा नजर आया है। रात दिन वह मेहनत करता है बरसात होने के बाद भी कीचड़ में घुसकर पीड़ितों की मदद की गयी है। कई-कई मोदी रसोईया संचालित रही हैं जिससे लोगों भरपेट भोजन मिलता रहा है। इस मौके पर लक्ष्मीरतन साहू, गणेश यादव, दीपू प्रजापति, ब्रजकिशोर गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित रहे।



### रिंग तटबंध से लाभ कम खतरा ज्यादा-विधायक

**हमीरपुर।** बाढ़ से निपटने के लिये रिंग तटबंध के मामले में सदर विधायक मनोज प्रजापति ने कहा कि यदि नदियों को तटो को दोनो तरफ से पानी रोक दिया गया और कभी भी तटबंध में दरार आ गयी तो संभालना मुश्किल हो जायेगा इसलिये इंजीनियरो का कहना है कि तटबंध से बाढ का बचाव तो हो जायेगा मगर उससे खतरा होने की ज्यादा संभावना है। फिलहाल इसके लिये एक्सपर्टों की राय मांगी गयी है मगर बाढ़ के पानी को रोकने के लिये हर संभव प्रयास किया जायेगा। इसके लिये सरकार पूरी तरह गंभीर है।

# शहीद हवलदार का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, बेटे ने दी मुखाग्नि

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

लुधियाना एयरफोर्स स्टेशन में ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से शहीद हुए कुंडौरा गांव निवासी हवलदार राजेश कुमार यादव का मंगलवार को गांव के मोक्षधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र हिमांशु यादव ने मुखाग्नि दी। इस दौरान झांसी से आई सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। शहीद की अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधि नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार राजेश कुमार यादव लुधियाना के नाइन



एयरफोर्स स्टेशन पर हवलदार पद पर तैनात थे। चार अगस्त सुबह परेड के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश होकर गिर पड़े। साथी सैनिक उन्हें आर्मी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब शहीद का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। अंतिम संस्कार से पहले लेफ्टिनेंट कर्नल प्रशांत भारद्वाज के नेतृत्व में सैनिकों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद मोक्षधाम में पूरे सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद अपने पीछे पत्नी रंजीता दो पुत्र दृ हिमांशु एवं प्रांशु और भाई कमल सिंह को रोता-बिलखता छोड़ गया है। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। माता-पिता और एक बड़े भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। अंतिम संस्कार में सदर विधायक डॉ मनोज कुमार पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अभिभावकों व शिक्षकों को दी गयी विस्तृत जानकारी

**हमीरपुर।** स्थानीय पं दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज में राजकीय हाई स्कूल बेरी व बिलौटा के एसएमडीसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। जिसमें अभिभावकों व शिक्षकों को विद्यालय प्रबन्ध समिति व विकास समिति के गठन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। स्थानीय पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज में विद्यालय प्रबंध एवं विकास समिति के सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामबाबू यादव व घनश्याम प्रजापति ने प्रशिक्षण के उद्देश्य समग्र शिक्षा का परिचय तथा प्रबंध एवं विकास समिति के गठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक घनश्याम प्रजापति ने बताया कि बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय का विकास करना और उसकी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षक रामबाबू ने एस एम डी सी का गठन एवं उत्तरदायित्व व अभिभावक शिक्षक के सहयोग से छात्र हित व उसके विकास का आधार शिक्षा है। इस लिए विद्यालय में प्रबन्ध समिति का सोलह सदस्यीय गठन अवश्य करना है। और विद्यालय के समग्र विकास के लिए इस समिति को क्रियाशील रहना होगा। प्रशिक्षण में राजकीय हाईस्कूल बेरी, राजकीय हाईस्कूल बिलौटा के प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र ओझा सहित तीनों विद्यालय के प्रबंध समित के सदस्य ने प्रतिभाग किया।

# समस्या का समाधान करने की मांग की

**राठ(हमीरपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में समस्या का समाधान कराने की मांग की है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि कस्बे में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम से निजात पाने के लिए राठ मे रिंग रोड बनाया जाए। जिससे भारी वाहन शहर में प्रवेश न कर सके। रिंग रोड से निकल जाने से मेन रोड पर लगने वाले जाम से बचा जा सकता है। सामुदायिक केंद्र में आस पास के क्षेत्र के सभी मरीज पहुंचते है। इस अस्पताल में न ही पर्याप्त विशेषज्ञ डाक्टर है न ही पर्याप्त संसासधान है। जिससे मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। राठ से जिला अस्पताल 90 किलोमीटर की दूरी पर है। नगरवासियों को 200 बेड का ट्रामासेंटर स्वीकृति करने करें। बताया कि ऑनलाइन व्यापार से छोटा व्यापारी परेशान है। ऑनलाइन व्यापार को सामान्य व्यापार के अनुरूप व्यापार करने के निर्देश हो। जिससे आम व्यापारी अपनी गुजर बसर कर सके। बताया कि कोट बजार स्थिति टाउन हाल के व्यापारीयो को नगर पालिका द्वारा दुकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जो कि गलत है। ऐसा करने से व्यापारियों को रोजी रोटी का संकट आने की संभावना है। इस मौके पर कामेश गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, ब्रजेन्द्र सोनी, भोले सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# रामकुंड से पवित्र जल लेकर गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कांवड़ यात्रा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में बुधवार को प्रभु श्रीराम के महोबा आगमन के साक्षी रहे रामकुंड तीर्थ से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई जो शहर की गलियों से होते हुए जारीगंज के शिव पंचायत शिवालय पर संपन्न हुई। रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया एवं पानी व केले आदि वितरित कर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कांवड़ यात्रा में महिलाओं की सहभागिता सबसे ज्यादा रही। कांवड़ यात्रा के संचालक वीरू व संजीव सेन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने रामकुंड से पवित्र जल लेकर गाजे-बाजे के साथ सुबह 10 बजे अपनी यात्रा शुरू की फिर बंधान वार्ड, शेखनपुरा, टिकरी, धलैतनपुरा, जारी गंज, सुभाष चौक और मगरियापुरा, कलारी होते हुए कांवड़ यात्रा बड़े वाले भगवान शंकर पर जल चढ़ाकर समाप्त हुई। भोलेनाथ के नाम एक लोटा जल, सभी समस्याओं का हल अभियान के साथ शुरू हुई कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं ने रास्ते में मिले सभी शिव मंदिरों में भी जल चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। कांवड़ लेकर चल रही ज्यादातर महिलाएं पीली साड़ी पहने थी और अन्य श्रद्धालु भी पीले वस्त्र धारण किए थे। कांवड़ यात्रा को देखने और स्वागत करने के लिए लोग पूरे रास्ते में दोनों ओर कतार लगाकर खड़े थे। कांवड़ यात्रा रामकुंड स्थित उमंगेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी शिव किशोर पांडेय, बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी व चंद्रशेखर अनुरागी के मार्गदर्शन में निकाली गई। इस मौके पर बाबूलाल, बिल्लू, इंद्रा पुरवार, नैतिक सोनी, अंबर, जागेश्वर, उर्मिला, यशोदा, प्रेमलता, रामदेवी पाटकार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की। मंच पर वरिष्ठ मार्गदर्शक, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, अभियान के जिला संयोजक तेज प्रकाश शिवहरे सहसंयोजक रोशन सिंह, संदीप तिवारी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष विभा पुरवार, अनुसूचित मोर्चा योजना की बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमित शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर सभी 11 मंडल के मंडल अध्यक्ष जिले के पदाधिकारी एवं





सभी मंडल के हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक उपस्थित रहे। भाजपा के जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगा बाटेंगे। 7 से 8 अगस्त को प्रत्येक मंडल में मंडल कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें हर घर तिरंगा अभियान को लेकर योजना बनाई जाएगी जिले के पदाधिकारी पहुंचकर बैठक लेंगे। ऑपरेशन सिंदूर की बिजय में पूरी दुनिया को भारत की ताकत दिखाने के बाद यह स्वतंत्रता दिवस बहुत ही गर्व के साथ मनाया जाएगा। 10 और 12 अगस्त को प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा जिस कार्यक्रम में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका रहेगी। यात्रा 1 किलोमीटर से 2 किलोमीटर तक होगी शहीद स्मारक से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थलों से गुजर कर जाएगी। प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण निछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित करेंगे। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण स्थान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान के बाद पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 14 अगस्त को विभाजन की भविष्य का स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस संगोष्ठी एवं विभाजित से प्रभावित लोक से भेंट कर प्रदर्शनी का आयोजन होगा। प्रत्येक स्तर के कार्यक्रमों की योजना बनाई गई भव्य तरीके से एक सप्ताह तक हर घर तिरंगा के तहत कार्यक्रम किए जाएंगे।

### युवक ने फांसी के फंदे पर झूल की आत्महत्या

**महोबा।** थाना अजनर क्षेत्र के ग्राम खिरिया में एक 26 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रतन पुत्र कल्याण अहिरवार के रूप में हुई है, जो नशे की लत से पीड़ित था। बीती रात्रि परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। रतन भी अपने कमरे में चला गया था। रात्रि में उसने छत के कुंदे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब घर के सदस्य जागे और रतन नहीं उठा तो उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा। कमरे के अंदर रतन फांसी के फंदे से झूलता मिला। यह दृश्य देख परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही थाना अजनर पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक ऋषि शुक्ला ने शव का पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अधिकारी योजनाओं से वंचित लोगों को करें चिन्हित

**▸ खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कोठरी गौरिया, भवरीकोल, बबूरिहा, इटहुआ, करौनी, सनावा बाढ़ रहात केंद्र आदि गांवों का निरीक्षण किया। मंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कैम्प लगाकर लोगो की समस्याओं का निस्तारण करें अधिकारी मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कैंप में उन लोगों को चिन्हित किया जाए जो सरकारी योजनाओं से वंचित हैं और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। भाजपा सरकार में बांध का डामरीकरण किया गया बाढ़ की स्थिति पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अलीनगर रानीमऊ तटबंध पहले कच्चा था, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी।

अब इस बांध पर डामरीकरण हो गया है। और स्पर भी बनाए गए हैं, जिससे खेती योग्य जमीनों को बचाया जा सके। सरयू नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है मंत्री ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में जलस्तर बढ़ा हुआ है, लेकिन अभी कोई गंभीर समस्या नहीं है। प्रशासन को बाढ़ क्षेत्र में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहा है और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। जमीन का कटान रोकने के लिए बाढ़ से पहले कार्य करवाये गए



उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ आने से पहले जमीन कटाव को रोकने के लिए बाढ़ खंड द्वारा आवश्यक कार्य करवाए गए हैं। सरकार गरीबों और पीड़ितों के साथ है और लगातार राहत कार्य कर रही है।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट बीडीओ सिरौलीगौसपुर संजीव गुप्ता, एडीओ पंचायत शम्भूनाथ पाठक और स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग विकास विभाग विकास विभाग के अधिकारी के अलावा प्रदीप द्विवेदी, पुरेडलाई ब्लाक प्रमुख रत्नेश सिंह, कपिल वर्मा, लवलेश पंडित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गांव-गांव शिविर लगाकर आधार कार्ड बना रहे पोस्ट ऑफिस कर्मी



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए पोस्ट ऑफिस द्वारा गांव गाँव शिविर लगाकर आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत नैपुरा में प्रधान के आवास पर शिविर लगाकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया। शाखा डाकघर लोहंगपुर में कार्यरत कर्मचारी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया अधिकारियों के निर्देश पर कैंप लगाकर निशुल्क आधार कार्ड बनाया जा रहा है।ग्रामीण समर बहादुर यादव ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पोस्ट ऑफिस की तरफ से गांव गांव आधार बनाया जा रहा है जो कि काफी सराहनीय कदम है। इस अवसर पर मनीष यादव , माताफेर यादव सहित 20 अभिभावकों ने अपने बच्चो के आधार कार्ड बनवाये और पोस्ट ऑफिस की इस पहल की सराहना की।

## मानसिक अस्वस्थ्य वृद्ध ने तालाब में कूदकर दी जान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत भैरमपुर मजरे भिखरा गांव में मानसिक विक्षिप्त एक 66 वर्षीय वृद्ध ने तालाब में कूदकर जान दे दी। मृतक के पुत्र अनिल कुमार पांडे ने बुधवार की दोपहर बाद पुलिस को दी गई सूचना में बताया कि मानसिक रोग से पीड़ित उनके पिता अरुणेन्द्र कुमार पांडेय का इलाज चल रहा था। आज दोपहर लगभग 1:00 बजे घर के सामने तालाब में कूद गए। घर में मौजूद उनके भाई गौरव पांडे ने बचाने का पूरा प्रयास किया परंतु बचा नहीं सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तालाब में तलाश करवाया तो अरुणेंद्र कुमार पांडे का शव बरामद हो गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# सड़क दुर्घटना का शिकार हुए अधिवक्ता ने दर्ज कराया मुकदमा

**▸ पिता बोले, गैलेक्सी अस्पताल लखनऊ में चल रहा है पुत्र का इलाज**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर लगभग एक सप्ताह पूर्व घर लौट रहा अधिवक्ता सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।अधिवक्ता पुत्र को उपचार के लिए भर्ती कराने के बाद कोतवाली आये पिता ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार लोनीकटरा थाना क्षेत्र के त्रिवेदीगंज कस्बा निवासी अभिषेक यज्ञसेनी तहसील हैदरगढ़ में अधिवक्ता है। गत1 अगस्त को वकालत का व्यवसाय करके अपनी मोटर साइकिल से वापस घर जा रहे थे कि तभी गोतौना स्थित रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास वाहन सं0 यूपी33 सी टी 9302 डाला द्वारा पीछे से मोटरसाइकिल में लापरवाही पूर्वक जोरदार टक्कर मार दी गई। दुर्घटना में अधिवक्ता का जहाँ पैर टूट गया वही हेड इंजरी हो गयी। जिसे सौरभ यज्ञसेनी पुत्र विनोद यज्ञसेनी द्वारा सीएचसी त्रिवेदीगंज एम्बुलेन्स द्वारा पहुंचाया गया। जहां से लखनऊ रिफर कर दिया गया। पिता प्रदीप यज्ञसेनी ने बताया कि उनके पुत्र का इलाज गैलेक्सी अस्पताल लखनऊ में चल रहा है। बताया कि पुत्र के इलाज में लग जाने के कारण वह देर से सूचना दे रहा है।

## अवसानेश्वर मन्दिर में चोरी हुए पर्स का महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** 3 दिन पूर्व बहन के साथ अवसानेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गई एक महिला का पर्स चोरी हो गया। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी कोतवाली हैदरगढ के रनापुर गाँव निवासी तृप्ति मिश्रा पत्नी रवि प्रकाश तिवारी व पुत्री विमल कुमार मिश्रा ने पुलिस को बताया कि 04 अगस्त को वह अपनी बहन दीक्षान्तिका के साथ अवसानेश्वर महादेव मन्दिर रौनी दर्शन करने गई थी। दर्शन के दौरान किसी ने उनके हैंडबैग के अन्दर से पर्स चोरी कर लिया। बताया कि पर्स में लगभग 6000 रुपये व चाभी तथा उनकी फोटो आदि रखी थी। बताया कि आज उसने मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखी तो पाया कि एक महिला उसके बैग से पर्स चोरी करते दिखाई दी। पीड़िता के अनुसार यह घटना उस दिन सुबह लगभग 11.45 से 11.50 बजे दिन की है।

# सर्प दंश से किशोरी की मौत, मचा कोहराम



**बेलहरा, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

किचन में झाड़ू लगाने के दौरान रखी लकड़ियों में बैठे विषैले सर्प ने किशोरी को डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोकलापुर गांव निवासी जयकरन की 17 वर्षीय बेटी सोनम पाल बुधवार भोर करीब पांच बजे घर के किचन में झाड़ू लगा रही थी। इसी बीच किचन में रखी लकड़ियों को हटाने लगी तभी उसमें बैठे किसी विषैले सर्प ने उसके हाथ में काट लिया। सोनम ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने पहले तो झाड़ फूक शुरू किया लेकिन हालत काफी गंभीर होने पर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोरी क्षेत्र के साईं डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा थी। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छेदा चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सर्प डंस से मौत की जानकारी हुई है,शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# न.पं. के वार्डों में पानी आना बंद, रोकी गई मेन सप्लाई

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड रईस कटरा,शाह कटरा,मुख्खिन व छेदा कटरा में वाटर सप्लाई की मेन लाईन में पानी आना बंद है।जल निगम के अधिकारी से जब सभासद ताहिर अंसारी ने बात की तो जूनियर इंजीनियर सौरभ त्रिपाठी ने बताया की इस वाटर सप्लाई की लाईन को मुतफरिक आबादी व सरकारी अस्पताल की तरफ जोड़ दिया गया है। इसलिए ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है। लेकिन किसके आदेश से किया इसका जवाब अधिकारी नही दे सके।यहां बताते चलें हर घर जल की सुविधा के लिए सरकार जैदपुर के वार्ड अलीअबर कटरा,मोलवी कटरा व मुतफरिक आबादी के लिए अली अकबर कटरा मे नयी पानी की टंकी का निर्माण हो चुका है। ऐसे में जल निगम की तानाशाही यह कुछ वार्डो में



जानबूझ कर पानी को रोका जाना ठीक नहीं। यह किसी के कहने से कुछ वार्डो को चिन्हित कर के परेशान करने जैसा है। सभासद ताहिर अंसारी के अनुसार अगर शुक्रवार तक इन वार्डो में पानी आना सुनिश्चित नहीं किया गया तो शनिवार को वार्डों की जनता द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सभासद ताहिर अंसारी ने अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी व चैयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम से शिक़ायत की है।नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड रईस कटरा शाह कटरा मुख्खिन व छेदा कटरा के निवासी बीते एक सप्ताह से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं।अधिक गर्मी होने के कारण नगर में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। वार्डवासी पानी की समस्या को लेकर सभासदो से लगातार से मिल मिलकर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।लेकिन सभासदों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मोहल्ला ब्रह्मनान,चमरही,रईस कटरा व दर्जी मोहल्ला के लोगो को पानी नहीं मिलने से लोगों में नाराज़गी देखने को मिल रही हैं।उत्तर प्रदेश सरकार नगर पंचायत जैदपुर को लगभग 6 नल कूप व 4 पानी की टंकीया उपलब्ध करा चुकी है।लेकिन सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही नगर पंचायत जैदपुर।इस संबंध में सौरभ त्रिपाठी से बात की गयी तो बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट के कारण समस्या हो रही है जिसके लिये बिजली विभाग में बात की है। जल्द ही समाधान हो जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आये युवक की दर्दनाक मौत



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** पंखा लगाने के दौरान अचानक करंट उतरने से एक 30 वर्षीय नवयुवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भावनियापुर थाना असन्दरा निवासी अमानतअली पुत्र अजमत अली उम्र लगभग 30 वर्ष उस वक्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए जब वह घर का पंखा लग रहे थे इसी समय पंखे में करंट उतरने के कारण वह गंभीर रूप से वह जख्मी हो गया परिजनों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनिकोंडर ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया । परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है । इस घटना को लेकर घर मे कोहराम मच गया।

### शारदा सहायक नहर में बरामद हुआ अज्ञात युवक का शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र से निकलने वाली शारदा सहायक खण्ड 28 नहर में दयालगंज रेगुलेटर के निकट से लगभग 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। नहर विभाग में कार्यरत श्रवण कुमार पुत्र रामसहाय यादव निवासी लक्ष्मणगढ़ मजरे रामनगर बेलदार शारदा सहायक नहर खंड 28 रेगुलेटर दयालगंज ने बुधवार को 11:30 बजे एक 35 वर्ष युवक का शव नहर में बहने की सूचना दी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने बताया कि शव करीब 5 दिन पुराना लग रहा है क्योंकि शव काफी सड़ गल गया है। मृतक की पहचान करने का काफी प्रयास किये गये, परंतु पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचायत नामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा हैं।

### अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप



मृतिका की मां सीमा से बात करते एसओ सिरसा कलार, इंसेट में मृतिका की फाइल

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप मृतका के परिजनों ने लगाया है। सिरसा कला थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फसोनू पुत्र प्रेमचंद यादव की पत्नी सोनाली ने आज फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र बाजपेई थाना अध्यक्ष सिरसा कलार और चौकी इंचार्ज शिवम सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर नमूने एकत्रित किए। मृतिका का मायका ग्राम कमालपुर नबीपुर थाना राजपुर कानपुर देहात बताया गया। सोनाली की शादी अप्रैल 2024 में सत्येंद्र के साथ हुई थी और उसकी एक तीन माह की बच्ची भी है। सूचना पाकर न्यामतपुर पहुंचे मृतिका की मां सीमा देवी एवं भाई अभय सिंह ने बताया कि सोनाली के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के रूप में 200000 की मांग कर रहे थे न देने पर उन्होंने एक राय होकर सोनाली की फांसी लगाकर हत्या कर दी। थाना अध्यक्ष का कहना था कि जांच के बाद ही पता चलेगा की घटना के पीछे कारण क्या रहा है।

# यूरिया मिलने की सूचना पर टूट पड़ते हैं किसान फसल तैयार करने की कर रहे भारी मशक्कत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

धान की फसल में यूरिया की जरूरत को लेकर किसानों की बढ़ती बेचैनी बुधवार को मथुरानगर स्थित साधन सहकारी समिति पर साफ नजर आई, जहां खाद मिलने की सूचना पर सैकड़ों किसान उमड़ पड़े। भीड़ और अव्यवस्था की सूचना पर मौके पर तहसीलदार महिमा मिश्रा ने पहुंचकर हालात का जायजा लिया और किसानों को समझा-बुझाकर टोकन व्यवस्था लागू कराई।

इन दिनों यूरिया की किल्लत से किसान परेशान हैं। समितियों में यूरिया की कम आपूर्ति और बढ़ती मांग के चलते उन्हें मजबूरी में ब्लैक



में महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। कई निजी दुकानदार यूरिया के साथ जबरन जिंक व सल्फर भी थमा रहे हैं। मथुरानगर समिति पर बुधवार को खाद वितरण की सूचना मिलते ही किसान सुबह से ही जुटने लगे। भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही एसडीएम अनुराग सिंह ने तहसीलदार महिमा मिश्रा व क्षेत्रीय लेखपाल अंबुज मिश्रा को तत्काल मौके पर भेजा।तहसीलदार ने किसानों से संवाद कर स्थिति संभाली और सचिव को निर्देश दिया कि टोकन वितरण प्रणाली लागू की जाए ताकि शांति और पारदर्शिता बनी रहे।

# छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**


जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न 09 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं हेतु संचालित है, जिनमें शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के निवास हेतु प्रवेश के लिए आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 .7.2025 निर्धारित की गई थी क्योंकि परीक्षाओं के परिणाम लंबित होने के कारण रिक्तियों के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में आवेदन फार्म जमा नहीं हो पाए हैं। अतः आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2025 निर्धारित की जाती है, जो छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्रा वांछित प्रपत्रों को अपलोड कर प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राजकीय अनु. जाति छात्रावास (बालिका) दशहराबाग बाराबंकी में छात्र क्षमता 48, राजकीय अनु. जाति छात्रावास जनेस्मा बाराबंकी में छात्र क्षमता 48, राजकीय अनु. जाति छात्रावास सार्वजनिक हैदरगढ़ बाराबंकी में 48, राजकीय अनु. जाति छात्रावास सिरौलीगौसपुर बाराबंकी में 48, राजकीय अनु. जाति छात्रावास सफदरगंज बाराबंकी में 48 और राजकीय अनु. जाति छात्रावास रामनगर बाराबंकी में छात्र क्षमता 50 है।

## मूर्तजीपुर सम्पर्क मार्ग के निर्माण को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

**जैदपुर, बाराबंकी।** मूर्तजीपुर संपर्क मार्ग के निर्माण करने को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों द्वारा आज बुधवार करीब 12:30 बजे चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी है।इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा ने बताया कि पूर्व में संबंधित विभाग को उक्त मार्ग के निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी और 2 अगस्त तक निर्माण कार्य न होने की स्थिति में 3 अगस्त से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई थी।जिस पर संबंधित विभाग द्वारा कोई समुचित कार्रवाई न किए जाने की स्थिति में धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है।

# एडीओ आईएसबी रमेश कुमार उदैनिया रिश्वत लेते गिरफ्तार



रिश्वत लेते गिरफ्तार रमेश कुमार उदैनिया

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जालौन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई ने बुधवार को डकोर विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी रमेश कुमार उदैनिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोतवाली उरई के ग्राम मौखरी निवासी आकाश कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में शिकायत दर्ज कराई थी। आकाश की माता गीता देवी ग्राम कुइया मजरा मौखरी की वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। आकाश प्रधान प्रतिनिधि के रूप में ग्राम पंचायत के कार्यों की देखरेख करते हैं।

उन्होंने शिकायत की कि गांव में जलरोधक बांध निर्माण, पुलिया निर्माण और अस्थायी गौशाला के समतलीकरण के लिए मनरेगा और ग्राम निधि से कुल 8,55,000 रुपये स्वीकृत हुए थे। कार्य पूर्ण होने के बाद मजदूरों के खातों में भुगतान भी कर दिया गया था। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी रमेश कुमार उदैनिया ने 15,000 रुपये की रिश्वत मांगी। जब शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार किया, तो अधिकारी ने अन्य लंबित भुगतान रोकने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। बुधवार दोपहर लगभग 3:15 बजे खंड विकास अधिकारी कार्यालय, डकोर परिसर से रमेश कुमार उदैनिया को 15,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सहायक विकास अधिकारी के खिलाफ थाना कोतवाली उरई में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई टीम का नेतृत्व निरीक्षक शादाब खान ने किया। टीम में श्याम सिंह, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार सिंह, कमल, शिवम कुमार द्विवेदी और जितेन्द्र सिंह शामिल थे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में सुधार को लेकर अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन

**कोंच जालौन।** प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं की कार्यप्रणाली में सुधार लाने की मांग की। ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं जिनमें शामिल हैं कि गलत प्रश्नों की फीस पर रोक परीक्षा में गलत प्रश्नों की लंबी श्रृंखला होने के बाद प्रति प्रश्न 100 रुपये की फीस लेने पर तुरंत रोक लगाई जाए निकट परीक्षा केंद्र छात्रों की अनावश्यक परेशानी को कम करने के लिए परीक्षा केंद्रों को उनके निवास स्थान के करीब बनाया जाए विश्वसनीय एजेंसी की नियुक्ति परीक्षा आयोजित करने के लिए फर्जी और ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को नियुक्त करने पर रोक लगाई जाए।

# एकता वन को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने लिया गोद



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कालपी रोड स्थित एकता वन अब व्यापारियों की देखरेख में संवरता नजर आएगा। हाल ही में हुए बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की सफलता के बाद बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल करमेर रोड स्थित वन विभाग कार्यालय पहुंचा। इस दौरान प्रभागीय वन अधिकारी प्रदीप कुमार को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही मंडल की ओर से औपचारिक धन्यवाद पत्र भी सौंपा गया। इस पर मंडल के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि वे समय-समय पर वन क्षेत्र की देखरेख और विकास कार्यों में सहयोग करेंगे। निकट भविष्य में एकता वन को सुंदर और उपयोगी पार्क का रूप देने की योजना भी बनाई गई है। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव सिपोलिया, प्रदीप द्विवेदी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डा. देवेंद्र सेठ, संजय सुहाने, जिला उपाध्यक्ष डा. प्रज्ञा राजपूत, महेंद्र भाटिया, दिनेश पुरवार, धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, बंटू गुर्जर, जिला संयोजक आईटी सौरभ ठाकुर श्टिमरोश, जिला मंत्री उत्तम सिंह राजावत, उदयकरण प्रजापति, नगर अध्यक्ष उमेश शर्मा, नगर मंत्री धर्मेंद्र पांचाल, कैटरिंग यूनियन अध्यक्ष संजय विजपुरिया, नगर कोषाध्यक्ष निलय गुप्ता, महेश चौरसिया समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नारायन कॉलेज में इण्टर हाउस बास्केट बॉल प्रतियोगिता आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड् आर्ट्स में बड़े ही उत्साह से इण्टर हाउस बासकेट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें करेज हाउस, डिसीपिलिन हाउस, यूनिटी हाउस एवं फेथ हाउस के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथिधीरज पाठक सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट बासकेट बॉल एसोसियेशन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्र्यापण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त सम्मानित जनों ने सभी हाउस के खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उनका




उत्साह वर्धन किया तथा उन्हें शुभकामनायें दीं। प्रतियोगिता का आरम्भ फेथ हाउस तथा डिस्पिलिन हाउस के मैच से हुआ, तत्पश्चात करेज हाउस तथा यूनिटी हाउस का मैच हुआ दोनों ही मैचों के बाद फाइनल राउण्ड के लिये करेज हाउस तथा डिसिपिलिन हाउस ने क्वालीफाई किया। फाइनल राउण्ड में दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। सभी विधार्थियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट के साथ किया। विजेता टीम के कप्तान वैभव मिश्रा तथा अन्य टीम मेम्बर अंशुल, आदर्श एवं कृष्णा आदि को डिसिपिलिन हाउस की मास्टर वन्दना रावत ने बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी हाउस के प्रतियोंगियों को बधाई दी एवं अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगितायें खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा और एकाग्रता का विकास करती हैं तथा उनकी प्रतिभा को निखारती हैं।

विद्यालय सदैव विधार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिये तत्पर है इस कार्य के लिये विद्यालय ने अनुभवी प्राशिक्षकों को नियुक्त किया हुआ है। विद्यालय आने वाले समय में सहोदया तथा अर्न्तराज्यीय प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाशाली विधार्थियों को प्रतिभाग करवायेगा तथा खिलाड़ियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध करायेगा। साथ ही उन्होने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि आप सब आगामी प्रतियोगिताओं में विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित करते रहेंगे। विद्यालय आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यादवेन्द्र पाल सिंह स्पोर्टस प्रभारी, स्पोर्टस कोच जैलेन्द्र सिंह, स्कूल कार्डिनेटर उरूसा रिज़वान, सीसीए कमेटी (कृष्णा गोपाल त्रिवेदी, संदीप यादव एवं ऋतु कनौजिया) विभिन्न हाउस के इंचार्ज, वन्दना रावत, शुभांकित शुक्ला एवं उमंग यादव, मोहन दलेला तथा सिद्धार्थ आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## झांसी बैठक में शामिल हुए ब्रजभूषण का बसपाइयों ने किया स्वागत

**उरई,जालौन।** बहुजन समाजपार्टी की बैठक आज जिला कार्यालय उरई में जिलाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश जाटव की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन जिला महासचिव उदयवीर सिंह दोहरे ने किया।

बैठक में पिछले दिनों झांसी मंडल की बैठक में पूर्व एमएलसी दिनेश चद्रा बुंदेलखंड व कानपुर मंडल के मुख्य प्रभारी, लालाराम अहिरवार, मुख्य प्रभारी झांसी मंडल मानवेन्द्र पटेल, रविकांत मौर्य मुख्य प्रभारी झांसी मंडल की मौजूदगी में ब्रजभूषण कुशवाहा, मो. अकलाख और दिलीप गुर्जर के बसपा में शामिल होने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद-अमेठी**

पत्रांकः 373/न.पा.प.जायस/2025-26 दिनांक- 04.08.2025

(नीलामी सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जायस के अर्न्तगत वार्ड नं. 01 मे स्थित मनिहारन तालाब अमृत सरोवर योजना के अर्न्तगत चयनित है तालाब के किनारे लगे 294 यूकेलिप्टस पेड़ो के कारण विकास कार्य मे अवरोध उत्पन्न हो रहा है, उक्त के क्रम में जिला वन अधिकारी जनपद अमेठी के द्वारा उक्त पेड़ो का मूल्यांकन कराया गया जिसके पश्चात नीलामी दिनांक 14.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे नीलामी गठित समिति के समक्ष अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस के कक्ष में सम्पन्न करायी जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु दिनांक 13.08.2025 शाम 05:00 बजे तक कार्यालय से नीलामी फार्म प्राप्त किया जा सकेगा, तथा नीलामी को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद-अमेठी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद-अमेठी

# गौवध में फरार अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस ने कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व आठ हजार की नगदी की बरामद


घायल अपराधी रहमत अली को ले जाती पुलिस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** गौवध के अभियोग में वांछित शातिर अपराधी रहमत अली (35) पुत्र बसारत (निवासी ग्राम राजपुर सौरिख को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें रहमत अली के पैर में गोली लगी। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और 8000 रुपये नकद बरामद किए गए। थाना सौरिख क्षेत्रांतर्गत 04 अगस्त शाम करीब 6:30 बजे कंसुआ नहर पुल के किनारे कुछ अज्ञात लोगों द्वारा एक गाय को काटने की तैयारी की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। मौके से एक जीवित गाय, एक कुल्हाड़ी, छुरी और एक मोटरसाइकिल (नं0 यूपी 74-ई 5438) बरामद की गई। इस पर थाना सौरिख में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर आरोपी रहमत अली अपने साथी के साथ राजपुर गांव की सरहद के पास खेतों में छिपा है। सूचना पर तत्काल सौरिख पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने घेराबंदी की।

घिरा देख आरोपियों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक गोली रहमत अली के पैर में लगी और उसे मौके से पकड़ लिया गया। जबकि उसका साथी रंजीत जाटव फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपी को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सौरिख भेजा गया है। वहीं फरार अभियुक्त रंजीत जाटव सहित अन्य की तलाश जारी है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# बच्चों के नामांकन, शत-प्रतिशत हाजिरी पर दिया जोर

▸ पीएस अलीनगर में अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन


अभिभावकों के साथ बैठक करते स्कूल स्टाफ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर एवं जलालपुर सरवन में अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय की एसएमसी अध्यक्ष सुमन देवी ने की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधनारायण ने किया। बैठक में छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों का समुचित कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित कराने, बच्चों की शत- प्रतिशत उपस्थिति, निपुण भारत मिशन की सफलता, दीक्षा एप एवं क्यूआर कोड के प्रभावी उपयोग, डीबीटी योजना की धनराशि के सदुपयोग, दिव्यांग छात्रों हेतु समर्थ कार्यक्रम, आऊट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु शारदा कार्यक्रम, तथा हर घर तिरंगा 2025 एवं हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान जैसे राष्ट्रव्यापी अभियानों पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से इन सभी प्रयासों में सहयोग की अपील की ताकि बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर विज्ञान एआरपी रंजना पाठक ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों की सक्रिय भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों से स्कूल की गतिविधियों में बढ़- चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# राजकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं के स्वागत हेतु दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्रों को शिक्षा, अनुशासन और आत्मविकास के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पी. जी. प्रभारी डॉ. शिप्रा वर्मा ने कहा कि यह दिन छात्र जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का स्थल है। डिंपल कुशवाहा (असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान) ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों को नियमित अध्ययन व कक्षा में उपस्थिति की सलाह दी। डॉ. संजय कुमार सिंह (चीफ प्रॉक्टर) ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को अनुशासित दिनचर्या अपनाने पर बल दिया। डॉ. हरी राम यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान) ने दीक्षारंभ को मूल मानवीय प्रवृत्ति से जोड़ते हुए इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। डॉ. हेमेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति की जानकारी देते हुए उसके लाभ समझाए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अखिलेश कुमार यादव ने किया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद महाविद्यालय स्टाफ व छात्र- छात्राएं

# गूंजा भारत माता की जय, बाइक रैली से नागरिकों को किया जागरूक

▸ हर घर तिरंगा अभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा निकाली रैली
▸ डीएम ने दिखाई हरी झंडी, भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजा वातावरण


रैली निकाल जागरूक करती शिक्षकाएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा बाइक/स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली की शुरुआत भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाएं शामिल हुए। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर गोल कुआं, लाखन तिराहा, मकरंद नगर होते हुए पीएसएम कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अग्निहोत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे गर्व के साथ अपने- अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल बनाएं। रैली का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। आयोजन का उद्देश्य आमजन में तिरंगे के प्रति सम्मान, गौरव और देशभक्ति की भावना को जाग्रत करना था। रैली का विशेष आकर्षण रही शिक्षिका स्नेहलता द्विवेदी द्वारा तैयार की गई तिरंगा सेल्फी प्वाइंट, जहां डीएम, एसपी विनोद कुमार एवं सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान को समर्थन दिया। इस मौके पर एडीएम आशीष कुमार सिंह, बीएसए संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं रहे।

# ट्रक-डीसीएम भिड़ंत में चालक की मौत, हेल्पर गंभीर

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** तालग्राम छिबरामऊ मार्ग पर ईदगाह के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका हेल्पर गंभीर रूप से घायल है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मैनपुरी निवासी ट्रक चालक 32 वर्षीय मोहित कुमार केबिन में फंसकर बुरी तरह घायल हो गए। वहीं छिबरामऊ निवासी हेल्पर लाडो केबिन से छिटककर खाई में जा गिरा। दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी तालग्राम ले जाया गया। यहां से उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने ट्रक चालक बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बमरौली निवासी मोहित को मृत घोषित कर दिया। हेल्पर लाडो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने डीसीएम चालक सिंघराम पुत्र शिवनाथ को हिरासत में ले लिया है। तालग्राम थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण दोनों वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही प्रतीत होती है। दोनों वाहनों को थाने में पहुंचाया गया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मोहित की मौत की खबर से उनके गांव में मातम छा गया। परिजन सदमे में हैं, और पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में पांच मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए विधायक ने की पहल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आर्थिक सहायता की मांग की है। पत्र में बताया गया कि छिबरामऊ के त्रिपाठी नगर निवासी दीपक चौहान (42) अपनी पत्नी पूजा (40), बेटी आराध्या (9), बहन सुजाता (36) और भांजी अनैशा (5) के साथ 1 जुलाई को आगरा से लौट रहे थे। मैनपुरी के बेबर के पास एनएच-34 पर भारी बारिश के कारण उनकी कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें पांचों की मृत्यु हो गई। दीपक की बेटी आशी गंभीर रूप से घायल है और परिवार में अब कोई अन्य नहीं बचा। विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है ताकि परिवार को संबल मिल सके। पत्र की प्रति जिलाधिकारी कन्नौज को भी भेजी गई है, जिसमें प्रस्ताव को प्राथमिकता के साथ मुख्यमंत्री तक भेजने का अनुरोध किया गया है।

### भाकियू अध्यक्ष से कांग्रेस नेताओं ने की मुलाकात



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सौरिख कट पर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह से कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे पप्पू ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विनोद दुबे ने पार्टी लाइन से हटकर छिबरामऊ विधानसभा के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में बाढ़ की स्थिति के कारण गरीब किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने भाकियू अध्यक्ष से प्रशासन के समक्ष इन समस्याओं को उठाकर समाधान करवाने की अपील की। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव संजय पौल, युवा कांग्रेस नेता मेराज़ वारसी और राजू खान भी मौजूद रहे।

### भगवान राम को उपवस्त्र अर्पित, ब्राह्मणों का हुआ सम्मान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख रजनीश दुबे ने भगवान राम को उपवस्त्र अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने श्री राम कथा वाचक ब्राह्मणों को राम नाम का अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। यह आयोजन हिंदू संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करते हैं। यह प्रयास भक्ति और एकता का संदेश देता है।रजनीश दुबे ने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उनके आदर्शों को जीवन में उतारना हमारा कर्तव्य है। यह सम्मान समारोह हिंदू समाज को संगठित करने और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का एक कदम है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# नवागंतुक डॉक्टर विभांशु को किया गया सम्मानित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी योगदान आख्या देने वाले नवागंतुक डॉक्टर विभांशु चतुर्वेदी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

डॉ विभांशु, नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. गणेश चतुर्वेदी के पुत्र हैं। उन्होंने 2010 में इंटरमीडिएट के बाद 2016 में रामा मेडिकल कॉलेज, कानपुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, नई दिल्ली में दो वर्ष तक इंटर्नशिप की। सितंबर 2017 में उनकी नियुक्ति जिला अस्पताल कन्नौज में ब्लड बैंक प्रभारी के रूप में हुई। 5 अगस्त 2025 को उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिबरामऊ में अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने डॉ. विभांशु को माल्यार्पण और अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, डॉ. विभांशु का समर्पण और चिकित्सा क्षेत्र में योगदान प्रेरणादायक है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे समाज की सेवा में निरंतर योगदान देंगे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, अमित भारतीय, और रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल उपस्थित रहे।



# ट्रेन की चपेट में आया युवक, गई जान

▸ घटना की सूचना पर स्वजनों में मची चीख पुकार
▸ सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा


मृतक युवक का फ़ाइल फ़ोटो

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। यह देख घटना स्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई। मामले की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची जसोदा चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के पांडेपुरवा गांव निवासी जसवंत का 21 वर्षीय पुत्र शानू किसी काम लेकर खेतों की ओर जा रहा था। तभी गांव के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय फर्रूखाबाद से कानपुर की तरह जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गयी। घटनास्थल पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई करते पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक युवक बाहर रहकर नौकरी करता था। वह बुधवार को ही घर लौटा था। और हादसे का शिकार हो गया। वही स्वजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

# बाढ़ प्रभावितों को मिले हर संभव मदद : रजनी तिवारी


कासिमपुर में लोगों से बातचीत करती मंत्री व मौजूद डीएम- एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कासिमपुर कटरी का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन पहुंचकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने कई स्थानों पर जल निकासी की गंभीर समस्या को उठाया, जिस पर मंत्री ने तत्काल समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हर स्तर पर उनकी सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ज़रूरतमंदों को हर आवश्यक सहायता तुरंत मुहैया कराई जाए।

उन्होंने चिकित्सा टीमों को पूरी सतर्कता से कार्य करने, जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पशुओं के लिए चारा, चिकित्सा एवं ठहरने की बेहतर व्यवस्था की जाए। मंत्री ने निर्देश दिए कि राहत शिविरों में स्वच्छता, पेयजल, भोजन और बिजली की मूलभूत सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध हों। राहत शिविरों में रहने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि बाढ़ के कारण कोई भी छात्र- छात्रा शिक्षा से वंचित न रहे। ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार, एडीएम आशीष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी रहे।

# नगर पंचायत कार्यालय में कार्यशाला आयोजित



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** कूड़ा संग्रहित करने का पहला चरण बेहद महत्वपूर्ण है जब हम सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करते हैं तो अगले चरण में उसे अलग करने में हमें कोई परेशानी नहीं होती है। और कूड़ा का निस्तारण करने में भी आसानी रहती है लेकिन जब हम कूड़ा एकत्र करने में गलती करते हैं तो उसे निस्तारण में भी परेशानी होती है इसीलिए पहले चरण में कूड़ा एकत्र करना महत्वपूर्ण है यह बात जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम सिंह ने कहीं नगर पंचायत कार्यालय सभागार में बुधवार को सफाई कर्मियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि सोर्स, सेग्रीगेशन कूड़ा निस्तारण का प्रथम और महत्वपूर्ण चरण है यदि सफाई कर्मी इसे सही से कर लेते हैं तो उन्हें कूड़ा निस्तारण में परेशानी नहीं होगी उन्होंने सफाई कर्मियों को डोर टू डोर कूड़ा संग्रहित करने की जानकारी देकर जागरूक किया स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने व स्थान प्राप्त करने पर कर्मचारियों की प्रशंसा की गई और इसी तरह आगे भी कार्य करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अंकित दुबे, विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ, आनंद, राजा, प्रशांत शाक्य, विक्रम, रियाज, मतलूब, अत्ताउल्ला, अरमान हुसैन आदि मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा चालक ने युवक को सरेआम पीटा

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के फर्रूखाबाद चौराहे पर एक ई-रिक्शा चालक द्वारा युवक की सरेआम पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में चालक युवक को थप्पड़ मारता दिख रहा है, जबकि आसपास खड़े लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने बीच-बचाव की कोशिश तक नहीं की। विवाद का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। स्थानीय पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया रक्षाबंधन



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मोहल्ला बजरिया गौशाला स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उप सेवा केंद्र में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण के विग्रह पर पुष्प हार अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बहनों ने अतिथियों और विशिष्ट जनों को रक्षा सूत्र बांधकर प्रेम और सुरक्षा का संदेश दिया। प्रसिद्ध श्री राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान विश्व भर में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस संस्थान से जुड़कर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। ग्राम पंचायत कल्यानपुर की प्रधान प्रतिभा मिश्रा ने कहा कि आज विश्व को प्रेम और सहिष्णुता की जरूरत है। रक्षाबंधन का पर्व सभी को प्रेम के बंधन में जोड़ता है, और ब्रह्माकुमारी यह कार्य बखूबी कर रहा है। पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह राठौर (बबल) ने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। मनोज राठौर ने रक्षाबंधन को भारतीय संस्कृति का गौरव बताते हुए इसे आत्मिक शुद्धि का प्रतीक बताया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष संजय भदौरिया ने कहा कि यह पर्व न केवल पारिवारिक, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का भी प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं फतेहगढ़ से पधारीं ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहा कि मानव जीवन का लक्ष्य परमपिता के आश्रय में पहुंचना है, और प्रेम भक्ति ही इसका मार्ग है। ब्रह्माकुमारी स्वर्णिमा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जबकि स्थानीय केंद्र प्रभारी बीके शिवानी बहन ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह भेंटकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। ब्रह्माकुमारी मीरा बहन के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर, संध्या त्रिपाठी, उषा उपाध्याय, बीके शर्जिमा, रवि राठौर, विजय चौहान, शालिनी चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# गोविंद बाबू अध्यक्ष और सत्यपाल बने मंत्री

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में शिक्षक संघ (शर्मा गुट) की विद्यालय इकाई की कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव व सचिव महेंद्र कुमार भारती के पर्यवेक्षण में हुआ। एनसीसी मेजर संदीप कुमार माधव ने अध्यक्ष पद के लिए गोविंद बाबू सक्सेना और मंत्री पद के लिए सत्यपाल सिंह के नाम प्रस्तावित किए। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह नवगठित कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 के लिए दायित्वों का निर्वहन करेगी। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में मेजर संदीप कुमार माधव , दीपक कुमार , हेम लता वीरेन्द्र कुमार वर्मा, गौतम सिंह, राम अवतार पासवान , जितेन्द्र कुमार , संदीप कुमार , पूर्व प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह यादव रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद बाबू सक्सेना व मंत्री सत्यपाल सिंह ने सभी सदस्यों, शिक्षकों और जिला इकाई के पदाधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव व सचिव महेंद्र कुमार भारती ने शिक्षक संघ के लक्ष्यों, शिक्षकों के कल्याण और शैक्षिक उन्नति के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

**सूचना**

मेरे पुत्र साहिल त्रिपाठी के विद्यालय अभिलेखों में जन्मतिथि 13 जून 2009 से संशोधित कर 01 सितम्बर 2010 की जाए। निर्मल कुमार निवासी ग्राम गनेवा, पोस्ट सरैया तहसील अकबरपुर जिला कानपुर (देहात) उ.प्र.

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित चौ. सुरेन्द्र सिंह बी.एड महाविद्यालय मझिगवां सौरिख, कन्नौज में शिक्षा संकाय (बी.एड.) में 08 सह आचार्य एवं एक विभागाध्यक्ष के चयन हेतु अर्ह अभ्यार्थियों के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है। शैक्षिक योग्यता/वेतनमान U.G.C, N.C.T.C विश्वविद्यालय के नियमानुसार होगी। अर्ह अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियों व छाया प्रतियों के साथ एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक/सचिव
(नरेन्द्र सिंह यादव)
मो.-9838416003, 9452575699

# प्रशासन का सट्टा माफिया पर चला हंटर, बजरंग रेस्टोरेंट कुर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सट्टा माफिया के बजरंग रेस्टोरेंट को पुलिस की मौजूदगी में तहसीलदार सदर ने कुर्क कर सीज कर दिया। रेस्टोरेंट की कीमत करीब 3 करोड़ 15 लाख रुपये बतायी गयी है।

बताते चलें कि बीते 6 जून 2023 को शहर कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार चौबे ने कोतवाली में गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि खटकपुरा निवासी हसनैन गैंग बनाकर अपने साथी गढ़ी अब्दुल मजीद खां निवासी राजू उर्फ इरशाद, बक्कास, खटकपुरा निवासी दिलशाद, चांद मियां, सरजात, सोहिल, दरीबा पूर्व निवासी गुड्डन उर्फमनोज, जंगबाज खां निवासी पप्पू उर्फ रामप्रसाद, कुइयांबूट निवासी पारुल, खटकपुरा निवासी अशफाक, पालीवाल वाली गली भोलेपुर निवासी सर्वेश पाल व खटकपुरा के ही रोहित के साथ जुआ, सट्टे का कारोबार करता है। जिसके बाद गैंगेस्टर एक्ट में पालीवाल वाली गली भोलेपुर निवासी सर्वेश पाल के सेंट्रल जेल तिराहा रखा रोड पर बने मकान, पाल नगला स्थित एक भवन व कृषि भूमि को कुर्क किया गया था। उसी मामले में सुनवाई के बाद जिलाधिकारी ने बीते 5 अगस्त 2025 को कुर्की का आदेश जारी किया था। जिसके बाद बुधवार को तहसीलदार सदर सनी कनौजिया, कोतवाल फतेहगढ़ रण विजय सिंह, विवेचक थानाध्यक्ष मऊदरवाजा बलराज भाटी की मौजूदगी में इटावा-बरेली हाईवे नरायनपुर स्थित सर्वेश पाल की पत्नी नीरज के नाम दर्ज बजरंग फेमिली रेस्टोरेंट को सीज कर दिया गया है। बताते चलें कि सट्टा माफिया सर्वेश पाल की अब तक जिला प्रशासन द्वारा करीब 6 करोड़ 50 लाख 15 हजार 95 रुपये की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है। जबकि अब तक सट्टा किंग हसनैन की 13 करोड़, 64 लाख, 77 हजार, 965 रूपये की सम्पत्ति कुर्क की गयी है।


कुर्की के दौरान मौजूद तहसीलदार व थानाध्यक्ष बलराज भाटी आदि

# करंट लगने से 20 वर्षीय युवक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

इन्वर्टर के करंट से युवक की मौत हो गयी। जिससे जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गयीं।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कैटाहा के मजरा ककरैया निवासी 20 वर्षीय युवक विकास राजपूत पुत्र स्वर्गीय राजवीर सिंह बीती रात अपने भाई की लड़की के जन्मदिन की तैयारी कर रहा था।

इन्वर्टर के तार को मुंह से छीलते समय करंट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे घर में कोहराम मच गया एवं उत्सव का माहौल गमगीन हो गया। विकास राजपूत ने अपनी भतीजी के जन्मदिन पर दावत का भी इंतजाम किया था एवं काफी रिश्तेदार घर पर मौजूद थे। विकास अपने भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक विकास के दो बड़े भाई हैं। विकास अविवाहित था एवं खेतीबाड़ी का काम करता था।


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

# चोरों ने पचास हजार की नकदी व जेवरात किये चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात शातिर चोरों ने घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात पार कर दिये। सुबह जानकारी होने पर गृहस्वामी ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। थाना पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की तथा शीघ्र घटना का खुलासा करने का पीड़ित को आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार गंगापार क्षेत्र बाढ़ से जूझ रहा है और ऊपर से आये दिन हो रहीं चोरियों से ग्रामीण दहशतजदा हैं। बीती रात चोरों ने थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम गाँधी निवासी कृष्णवीर सोमवंशी परिजनों के साथ सो रहे थे, तभी रात्रि में किसी पहर चोर मुख्य द्वार की कुंडी तोड़कर घर में दाखिल हो गये और घर के भीतर बक्सों आदि में रखी 50 हजार रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी करके फरार हो गये। जब जब परिजन जागी, तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। घटनवा की सूचना कृष्णवीर सोमवंशी ने थाना पुलिस को दी। पुलिस नें मौके पर जाकर जाँच पड़ताल की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की है। घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया जायेगा।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

# गंगा उफनाई, दर्जनों गांव हुए जलमग्न, ग्रामीणों की धड़कनें तेज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पहाड़ों पर हुई झमाझम बारिश के बाद गंगा में भी तेजी से पानी बढ़ रहा है। जिसके चलते गंगा उफान पर पहुंच गयी हैं और चेतावनी बिन्दु को छू रही हैं। जिससे ग्रामीणों की धड़कनें भी तेज हो गयी हैं।

दरअसल गंगा में उफान से तटवर्ती गांवों में कटान तेजी से हो रहा है। तहसील अमृतपुर के ग्राम तीसराम की मड़ैया, अम्बरपुर, गौटिया, भुड़िया भेड़ा, कंचनपुर सबलपुर, जमापुर, भूड़न की मड़ैया, बरुआ, चित्रकूट आदि कई गाँव गंगा के रौद्र रूप की जद में आ गये हैं। चित्रकूट, इमादपुर सोमवंशी, नगरिया जवाहर, भुड़िया भेड़ा, भूडटन की मड़ैया में तो पानी गाँव के भीतर दाखिल हो गया है। बीते लगभग 16 घंटे में गंगा का पानी लगभग 10 से0मी0 बढ़ गया है। बीते दिन मंगलवार को शाम 4 बजे सिंचाई खंड फर्रुखाबाद के अनुसार गंगा का जल स्तर 136.85 मीटर दर्ज किया गया था। वहीं बुधवार को सुबह 8 बजे गंगा का जल स्तर 136.95 मीटर पर दर्ज किया गया। वहीं नरौरा बाँध से गंगा में 115180 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे गंगा का जल स्तर और बढ़ने के आसार हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों के दिलों की धड़कनें भी तेज हो गयी हैं। उनका कहना है कि यदि इसी तरह पानी बढ़ता रहा, तो उन्हें गांव से पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाव की मांग की है, ताकि आवागमन में असुविधा न हो और ग्रामीण आराम से आवागमन कर सकें।


तीसराम की मड़ैया का जलमग्न विद्यालय


बाढ़ प्रभावित गांवों में भरा पानी

## घर में घुसकर दबंग ने युवक को पीटा, 5 हजार रुपये ले जाने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर दबंग ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने 5000/- रुपये निकाल ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र परमेश्वरी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार दोपहर अपने घर पर खाना खा रहा था, तभी गांव का ही दबंग युवक गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आया। जब गाली-गलौज का पीड़ित ने विरोध किया, तो दबंग पीड़ित के साथ मारपीट करने लगा। जब पीड़ित चीखा चिल्लाया, तो उसके घर में रखे 5000/- भी निकाल ले गया। पीड़ित ने 5000/- रुपए निकाल ले जाने तथा मारपीट का आरोप लगाकर गांव चांदपुर निवासी चरण सिंह उर्फ गोलू पुत्र प्यारेलाल के विरुद्ध तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, एक लोहिया रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने 2 बाइकों की भिड़ंत में थाना जहानगंज के ग्राम कोल्हापुर निवासी गुड्डू एवं पंचम गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर परिजन प्राइवेट अस्पताल ले गये। वहीं कमालगंज गल्ला मंडी के नजदीक फूलमती मंदिर के पास डीसीएम एवं बाइक की भिड़ंत में कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया गंगाईच निवासी निसार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी कमालगंज में लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### चिकित्सकों का तबादला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार के निर्देश पर कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने कायमगंज सीएचसी में तैनात डॉ. अमित कुमार को कम्पिल सीएचसी भेजा है, वहीं कम्पिल सीएचसी में तैनात डॉ. विपिन कुमार को शमसाबाद सीएचसी के लिए ट्रांसफर किया है।

### किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** घर से शौच करने गया किशोर लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। हरिराज पुत्र मुन्नूलाल निवासी ग्राम रामपुर माझगांव थाना कमालगंज ने दी गयी तहरीर में कहा कि दिनांक 4 अगस्त को सुबह लगभग 10.30 बजे मेरा पुत्र मोहित उम्र लगभग 15 वर्ष घर से शौच करने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरु कर दी है।

### 21 अगस्त को धूमधाम से मनाया जायेगा वरिष्ठ नागरिक दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक जिला महामंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली के आवास पर सम्पन्न हुई। जनपदीय सम्मेलन की समीक्षा आय-व्यय लेखा तथा नेशनल पेंशन वृद्धि पर चर्चा हुई। उपाध्यक्ष बृजकिशोर सिंह किशोर ने कहा कि जनपदीय अधिवेशन अच्छा रहा। जिला मंत्री ने सभी को सम्मानित किया। जो लोग नहीं आये, उनको घर जाकर सम्मानित किया। यह सराहनीय कार्य है। साथ ही नेशनल वेतन वृद्धि जिन सदस्यों की नहीं लगी है वह संगठन को अवगत करायें। वरिष्ठ लेखाधिकारी ने मिलकर समाधान किया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा के पटल पर सहायक की मनमानी मुख्यमंत्री को जनता दर्शन में जाकर अवगत करायेंगे। साथ ही 21 अगस्त को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री, शीलचन्द्र पाण्डेय, सोने लाल यादव, सोवरन सिंह, गंगाराम, परमेश्वरी दीन वर्मा, रमेश पाल सिंह, रामाधार पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में बीडीओ ने सचिव व रोजगार सेवकों को चेताया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय सभागार में ग्राम सचिवों तथा रोजगार सेवकों की बैठक ली। जिसमें विकास कार्यों की समीक्षा की तथा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम सचिव तथा रोजगार सेवकों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान रोजगार सेवकों को मनरेगा के कार्य में रुचि लेकर लोगों को शासनादेश के अनुसार रोजगार मुहैया कराने का प्रावधान है और मनरेगा कार्यों में नवाबगंज विकास खंड सबसे कम आंकड़े बता रहा है। सभी रोजगार सेवक कार्य को युद्ध स्तर पर करें। जिससे मनरेगा की स्थिति में सुधार हो सके। वहीं ग्राम सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाकर काम करें। आवास चेकर मेकर, ग्राम पंचायत में कूड़ा कलेक्शन तथा स्वच्छ सफाई व्यवस्था को वरीयता देकर ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करें और जो भी विकास खंड का ग्राम सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक कार्य में रुचि नहीं दिखायेंगे, उनको नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।

इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव जगवीर सिंह यादव, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, मोतीलाल, अरविंद कुमार, कुलदीप राजपूत, बृजेश सिंह, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, नवनीत कुमार वर्मा तथा रोजगार सेवक पुष्पेंद्र कुमार, नितिन कुमार, राज किशोर, सरजू यादव, विपिन कुमार यादव सहित समस्त रोजगार सेवक बैठक में मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद सचिव व रोजगार सेवक

## रिडायर्ड ग्राम विकास अधिकारी को तमंचे से धमकाकर लूटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रिटायर्ड ग्राम विकास अधिकारी से तमंचा लगाकर जेवरात लूट लिये। मामले में पीड़ित की पुत्री ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी नीलम राठौर पत्नी जयप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता रिटायर्ड ग्राम विकास अधिकारी यदुनाथ सिंह सोमवंशी वॉलीबॉल के पूर्व चैम्पियन हैं। उनके पिता के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि याकूतगंज में वॉलीबॉल का मैच है। जिसमें उन्हें रेफरी की भूमिका अदा करनी है। लिहाजा यदुनाथ सिंह तय समय पर याकूतगंज जाने वाले टेंपो पर बैठे। याकूतगंज पहुंचकर उन्होंने उसी नम्बर पर फोन किया, तो वह युवक याकूतगंज क्रासिंग पर मिला। वह उन्हें याकूतगंज से फिर टेंपो में बैठाकर भोजपुर बघार लेकर आया और पैदल यदुनाथ को बघार की तरफ ले गया। जब बाग में पहुंचा, तो उसने यदुनाथ सिंह से गाली-गलौज कर तमंचा दिखाकर गले में सोने की चेन, एक अंगूठी व मोबाइल लूट लिया और धमकी देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।


घटना की जानकारी देता पीड़ित

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति देकर बच्चों ने बांधा समा

- शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के जटवारा रोड स्थित सी.पी. गेस्ट हाउस के सभागार में प्रमुख उद्योगपति व समाज सेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल व डॉ. मिथलेश अग्रवाल के निर्देशन में समर्पण सेवा समिति, आईवीएफ व लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विगत वर्षों से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, महिला कल्याण अध्यक्ष कमलावती सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक सुरभि गंगवार आदि ने दीप प्रज्वलित कर आमंत्रण गीत सावन की सबको बधाई के साथ किया गया। वहीं आए हुए सभी अतिथियों को फूल-मालाएं व बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ही हम अपनी प्राचीन धरोहरों को जीवित कर युवाओं को इससे जोड़ने का कार्य करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जीवंत प्रस्तुतियों से ऐसा लगता कि साक्षात मंच पर राधा-कृष्ण अवतरित हो। विशिष्ठ अतिथि कमलावती सिंह ने सावन झूला व अन्य मनोहारी प्रस्तुतियों की भूरि-भूति प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ही हमारी संस्कृति को जीवंत किये हुए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व विधायक सुरभि गंगवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। तीनों संस्था की अध्यक्ष व सचिव डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि आने वाले विगत कई वर्षों से इस सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और आगे भी होता रहेगा। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शकुंतला देवी इंटर कालेज, सी.पी. विद्या निकेतन, सी.पी. इण्टरनेशनल विद्यालय फर्रुखाबाद, श्रीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय, लायंस क्लब विद्या निकेतन, रामनरायण इंटर कालेज, मां गायत्री विद्या पीके के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगारंग प्रस्तुतियों से आए हुए अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान प्रतिभागी स्कूलों के अति गरीब 9 विद्याथियों को साइकिलें प्रदान की गईं। इसके अलावा नगर की मोनिका गुप्ता की उच्च शिक्षा की जिम्मेवारी लेते हुए 80 हजार रूपये फीस दी गई। मंच संचालन शिवा सिंह ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, रजनी गोयल, योगेश तिवारी, बलवीर गंगवार, अमर सिंह खटिक, सुधीर गुप्ता, दीपक जैन, मनोज तिवारी, संजय विष्ठ आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं राज्य शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी आदि

# शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण में मौजूद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय के खंड शिक्षा कार्यालय पर बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही एफएलएस योजना के तहत शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें आरपी प्रदीप कुमार तथा अन्य अध्यापक मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को दी जाने वाले शिक्षा के बारे में अपने-अपने टिप्स दिये तथा सभी शिक्षकों ने शिक्षा को सुधारने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रशिक्षण लिया। इस मौके पर आरपी प्रदीप कुमार पाल, शिक्षक देवेंद्र सिंह, आशीष यादव, ओंकार सिंह, सैयद आसिफ अली, संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, शालिग्राम गंगवार, राम मनोहर यादव सहित आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।

# बकायेदारी में 40 के कटे विद्युत कनेक्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव कक्योली में बुधवार को विद्युत विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कुल 40 बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा गया और बकाए की वसूली की गई। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

इस दौरान कुल एक लाख 26 हजार रुपए का बकाया बिल की वसूली भी की गई। गांव में टीम देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने बताया कि विद्युत बिल बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन को कटा गया है। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि अपना बकाया बिल समय से अदा कर विभाग की कार्रवाई से बचें। चेकिंग अभियान से उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। इस दौरान गौरव सिंह, हुकुम सिंह, प्रदीप कुमार, वीर सिंह, राहुल कुमार, विकाश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।


चेकिंग अभियान चलाती विद्युत टीम

# एफ.एस.डी.ए. ने छापा मारकर सूतफेनी एवं घेवर के लिये नमूने

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी पर्व रक्षाबंधन के दृष्टिगत एफ.एस.डी.ए. द्वारा छापा मारकर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये।

आगामी पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम एवं खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार, अरूण कुमार मिश्र एवं बृज मोहन गुप्ता द्वारा कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड शिवाजी मूर्ति के पास हिमांशु गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान दुर्गा घेवर भण्डार से खाद्य पदार्थ घेवर का एक नमूना संकलित किया गया। रेलवे क्रॉसिंग के पास चीनी मिल रोड राधेश्याम के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सूतफेनी व सेवइंया का एक-एक नमूना संकलित किया गया। रेलवे रोड नीरज गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ घेवर का एक नमूना संकलित किया गया।


घेवर का नमूना भरते खाद्य निरीक्षक

# बाढ़ के चलते कई गांव का संपर्क टूटा, नहीं चली नाव

**कोई बाढ़ के पानी में चारपाई पर बैठने को मजबूर, तो किसी ने छत पर बनाया आशियाना**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर शमशाबाद मुख्य मार्ग पर चौराहारा गांव के सामने लगभग दो से ढाई फीट पानी ऊंचाई में और लंबाई में लगभग 400 मी मुख्य मार्ग पर ऊपर बह रहा है। जिससे आवागमन करने वालों को काफी दिक्कत का सामना उठाना पड़ रहा है।

किसी की बाइक खराब होती है तो किसी की गाड़ी पानी में बंद होती है। कई गांव पानी से घिरे जैसे कमथरी, बांसखेड़ा, भगवानपुर, मुंशी नगला, चौंरा, शरीफपुर छिछनी, समैचीपुर चितार, अचानकपुर कटरी तोफिक सहित कई गांव पानी से घिर गए हैं। कटरी तौफीक गांव में कई घरों में पानी बाढ़ का भर गया है। ग्रामीण अमर सिंह, दाताराम, मदनपाल, नंद किशोर, बृजपाल सहित तमाम ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया है।

जिससे अस्त-व्यस्त हो गया है। अमर सिंह की पत्नी जगरानी के घर में पानी भरने के कारण पानी में ही चारपाई पर अपने नाती व छोटे बच्चों को लेकर बैठकर समय काट रहीं हैं। वहीं झौआ से रूपपुर जाने वाला मार्ग कटरी तौफीक में टूट गया है। जिससे आवागमन बंद हो गया है, यही हाल है सुल्तानगंज खरेंटा से कमथरी जाने वाला संपर्क मार्ग भी टूट गया है। जिससे आना-जाना बंद हो गया है, बाढ़ से घिरे गांव के ग्रामीणों ने नाव चलाने की मांग की।



बाढ़ के पानी में चारपाई पर बच्चे को लेकर बैठी महिला



छत पर आशियाना बनाये लोग



बाढ़ के पानी से निकलते लोग

# शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में जन समस्याओं पर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी कैम्प कार्यालय नाला शिमत शुमाल में शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने मासिक बैठक का आयोजन किया। शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया एवं संगठन सृजन एवं विस्तार पर चर्चा की। शहर की समस्याओं के निराकरण के संबंध में सभी ने सुझाव रखे। बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पर विचार विमर्श हुआ। वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर राकेश सारस्वत, विनोद वर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, अतीक सलमानी, अशोक राठौर, बाबू खान, तन्मय मिश्रा, मो0 नजर, संजीव शर्मा, सलीम खान, कन्हैया बॉथम, मो0 मुकीम, शब्बू, नितिन कुमार, सईद, वात्सल्य मिश्रा, नसरुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# जिला जज ने मध्यस्थता अभियान को गति देने के दिये निर्देश



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मध्यस्थता अभियान के तहत बैठक का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली के तत्वाधान में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में मध्यस्थगण के साथ विश्राम कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। जनपद न्यायाधीश द्वारा मध्यस्थता को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक मामलों को सुलह-संधि व समझौतों के आधार पर निस्तारण करायें और मध्यस्थता में विशेष योगदान दें। जिससे अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण मध्यस्थता द्वारा कराया जा सके। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# संविधान विरोधी तानाशाह सरकार कुछ दिन की मेहमानः रामसेवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की संगठनात्मक बैठक विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में मोहम्मदाबाद नगर के ग्राम रोहिला (कृष्ण बलराम नगर) में सम्पन्न हुई। नगर अध्यक्ष मनोज यादव ने व्यवस्था देखी। पार्टी के संस्थापक सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव ने कहा कि जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से हर गाँव, हर गली, हर मोहल्ले में अराजकता का माहौल है, पूरा देश नफरत की आग से जल रहा है। कहीं जातिगत आग लगी है, तो कहीं धार्मिक आग बच्चों के भविष्य को ईर्ष्या के धुएं में भस्म कर रही है। वोट मांगते समय गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला सुरक्षा की बात करने बाले लोग सरकार बनने के पंण्डित नेहरू की जीवनी सुनाकर ही जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 की लड़ाई करो या मरो हर स्थिति में लड़ना होगा। मनोज यादव व नरेन्द्र यादव ने कहा कि संगठन की शक्ति को ही मजबूती देना मेरा उद्देश्य है। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि बूथ का मजबूत होना ही सबसे बड़ा काम है, असली लड़ाई तो बूथ पर ही होती है। बूथ कमेटियां बहुत ही मजबूती से बनाई जानी चाहिए और सभी बूथ पदाधिकारी ये सोचना बंद कर दें कि किसे टिकट मिलेगा या चुनाव कौन लड़ेगा, वो सिर्फएक बात याद रखें कि हमारा साइकिल निशान है और अखिलेश यादव प्रत्याशी हैं और अपना बूथ जिताना है।

मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने कहा कि भय या पक्षपात अनुराग या द्वेष के बिना सभी नागरिकों के लिए संविधान संम्बत न्याय करने की शपथ लेने वाली सरकार में बैठे लोग आज जातिवाद की पराकाष्ठा को पार कर चुके हैं। इस मौके पर अजब सिंह शाक्य, आशीष शर्मा, रामगोपाल वर्मा, वीर सिंह पाल, मेजर प्रमोद यादव, असफर्ी लाल दिवाकर, जनार्दन यादव, अतुल शर्मा, बब्लू पठान, विनय कुमार, रामसिंह यादव, अभिषेक यादव, शिवकुमार सिंह, पवन यादव, धर्वेन्द्र सिंह यादव, शीलेश यादव, रवि शर्मा, पवन कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद सपा नेता

## आईटीआई में प्रवेश तिथि बढ़कर हुई सात अगस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा चल रहे राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 एक वर्षीय एवं सत्र 2025-27 दो वर्षीय का तृतीय चरण का प्रवेश चयन परिणाम 30 जुलाई को घोषित किया गया था। जिसकी प्रवेश की अंतिम तिथि पांच अगस्त से बढ़ाकर सात अगस्त निर्धारित कर दी गई है। अभ्यार्थी वेबसाइट पर प्रवेश ले सकते है। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

# महिला कल्याण विभाग की अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत



स्वागत के दौरान कमलावती सिंह के साथ रामवीर व बबिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व महिला कल्याण विभाग की अध्यक्ष कमलावती सिंह का निरीक्षण भवन में भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। जनपद आगमन पर कमलावती ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई और बताया कि कायमगंज में मिथलेश अग्रवाल द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। जिसके तहत मैं भाग लेने आयी हूं। भाजपा नेता रामवीर सिंह चौहान ने निरीक्षण भवन में पहुंचकर कमलावती सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर सभासद अनिल तिवारी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, ममता सक्सेना, सुमन राठौर, चित्रा अग्निहोत्री, किशन बाथम, गौरव सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकिमयू ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान मजदूर यूनियन की पंचायत फतेहगढ़ कचहरी परिसर में प्रदेश अध्यक्ष रामबहादुर राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। साथ ही किसानों की समस्याओं से संबंधित मांग मुख्यमंत्री सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा। पंचायत का संचालन जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेमचन्द्र सक्सेना ने किया। जिसमें कहा कि नलकूपों की हो रही विद्युत कटौती रोकी जाये तथा घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को शाम 5 बजे से 10 बजे तक बिजली हरहाल में दी जायें। जनपद में उर्वरक डीएपी व यूरिया का अभाव होने के कारण व्यय की काला बाजारी हो रही है, यूरिया के साथ किसानों को मिनीकिट दिये जा रहे है न लेने पर 267.50 पैसे के स्थान पर 300 से 350 रु0 प्रति चोरी लगाते है। जनपद आलू उत्पादन में एशिया में प्रथम स्थान पर है, आलू खपत के लिए आलू से बनायें जाने वाले चिप्स आदि के कारखाने लगाये जाये, ताकि आलू उत्पादक किसानों को लाभ मिल सकें। जनपद में गंगा नदी व रामगंगा की बाढ़ से किसानों की फसल नष्ट हो गयी है, जिसका सर्व कराकर क्षतिपूर्ति की जाये। इस वर्ष का वजीफा हाईकास्ट व एसी के छात्रों को दिया गया बैकवर्ड के बच्चों को क्यों वंचित रखे गये।

रेलवे यात्रा में 60 वर्षीय पुरुषों व महिलाओं को किराये में छूट दी जाती थी जो कोरोना काल से बन्द कर दी गयी है, जो दिलाई जाये। आवारा गौवंशों को गौशालाओं में बन्द कराया जाये। सीएचएसी शमसाबाद में फार्मासिस्टों की कमी है फामासिस्टों की तैनाती केन्द्र में बढ़ाई जाये। आदि मांगे शामिल है। इस मौके पर मोतीलाल, रमेश चन्द्र, नन्हेलाल राजपूत, पप्पू उर्फ रामऔतार, जगदीश राजपूत, अहिलकार, बृजपाल, रघुवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संयुक्त चेकिंग में बिना रॉयल्टी के संचालित तीन ट्रक सीज



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में बुधवार को जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा थाना मऊदरवाजा की टीम ने बघार पर खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान में तीन ट्रक ऐसे पाए गए जिनकी खनन विभाग की रॉयल्टी जमा नहीं थी तथा इनमें से 02 ट्रक ओवरलोड थे। इन तीनों ट्रकों को मेडिकल कालेज पुलिस चौकी बघार पर सीज कर दिया गया तथा खनन विभाग द्वारा 96600 रुपये तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 97 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य ओवरलोड ट्रकों को बघार से पकड़कर सीज किया गया तथा उन पर 69 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्यवाही में खनन विभाग द्वारा रुपये 96600 तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 166000 का जुर्माना वसूल किया गया है।

# गृहस्थ आश्रम को वेदों में दिया गया बहुत महत्वपूर्ण स्थानः धीरज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में चल रहे श्रवणी वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत कमालगंज क्षेत्र के गांव गदनपुर देवराजपुर में सामूहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें यजमान धीरज ने बताया कि वेद हमें सिखाते हैं कि गृहस्थ जीवन कोई बाधा नहीं, बल्कि मोक्ष तक पहुंचने का एक साधन है, यदि उसे धर्म, कर्तव्य और संयम के साथ जिया जाए।

इसलिए वेदों से आदर्श गृहस्थ बनने की शिक्षा हमें व्यावहारिक और आध्यात्मिक दोनों स्तर पर मिलती है। वेद न केवल आध्यात्मिक ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि वे जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और सदाचार की प्रेरणा भी देते हैं। गृहस्थ आश्रम को वेदों में बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, क्योंकि यह समाज की नींव है। ऋग्वेद कहता है कि गृहस्थ को अपने माता-पिता, पत्नी, संतान, अतिथि और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करना चाहिए। गृहस्थ को न तो भोग में डूबना चाहिए और न ही कठोर तपस्वी बनना चाहिए। संतुलित और संयमित जीवन ही श्रेष्ठ है। गृहस्थ को अपने परिवार के पालन हेतु परिश्रम से कार्य करना चाहिए और आलस्य से दूर रहना चाहिए। आर्य समाज के प्रधान हरि सिंह आर्य ने आये हुए अतिथियों का सत्कार कर वैदिक साहित्य भेंट कर उनका सत्कार किया। कार्यक्रम में मुकुल यादव, रितुल यादव, तेजस्वी यादव, हर्षित यादव, राजवीर सिंह, जगदीश यादव, रेखा देवी आदि उपस्थित रहे।



हवन में आहूतियां देते लोग

# जर्जर विद्यालय भवनों का मूल्यांकन कर करायी जाये नीलामीः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के जर्जर विद्यालयों के भवनों के मूल्यांकन करने, नये जर्जर भवन चिंहित करने व विद्यालयों के ऊपर से निकली विद्युत लाइनों के शिफ्टिंग करने के लिये बैठक का आयोजन किया गया।

डीएम ने निर्देशित किया कि जो भी विद्यालय भवन जर्जर घोषित है उनके भवनों का मूल्यांकन कर जल्द नीलामी कराई जाये, सभी विद्यालयों का नये सिरे से निरीक्षण कर जो भवन जर्जर है और जर्जर घोषित नही है उन्हें जर्जर घोषित किया जाये, जिन विद्यालयों के उपर से विद्युत लाइने निकली है उन्हें तत्काल शिफ्ट किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, सभी अधिशाषी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग व संबंधित मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम

# रेपो रेट में कोई बदलाव न होने से उपभोक्ताओं को नहीं मिली राहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मुकेश गुप्ता

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित मौद्रिक नीति में जैसी कि इस बार लोगों को उम्मीद थी कि इस बार भी फिर रेपो रेट में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कमी अवश्य की जाएगी, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने देश की आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के बाद इस बार रेपो रेट में कोई भी बदलाव न करने का ऐलान किया है। स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि जैसा कि पूर्व में पिछली तीन मौद्रिक नीतियों में आरबीआई ने रेपो रेट में लगातार कमी की घोषणा की थी। इस प्रकार इसके फल स्वरुप पहले से ही उपभोक्ताओं की उनके उपभोक्ता लोन पर मासिक किस्त ईएमआई काफी कम हो चुकी थी। जिससे उनकी इस ईएमआई किस्त के रूप में कम रकम भुगतान करने से उनकी अतिरिक्त बचत हो रही थी। इसका उपयोग उपभोक्ता अपनी अन्य जरूरत की वस्तुओं को खरीदने में करते आ रहे हैं। इस प्रकार बाजार में उत्पाद की मांग बढ़ जाने से उद्योगों को अपना उत्पादन बढ़ाने का प्रबंध करना पड़ता है। उत्पादन ज्यादा बढ़ाने के लिए उद्योगों को ज्यादा मेन पावर की जरूरत पड़ेगी। जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि संभावित है। इस प्रकार जहां तक एक तरफआरबीआई ने उपभोक्ताओं को रेपो रेट में कोई कमी न करके उन्हें कोई विशेष राहत नहीं पहुंचाई है, क्योंकि पहले से ही पिछली कई मौद्रिक नीतियों में यह राहत आरबीआई द्वारा उनको दी जा चुकी है, तो दूसरी तरफहमारे देश के वरिष्ठ नागरिकों को इससे इनडायरेक्ट वे में उनके रिटायरमेंट के बाद बैंक आदि में जमा फंड पर मिलने वाले ब्याज की राशि कम होने की संभावना को लगभग खत्म कर दिया है। ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक अपने रिटायरमेंट पर मिलने वाले फंड को बैंक आदि में जमा करना ही सुरक्षित मानते हैं।

अगर रेपो रेट में इस बार भी कमी की जाती तो संभवत बैंकों में जमा डिपॉजिट पर भी मिलने वाले ब्याज की दरों में कमी की जा सकती थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान महंगाई के 3.1 प्रतिशत पर बने रहने के अनुमान और देश में सामान्य से ज्यादा बेहतर मानसून होने की वजह से भारत की आर्थिक विकास दर भविष्य में मजबूत बने रहने की पूरी संभावना है।

# पर ब्लाक वन क्रॉप के तहत गोष्ठी में किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को (पर ब्लाक वन क्रॉप) अन्तर्गत गोष्ठी को आयोजन विकास खण्ड बढ़पुर की ग्राम कीरतपुर उप निदेशक उद्यान कानपुर मण्डल मुकेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

जिला उद्यान अधिकारी ने चयनित फसल आलू की बुवाई से लेकर भण्डारण, परिवहन तथा विपणन के सम्बन्ध में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत संकर शाकभाजी कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य में 80 हे0 व अनुसूचित जाति में 20 हे0 कुल 100 हे0 के लक्ष्य आवंटित है तथा सब्जियों हेतु मचान के लिए सामान्य हेतु 15 हे0 व अनुसूचित जाति हेतु 05हे कुल 20 हे0 लक्ष्य आवंटित हैं। फल क्षेत्र विस्तार (एक्जाटिक एवं निके फ्रूट क्रॉप) स्ट्राबेरी हेतु सामान्य में 02 हे0 कुल 02 हे0 के लक्ष्य आवंटित है, ड्रैगन फ्रूट हेतु 01 हे0 तथा करौंदा हेतु सामान्य 02 हे0 व अनुसूचित जाति हेतु 01 हे0 कुल 03 हे0, केला हेतु सामान्य हेतु 20 हे0 व अनुसूचित जाति हेतु 05 हे0 कुल 25 हे0 आम हेतु सामान्य 02 हे0 व अनुसूचित जाति 01 हे0 कुल 03 हे0 लक्ष्य प्राप्त हैं। पुष्प विस्तार क्षेत्र विस्तार (ग्लैडियोलस) कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य 02 हे0, अनुसूचित जाति में 01 हे0 कुल 03 हे0, फ्रूट कवर हेतु सामान्य 09 हे0 व अनुसूचित जाति में 01 हे0 कुल 10 हे0, घेराबन्दी हेतु (मी0 में) सामान्य 2000 व अनुसूचित जाति हेतु 500 कुल 2500 के लक्ष्य आवंटित हैं। मसाला कार्यक्रम के अन्तर्गत प्याज 04 हे0 तथा लहसुन 04 हे0, धंनिया हेतु सामान्य 01 हे0 के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। जैविक खेती अन्तर्गत आई.पी.एम. के सामान्य 04 व अनुसूचित जाति 01 कुल 04 लक्ष्य आवंटित हैं। परियोजना आधारित बागवानी मशीनीकरण योजनान्तर्गत ट्रैक्टर 20 बी.एच.पी. तक (संख्या में) सामान्य 01 पॉवर नैपसेक स्प्रेयर (12 से 16 ली0 संख्या में) से कम सामान्य में 01, इकोफ्रेंडली लाइट ट्रैक (संख्या में) सामान्य में 04 व अनुसूचित जाति में 01 कुल 05 लक्ष्य आवंटित हैं। पुराने बागों का जीर्णोद्धार सामान्य 01 हे0 लक्ष्य आवंटित किये गये हैं। मौनपालन हेतु (संख्या में) सामान्य 02 व अनुसूचित जाति हेतु 01 कुल 03 लक्ष्य आवंटित हैं तथा प्री-हार्वेस्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत हाईटेक नर्सरी की स्थापना (1 से 2 हेक्टेयर) अनुमन्य लागत 60 लाख/इकाई निजी क्षेत्र में 40 प्रतिशत रू0 24 लाख का क्रेडिट लिंक्ड बैंक एण्डेड सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा तथा छोटी नर्सरी निर्माण (0.4 से 1.00 हे0) की लागत 20 लाख प्रति हेक्टेयर पर निजी क्षेत्र को 50 प्रतिशत की दर से तथा नर्सरी के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने हेतु प्रति लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर तक लागत 4 लाख रू0/हे0 के आधार पर 50 प्रतिशत अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। टिश्यूकल्चर लैब की स्थापना के अन्तर्गत अनुमन्य लागत 250 लाख इकाई पर निजी क्षेत्र में 40 प्रतिशत रू0 100 लाख का क्रेडिट लिंक्ड बैंक एण्डेड सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा। शाकभाजी एवं मसाला बीज उत्पादन (आलू, मटर, आदि) के अन्तर्गत अनुमन्य लागत रू0 50000/हेक्टयर की लागत से निजी क्षेत्र में 35 प्रतिशत रू0 17500/हेक्टेयर बैंक एण्डेड, अधिकतम 2.00 हे0 तक का लाभ दिया जाता है। रोगमुक्त सब्जी बीज उत्पादन (मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस) के अन्तर्गत अनुमन्य लागत रू0 120 लाख/हेक्टेयर की लागत से निजी क्षेत्र में 50 प्रतिशत की दर से 60 लाख का क्रेडिट लिंक्ड बैंक एण्डेड सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा। बीज विधायन केन्द्र स्थापना हेतु अनुमन्य लागत रू0 300 लाख/इकाई लागत पर निजी क्षेत्र में निजी क्षेत्र में 50 प्रतिशत की दर से 150 लाख का क्रेडिट लिंक्ड बैंक एण्डेड सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा। मशरूम की खेती के लिए उत्पादन इकाई स्थापित करने हेतु अनुमन्य लागत 30 लाख रू0/इकाई पर 40 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंडेड सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा तथा स्पॉन बनाने की इकाई स्थापित करने पर अनुमन्य लागत 20 लाख प्रति यूनिट एवं कम लागत/छोटे पैमाने पर मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित करने हेतु 200 वर्गफुट आकार की संरचना के लिए प्रति इकाई अनुमन्य लागत 2.00 लाख रू0/इकाई स्थापित करने हेतु बुनियादी ढांचे और इनपुट पर व्यय को पूरा करने के लिए प्रति इकाई 50 प्रतिशत की दर से सहायता सब्सिडी के रूप में दी जाएगी तथा कम्पोस्ट उत्पादन इकाई के अन्तर्गत अनुमन्य लागत रू0 30 लाख इकाई लागत पर निजी क्षेत्र में 40 प्रतिशत की दर से 12 लाख का क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंडेड सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा, के बारे में किसानों को अवगत कराया गया।

अनु0जाति/अनु0जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में औद्यानिक विकास (राज्य सेक्टर) योजना अन्तर्गत अवगत कराया गया कि छोटी जोत वाले (0.10 हे0 से 0.20 हे0 तक) कृषक लाभार्थियों को निःशुल्क बीज वितरण हेतु फसल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम जैसे मसाला कार्यक्रम में संकर प्याज 05 हे0, मसाला मिर्च 05 हे0, संकर शाकभाजी कार्यक्रम के अन्तर्गत संकर शिमला मिर्च 04 हे0, संकर कुकरबिट्स 07 हे0 व संकर टमाटर 04 हे0 तथा पुष्प विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत गेंदा 02 हे0, जैविक खेती कार्यक्रम अन्तर्गत आई.पी.एम. 04 हे0, मौनवंश कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 संख्या में लक्ष्य आवंटित हैं, के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जनपद को 814 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना/उच्चीकरण वर्ष 2025-26 तक लक्ष्य का आवंटन प्राप्त हुआ है। आवेदक के पास पैत्रक जमीन, आधार, पैन कार्ड, बैंक पास बुक एवं शपथ-पत्र आदि अभिलेख होने चाहिए। इस योजनान्तर्गत आलू चिप्स, नमकीन प्लांट, आचार, मुरब्बा, सिरिका, सोयाबिन आधारित उत्पादन, राइस मिल, आटा चक्की, गन्ना आधारित उत्पाद, दाल मिल, बेकरी उद्योग प्रोडक्ट्स, दूध उत्पाद से सम्बन्धित उद्योग (डेयरी), व मशरूम उत्पाद से सम्बन्धित उद्योग आदि खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अपने उद्यम की स्थापना/उन्नयन करने के इच्छुक व्यक्ति सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी पात्र परियोजना लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रूपये प्रति उद्यम योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर राघवेन्द्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी, पुष्पेन्द्र सिंह उद्यान निरीक्षक, श्याम सिंह उद्यान निरीक्षक, अभिषेक कुमार सहायक उद्यान निरीक्षक व जीतू सिंह उद्यान सहायक उपस्थिति थे।



किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी

# रक्षाबंधन सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी दिलाने का पर्व : एसपी

- रक्षा बंधन पर्व के पूर्व महराजगंज में देखने को मिला भावुक दृश्य
- स्कूली छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी, पुलिस अधीक्षक ने दिए उपहार और आशीर्वाद



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को रक्षाबंधन पर्व से पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक भावुक दृश्य देखने को मिला। स्थानीय स्कूलों की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीना को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का कायम किया।

मीना ने छात्राओं की इस स्नेहपूर्ण भावना को खुशी से स्वीकार किया। उन्होंने सभी छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उनके सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को उपहार भी भेंट किए। उन्होंने कहा, ÷रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं है। यह हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों की याद दिलाने वाला अवसर है। इन छात्राओं का प्रेम और विश्वास मेरे लिए अमूल्य है।

इस मौके पर मीना ने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन समाज में सुरक्षा, विश्वास और शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह आयोजन रक्षाबंधन की भावना को जीवंत करने के साथ-साथ पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास और सौहार्द को मजबूत करने में भी सहायक है।

## पूर्व महापौर ने जवानों को बांधी राखी

- भारत-नेपाल के सैनिकों को बांधी रक्षाबंधन, मिठाई खिलाकर मनाया त्योहार
- दोनो देशों के बीच भाईचारे का संदेश भी हुआ मजबूत

महराजगंज। गोरखपुर की पूर्व महापौर सत्या पांडेय ने रक्षाबंधन के अवसर पर सोनौली बॉर्डर पर एक अनोखी पहल की। उन्होंने स्कूली छात्राओं के साथ मिलकर भारत और नेपाल दोनों देशों की सीमा पर तैनात जवानों को राखी बांधी। सत्या पांडे ने सोनौली बॉर्डर पर पहुंचकर सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने इस अवसर पर जवानों का मुंह मीठा भी कराया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन जवानों को अपनी बहनों की कमी महसूस न होने देना था, जो त्योहार के दिन भी देश की सुरक्षा में तैनात रहते हैं।

पूर्व महापौर ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर तैनात जवान दोनों देशों की सुरक्षा में लगे रहते हैं। वे रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों पर भी अपने घर नहीं जा पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्कूली छात्राओं के साथ मिलकर इन वीर सपूतों को राखी बांधने का निर्णय लिया। राखी बंधवाने के बाद जवान भावुक हो उठे। उन्होंने अपनी इन बहनों को आशीर्वाद दिया और देश की सुरक्षा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भारत के साथ-साथ नेपाल के जवानों को भी राखी बांधी गई। जिससे दोनों देशों के बीच भाईचारे का संदेश भी मजबूत हुआ। यह पहल न केवल जवानों के लिए घर की याद लेकर आई, बल्कि उनके त्याग और समर्पण को सम्मान देने का भी माध्यम बनी। सोनौली बॉर्डर पर मनाया गया यह रक्षाबंधन उत्सव सीमा सुरक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के बीच एक सुंदर संगम बन गया।

# मोटरसाइकिल की डिग्गी से नकदी व दस्तावेज चोरी

- -तीन अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा, दो साल पुराने मामले में हुआ फ़ैसला

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को मोटरसाइकिल की डिग्गी से नकदी और दस्तावेज चोरी के दो साल पुराने मामले का फैसला हो गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महराजगंज की अदालत ने मंगलवार को तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष की साधारण कारावास की सजा सुनाई है

यह मामला 2022 का है। एक व्यक्ति ने कोतवाली क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसने अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में 49,000 रुपये नकद, बैंक पासबुक और आधार कार्ड रखे थे। इसी दौरान तीन अज्ञात लोगों ने सुनियोजित तरीके से डिग्गी तोड़कर नकदी समेत जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए थे। घटना की जांच के बाद पुलिस ने वीरेंद्र यादव, करन यादव उर्फ संजय यादव और शिवा यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। तीनों आरोपी नौका टोला जुराबगंज, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार (बिहार) के रहने वाले हैं। पुलिस ने चार्जशीट अदालत में दाखिल की थी। मंगलवार को हुई सुनवाई में अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी माना। अदालत के इस फैसले से पीड़ित पक्ष ने संतोष जताया है। पुलिस प्रशासन ने इसे एक मजबूत कानूनी कार्रवाई बताया है।

## खबरें एक नजर में

### प्राइवेट दूकानों पर यूरिया का मनमानी दाम, समितियों पर लगी कतार

**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में यूरिया की किल्लत बरकरार है। प्राइवेट दूकानों पर जहां सरकारी दाम 266 रुपए के जगह 4 सौ से 5 सौ रुपए प्रति बोरी में बिकता है, इसलिए किसान खाद के लिए सरकारी गोदामों पर जुट रहे हैं। बुधवार क्षेत्र की साघन सहकारी समिति रमवापुर जगतराम के जूड़ीकुइयां में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। सचिव पशुपति नाथ गुप्ता ने बताया कि आमद से अधिक किसानों की मांग के कारण भीड़ लगी है,सभी किसानों को संतुष्ट किया जा रहा है।

### महिला की हत्या के आरोप में प्रेमी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने 4 अगस्त को निर्माणाधीन लाइब्रेरी में एक महिला की हत्या के आरोप में उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी महिला के प्रेग्नेंट होने से नाराज था, वो अबॉर्शन कराने की जिद कर रहा था। उसको शक था कि बच्चा उसका नहीं है, लेकिन, महिला ये बात नहीं मान रही थी। इसके बाद प्रेमी ने फिल्म दृश्यम की तरह प्रेमिका को मारकर निर्माणाधीन लाइब्रेरी में दफन कर दिया। फिर पूरी रात वहीं पर सोता रहा, जिससे किसी को शक न हो। पुलिस ने प्रेमी को बिहार के चंपारण से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसको जेल भेज दिया गया। मामला शोहरतगढ़ नगर पंचायत का है। कमरे की फर्श खोदकर महिला का शव निकाला गया, बॉडी करीब 7 दिन पुरानी बताई जा रही है। महिला के चेहरे और हाथ-पैर का मांस गल चुका था। मसूड़े बाहर आ गए थे। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल सीमेंट के चक्के को बरामद कर लिया गया है। महिला नींबू शादीशुदा थी,वह बिहार में रहती थी। लेकिन, वह करीब 8 महीने से वह अपने पति से अलग रह रही थी। उसका एक बच्चा भी है, जो अपने पिता के पास रहता है। पति से अलग होने के बाद नींबू मलिक अपने प्रेमी शिव बालक के साथ बिहार से सिद्धार्थनगर आ गई थी।

### ठेकेदार समेत 52 पर केस

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** कलक्ट्रेट की नई बिल्डिंग के निर्माण में लगे मजदूरों व अधिवक्ताओं के बीच मारपीट व हंगामे के मामले में पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया। जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के महामंत्री चंद्र प्रकाश मिश्रा की तहरीर पर जानलेवा हमले, धमकी, लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। बताते चलें वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार आला वीरा बैंकटा नारायण, सचिन यादव ने अपने 50 अन्य मजदूरों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। उस दौरान मजदूरों के हाथ में लोहे के राड और सचिन यादव के हाथ में रिवाल्वर था। इसमें कार्यदायी संस्था वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार आला वीरा बैंकटा नारायण, सचिन यादव समेत 50 अन्य मजदूरों को आरोपी बनाया गया है। महामंत्री चंद्र प्रकाश मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कार्यदायी संस्था वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कलक्ट्रेट की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों ने बीते एक अगस्त को रजिस्ट्री कार्यालय तक आने-जाने के रास्ते को जबरन बंद कर दिया गया। आरोप है कि अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया तो वेनसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार आला वीरा बैंकटा नारायण, सचिन यादव ने अपने 50 अन्य मजदूरों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। उस दौरान मजदूरों के हाथ में लोहे के राड और सचिन यादव के हाथ में रिवाल्वर था। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पूरे कलक्ट्रेट परिसर में घूम-घूमकर अधिवक्ताओं से गालीगलौज की गई। उपद्रवियों के डर से एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय तख्त के नीचे छिप गए। यहीं नहीं कार्यदायी संस्था के मजूदरों ने वाहनों में तोड़फोड़ भी की। जानकारी के बाद जब वह (महामंत्री) बीचबचाव करने पहुंचे तो उनपर भी जानलेवा हमला करते हुए गले से सोने की चेन लूट ली। साथी अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव किया। महामंत्री ने बताया कि कार्यदायी संस्था की ओर से अपर जिलाधिकारी, उपसंचालक चकबंदी, सीआरओ न्यायालय व राजस्व अभिलेखागार और रजिस्ट्री कार्यालय आने-जाने के रास्ते को जबरन बंद कर दिया था। इस संबंध में जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीते 19 जुलाई को जिलाधिकारी को पत्र देकर रास्ता खुलवाने की मांग की थी। इस पर जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी नगर ने 20 व 23 जुलाई को को मौका मुआयना कर रास्ता खुलवा दिया था। इसके बाद भी संस्था की ओर से दोबारा रास्ता बंद कर दिया गया था। तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ पीड़ितों में बांटे गए लंच पैकेट



**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के शहनाई कंस्ट्रक्शन के सदस्यों ने बाढ़ पीड़ितों में लंच पैकेट बितरण किये। चुनार क्षेत्र में गंगा का रौद्र रूप ग्रामीण इलाकों में विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों को घरों में पानी पहुंचने लगा बाढ़ का पानी पहुंचने से बाढ़ पीड़ितों के सामने खाने की समस्या उत्पन्न होने लगी ईसी को देखते हुए शकतेशगढ़ क्षेत्र के समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फछोटू पटेल ने बाढ़ पीड़ितों में शहनाई कंस्ट्रक्शन की तरफ से लंच पैकेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी जब तक गंगा का जलस्तर कम नहीं हो जाता तब तक यह अभियान ऐसे ही चलता रहेगा इसके अलावा शहनाई कंस्ट्रक्शन के सभी सदस्य गांव-गांव में जाकर लंच पैकेट वितरण कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित गांव हरसिंहपुर, सिखड़, खैरा, अदलपुरा, बगहा, शेरपुर, रैपुरिया लगभग 2 दर्जन से ज्यादा गांव में लाई चना लंच पैकेट खाने का सामान बाढ़ पीड़ितों में दिया जा रहा है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। शहनाई कंस्ट्रक्शन के अजय कुमार सिंह मनीष सिंह ने खुद गांव में जाकर बाढ़ पीड़ितों में लंच पैकेट वितरण किया। उन्होंने कहा कि जब तक बाढ़ का पानी गांव से खत्म नहीं हो जाता तब तक यह अभियान चलता रहेगा।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग में एमआरडी इण्टर कालेज फरेंदा अव्वल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनता इंटर कॉलेज पुरंदरपुर में मंगलवार को 69वीं जनपद स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य फरेंदा लाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में जनता इंटर कॉलेज के राज जायसवाल प्रथम, आशीष द्वितीय व शिवम तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में मोती राम द्विवेदी जनता इंटर कॉलेज फरेंदा के आशीष जायसवाल प्रथम, अंश शुक्ला द्वितीय व आयुष गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर बालक वर्ग में जनता इंटर कॉलेज पुरंदरपुर अनोज प्रथम, एमआरडी के विनय चौरसिया द्वितीय व विशाल पुरंदरपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में एमआरडी फरेंदा की निरमा साहनी प्रथम, परी जनता इंटर कॉलेज पुरंदरपुर द्वितीय व प्रियंका ने तृतीय स्थान हासिल किया।

जूनियर बालिका वर्ग में मीना भारती प्रथम, जूली द्वितीय व नेहा तीसरे स्थान पर रहीं।

सीनियर बालिका वर्ग में एमआरडी फरेंदा की श्रेया भारती प्रथम, रिमझिम द्वितीय व वेदना तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य लालसिंह ने कहा कि तीरंदाजी प्राचीन खेल है, जिससे छात्रों के प्रतिभा का विकास होता है। इस दौरान प्रकाश यादव, गणेश कुमार गौरव, राहुल पासवान, अभिषेक बाजपेयी, आनंद कुमार सिंह, वीरेंद्र वर्मा, क्रांति यादव, मनोज, दुर्गा शर्मा मौजूद रहे।

### उपचार के दौरान बालक की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी एक बालक की बुधवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी नंद लाल विश्वकर्मा का 9 वर्षीय पुत्र शिवम अपने माता सुदेवी के साथ प्रयागराज रहता था। एक सप्ताह से बुखार की चपेट में आकर बीमार चल रहा था। बुधवार की सुबह अचानक पेट में दर्द उठा बालक के माता द्वारा बालक को उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय मिर्ज़ापुर में भर्ती कराया गया। जहां पर बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर बालक के परिजनों में कोहराम मच गया। रोने बिलखने लगे शव को एम्बुलेंस सेवा वाहन से हलिया थाने पर लेकर आए लेकिन पुलिस द्वारा बालक के परिजनों को समझा बुझाकर वापस भेज दिया। परिजनों द्वारा बालक के शव को अंतिम संस्कार करने के लिए लेकर चले गए है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की बालक की उपचार के दौरान मौत होने पर परिजनों द्वारा शव को लेकर आए थे पोस्टमार्टम कराना चाहते थे लेकिन घटना स्थल मंडलीय चिकित्सालय होने से उनको संबंधित थाने में सम्पर्क करने का निर्देश दिया गया है।

# सिद्धार्थनगर विश्वविद्यालय व परमेश्वर सिंह पीजी कालेज के तत्वावधान में गोष्ठी सम्पन्न

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर एवं परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चुनौतियां एवं संभावनाएं शीर्षक पर आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक भारतीय नाम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार राय (सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश) ने बताया कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मातृभाषा में शिक्षा प्रदान की जाए शिक्षा गुणवत्ता पूर्ण हो एवं रोजगार परख हो इसके विकास के लिए कौशल विकास अनुशासनहीनता को समाप्त करने हेतु नैतिक शिक्षा उन्होंने आगे कहा कि इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में अनेक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है जिसमें प्रमुख आर्थिक संसाधनों की कमी शिक्षकों की कमी छात्र उपस्थित में कमी जैसी अनेक समस्याएं आ रही हैं जिन्हें संगठन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर उस्मान (किसान पीजी कॉलेज बहराइच) ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में समानता, पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करना था। नई शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा नीति है जिसे भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। सन 1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में यह पहला बड़ा परिवर्तन है।

विशिष्ट अतिथि डां. हरि प्रकाश शर्मा ने बताया कि संस्थान यह प्रयास कर रही है कि इसे लागू करने में जो समस्याएं आ रही हैं उसे किस प्रकार समस्या निदान कर प्रभावित ढंग से लागू किया जाए बातें बताएं कॉलेज प्राचार्य जी ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप जो भी जनजागरूक अभियान होते हैं, उसमें कॉलेज बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है।

उसी में यह कार्यक्रम भी सम्मिलित है, कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग अध्यक्ष डॉ.यशवंत सिंह ने किया।

### कृषि कार्यशाला में शामिल होंगे राज्यसभा सांसद

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित शिव मैरिज लान में दस अगस्त को गिरिजापुर सेवा समिति व धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के संयुक्त मार्गदर्शन में कृषि के माध्यम से भारत का परिवर्तन विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजयसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि एलजी अग्रवाल अध्यक्ष धानुका एग्रीटेक लिमिटेड व विधायक मड़ीहान रमाशंकर पटेल व जिला सहकारी अध्यक्ष जगदीश पटेल रहेंगे कार्यशाला में हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों से कुल एक हजार अन्नदाता प्रतिभाग करेंगे। कृषि के लिए उपयोगी तकनीकी आदि के विषय में कृषि वैज्ञानिक द्वारा विषय भारत का परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में जिले स्तर के अधिकारी भी प्रतिभाग किया जायेगा। इस आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने दी है।

# गंगा बाढ़ से घिरा राजकीय महाविद्यालय चुनार



- प्राचार्या ने महाविद्यालय को बंद करने की दी आदेश

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार के संपर्क मार्गो पर बाढ़ का पानी आ जाने से रास्ता अवरुद्ध हो गया है।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ0 माधवी शुक्ला ने बताया कि विद्यार्थियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जब तक गंगा बाढ़ का पानी कम न हो जाए तब तक महाविद्यालय को बंद कर दिया गया है।

विद्यार्थियों का पठन-पाठन प्रभावित न हो, इसके लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। स्नातकोत्तर (कला, सामाजिक एवं विज्ञान संकाय) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के बेव साइट समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य कर दें। महाविद्यालय खुलने पर प्रवेश की प्रकिया प्रारम्भ की जायेगी।

# नॉमिनी पत्नी को मिला डेथक्लेम का भुगतान अभिकर्ता का लोग कर रहे सराहना

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता एवं आर्थिक सलाहकार रघुबर प्रसाद मौर्य ने मानवीय संवेदना और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक दिवंगत पॉलिसीधारक के परिजनों को तेरहीं से पहले बीमा राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया। जिससे अन्य पॉलिसी धारकों में गहरा विश्वास बढ़ा है। जानकारी के अनुसार हाल ही में 27 जुलाई को पॉलिसीधारक गंगाराम पटेल खजुरी, लालगंज का असामयिक निधन हो गया था। जिनका बीमाधन एक लाख बीस हजार रुपए का अनवरत जारी था। सामान्य प्रक्रिया में बीमा क्लेम में समय लगता है, लेकिन रघुबर प्रसाद मौर्य ने दसवां के दिन ही सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण कर ली। उनके त्वरित प्रयासों के फ्लस्वरूप नॉमिनी मालती देवी को रुपए दो लाख दो हजार तीन सौ चौतिस रूपये की बीमा धनराशि का भुगतान, शाखा प्रबंधक एस.पी. राजन एवं विकास अधिकारी राघवेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में, पिड़ित परिवार के घर पहुँचकर भुगतान बाउचर देकर किया गया। इस त्वरित भुगतान की प्रक्रिया शाखा प्रबंधक एसपी राजन के निर्देशन में क्लेम इंचार्ज प्रीति कपूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने क्लेम से संबंधित समस्त दस्तावेजों का गहन निरीक्षण कर उसी दिन निस्तारण कर, एक दिन के भीतर भुगतान की अनुमति प्रदान की। उनके इस सक्रिय प्रयास से ग्राहकों में निगम के प्रति विश्वास और अधिक गहराया है। परिवार ने एलआईसी टीम के प्रति गहरा आभार जताया और कहा कि त्वरित आर्थिक सहायता से उन्हें कठिन समय में मानसिक राहत मिली। यह पहल न सिर्फ एलआईसी की पारदर्शिता और तत्परता को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि एक समर्पित अभिकर्ता समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी किस संवेदनशीलता से निभा सकता है।

इस मौके पर शाखा प्रबंधक विक्रय अजीत यादव, राजकुमार सिंह, संजय पटेल, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### पागल कुत्ते ने बाढ़ प्रभावित लोगों को काट कर किया जख्मी

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गोविंदपुर, धरमरपुर और बगही गांव में बुधवार को बाढ़ से प्रभावित गांवों में एक पागल कुत्ते ने 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में बच्चे, महिलाएं और वृद्ध भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर अपना दल (एस) के किला जोन अध्यक्ष आलोक पटेल घायलों का प्राथमिक उपचार चुनार चेचरी मोड़ स्थित सीएचसी पर करवाया। गंभीर रूप से घायल 9 लोगों को मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर रेफ़र किया गया।

धरम्मरपुर के रामशरण सिंह, अजय सिंह, श्रीराम गुप्ता, रवि प्रकाश, रामवृक्ष पटेल तथा विजय सिंह, गोविंदपुर गांव की वंदना सिंह, रितिका, सत्यम, झगड़ू सिंह व बच्चे लाल तथा बगहीं गांव के बंगाली सिंह को कुत्ते के काट कर जख्मी कर दिया जिसके बाद सभी को अस्पताल लाया गया। जिसमें से गंभीर रूप से घायल नौ लोगों को बेहतर उपचार व एंटी रेबीज सिरम के लिए मंडलीय अस्पताल रेफ़र किया गया। घायलों ने बताया कि बाढ़ के पानी के कारण जानवर बौखलाए हुए हैं जिससे उनका व्यवहार भी आक्रामक हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन को ऐसे हालात पर भी ध्यान देना चाहिए।

# मण्डलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चुनार तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण

- वितरण किए जाने वाले लंच पैकेट की गुणवत्ता का किया निरीक्षण-नावों की संख्या बढ़ाकर पात्र प्रभावित लोगो में ससमय वितरण करने का दिया निर्देश

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र चुनार तहसील अन्तर्गत ग्राम बेला में पहुंचकर राहत कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बेला गांव से बगही की तरफजाने वाले मार्ग में भरे पानी के उस पार बगही सहित 12 ग्राम सभाओं में प्रभावित ऐसे लोगो को जो अपने घरो में है को दी जा रही राहत सामाग्री, लंच पैकेट, ड्राई फूड, मेडिकल एवं पशुओं के लिए चारा, जीवन रक्षक दवाएं, टीकाकरण आदि के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर गांव के प्रभावित लोगो के लिए नाव पर रखे लंच पैकेट को देखा तथा लंच लेकर खोलकर उसकी गुणवत्ता व पैकेट में दी जा रही सामाग्रियों का निरीक्षण किया। जिसमें 07 पुड़ी, सब्जी, मिठाई रखे गए थें। मण्डलायुक्त ने कहा कि पूड़ियों की संख्या बढ़ा दी जाए ताकि लोगो को पर्याप्त भोजन मिल सकें। उन्होंने कहा कि राहत वितरण में पारदर्शिता और नियमितता बनी रहनी चाहिए, और कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहने पाए। मण्डलायुक्त ने किसानों की बाढ़ से नष्ट फसलों के संबंध में बीमा कंपनियों से तत्काल समन्वय स्थापित कर किसानों के फसल क्षति का समुचित मुआवजा दिलवाना सुनिश्चित करने के लिए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का व्यापक सर्वे कराया जाए और उसकी रिपोर्ट के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में गश्त व निगरानी बढ़ाएं, ताकि राहत कार्यों में कोई व्यवधान न आए। जिलाधिकारी पवन गंगवार ने मण्डलायुक्त को बताया कि प्रशासन द्वारा राहत शिविरों और प्रभावित गांवों में भोजन, पानी, चिकित्सा, स्वच्छता और पशुओं के चारे की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने ग्रामीणो से अपील की है कि वे किसी अफ़्वाह में न आएं और जरूरत पड़ने पर तुरंत स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें। यह भी कहा कि कोई व्यक्ति पानी में स्नान व आदि कार्य हेतु न जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा। क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, प्रभारी तहसीलदार संजय सिंह सहित अन्य राजस्वकर्मी उपस्थित रहें।